
## न्यूज़ ब्रीफ

### तमिलनाडु में मालगाड़ी पटरी से उतरी, 18 बोगियां जलकर खाक



**तिरुवल्लूर (अप्रस)।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन के पास रविवार को मनाली से जोलारपेट होते हुए कर्नाटक जा रही एक डीजल मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इसके बाद शुरुआत में पांच बोगियों में आग लगी, लेकिन कुछ ही देर में 18 बोगियां आग की चपेट में आ गईं। जिला कलेक्टर एम प्रताप ने बताया कि 40 बोगियों को जलती हुई ट्रेन से अलग कर लिया गया है। वहीं, रेलवे स्टेशन के आसपास रहने वाले लोगों को निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचाया गया। फायर ब्रिगेड की कई टीमें बुलाई गईं। दोपहर तक मिली जानकारी के मुताबिक 10 गाड़ियों की मदद से आग पर लगभग काबू पा लिया गया है। इधर, रेलवे और पुलिस घटना वाली जगह से 100 मीटर दूर पटरी पर मिली दरार की भी जांच कर रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर के नेताओं को नज़रबंद किया

**श्रीनगर, 13 जुलाई (अप्रस)।** जम्मू-कश्मीर में सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस समेत कई नेताओं को रविवार को नजरबंद कर दिया गया। ये लोग वर्ष1931 में तत्कालीन शासन के खिलाफ हुए एक विरोध प्रदर्शन में मारे गए 22 लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए वहां जाना चाहते थे। प्रशासन ने नौहट्टा क्षेत्र में बने कब्रिस्तान मज़ार-ए-शोहदा की ओर जाने वाले सभी रास्तों को सीलकर दिया और कई संवेदनशील इलाकों में पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों की भारी टुकड़ियां तैनात कर दीं। श्रीनगर जिला प्रशासन ने शनिवार शाम राजनीतिक दलों को वहां जाने की अनुमति देने से मना करते हुए आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रतिबंधों की निंदा करते हुए इसे पूरी तरह से अलोकतांत्रिक बताया। अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अलोकतांत्रिक कदम उठाते हुए लोगों को घरों में बंद कर दिया गया है। जिससे कि लोग ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण कब्रिस्तान में नहीं जा सकें। यहां उनकी कब्रें हैं जिन्होंने कश्मीरियों को आवाज़ देने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए जान दे दी।




#### चुनाव आयोग का बड़ा कदम: आयोग ने सभी राज्यों को भेजी चिट्ठी

# पूरे देश में जांची जाएगी वोटर लिस्ट

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** बिहार में चुनाव आयोग ने हाल ही में मतदाता सूची का 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईटार) शुरू किया है, जिसे लेकर काफी विवाद खड़ा हो गया है। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है। लेकिन इसी बीच आयोग ने एक बड़ा कदम उठाते हुए देश के बाकी सभी राज्यों को भी ऐसी ही तैयारी करने का निर्देश दे दिया है। आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र भेजकर कहा है कि वे 1 जनवरी 2026 को आधार बनाकर मतदाता सूचियों को दोबारा खंगालने की तैयारी शुरू करें। यानी उस दिन तक 18 साल के हो चुके सभी नागरिकों का नाम वोटर लिस्ट में होना चाहिए। हालांकि, इस पूरे अभियान की टाइमलाइन अभी तय नहीं हुई है। आयोग का ये फैसला सुप्रीम कोर्ट के 10 जुलाई को बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को जारी रखने की परमिशन पर आया। कोर्ट ने इसे संवैधानिक बताया था।

बिहार में 2003 की मतदाता सूची को 'प्रमाणिक आधार' मानते हुए आयोग ने तय किया है कि उस सूची में जिनका नाम था, उन्हें ही असल भारतीय नागरिक माना जाएगा। बाकी सभी को अपनी नागरिकता और उम्र साबित करनी होगी, भले ही उन्होंने कई चुनावों में वोट डाला हो। जिन लोगों का नाम 2003 के बाद लिस्ट में जोड़ा गया, उन्हें भी दोबारा दस्तावेज देकर साबित करना होगा कि वे भारतीय नागरिक हैं। इससे करीब 2.93 करोड़ लोगों पर असर पड़ सकता है।



### अभियान से लोगों में डर

इस पूरे अभियान को लेकर सबसे ज़्यादा डर हाशिए पर जी रहे लोगों में है। ईबीसी, दलित, मुसलमान और गरीब तबके के लोग डरे हुए हैं कि कहीं उनका नाम ही न कट जाए। कुछ इसे 'पीछे से लाया गया एनआरसी' कह रहे हैं। मतलब बिना सीधे कहे नागरिकता की जांच की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में इस प्रक्रिया को रोकने से तो मना कर दिया, लेकिन चिंता जताई कि कहीं चुनाव से पहले किसी का नाम लिस्ट से हट गया, तो उसका वोट देने का अधिकार ही छिन जाएगा। कोर्ट ने आयोग को सुझाव दिया कि दस्तावेज़ी प्रक्रिया को आसान बनाया जाए।

### ज्यादातर लोगों के पास सिर्फ आधार, राशन कार्ड और वोटर आईडी

अब तक वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए 11 तरह के दस्तावेज मांगे जा रहे थे। इनमें आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल सर्टिफिकेट, जाति प्रमाण पत्र और कुछ सरकारी पहचान पत्र शामिल थे। लेकिन जमीनी हकीकत ये है कि ज्यादातर लोगों के पास सिर्फ आधार, राशन कार्ड और वोटर आईडी ही हैं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की सलाह पर अब आयोग ने तीन दस्तावेज ङ्क आधार, वोटर आईडी और राशन कार्ड ङ्क को भी शामिल करने पर विचार किया है। ये दस्तावेज ज्यादातर लोगों के पास हैं, खासकर बिहार जैसे राज्यों में।

### बिहार की वोटर लिस्ट में नेपाल-बांग्लादेश के लोग

बिहार में वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन का काम जारी है। इस दौरान चुनाव आयोग (ईसी) के अधिकारियों का दावा है कि बिहार में बड़ी तादाद में विदेशी हैं। ईसी अफसरों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि हमने मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए घर-घर जाकर दौरे किए। इस दौरान हमें नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार से आए लोग बड़ी संख्या में मिले हैं। ईसी अफसरों के मुताबिक 1 अगस्त के बाद ऐसे लोगों की जांच होगी। 30 सितंबर को पब्लिश होने वाली आखिरी मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे। वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन का काम 24 जून को शुरू हुआ था और 25 जुलाई, 2025 तक गणना फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख है। मतदाता गणना फॉर्म जमा करने का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के लिए चार सदस्यों को किया नॉमिनेट



उज्जवल निकम | हर्षवर्धनश्रृंगला | डॉ. मीनाक्षी जैन | सी. सदानंद मास्टर

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के लिए 4 सदस्यों को नॉमिनेट किया है। इनमें पूर्व सरकारी वकील और लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार रहे उज्ज्वल निकम शामिल हैं। निकम, 26/11 के मुंबई हमला समेत कई हाई-प्रोफाइल मामलों में पब्लिक प्रॉसिक्यूटर रहे हैं। इनके अलावा, केरल के वरिष्ठ समाजसेवी और शिक्षाविद सी. सदानंदन मास्टर, भारत के पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और इतिहासकार एवं शिक्षाविद मीनाक्षी जैन भी राज्यसभा जाएंगी। ये नियुक्तियां उन सीटों के लिए की गई हैं, जो पहले के नामित सदस्यों के सेवानिवृत्त होने से खाली हुई थीं।

**राष्ट्रपति को है 12 सदस्य नॉमिनेट करने का अधिकार:** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 80(3) के तहत, राष्ट्रपति को राज्यसभा में 12 सदस्यों को नॉमिनेट करने का अधिकार है। ये सदस्य कला, साहित्य, विज्ञान, सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में विशेष योगदान के लिए चुने जाते हैं। वर्तमान में राज्यसभा की कुल सदस्य संख्या 245 है, जिसमें 233 निर्वाचित और 12 नामांकित सदस्य शामिल हैं।

### पीएम मोदी ने दी बधाई

पीएम मोदी ने सर्वश्री उज्जवल निकम, हर्षवर्धन श्रृंगला, सी सदानन्द मास्टर और डॉ. मीनाक्षी जैन का राज्यसभा के लिए मनोनयन का स्वागत करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में इन हस्तियों के सार्वजनिक जीवन में योगदान का उल्लेख करते हुए संसद में उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

#### ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी संग दौड़ा कैथल

## युवा हैं देश का भविष्य, युवा स्वस्थ होगा तो समाज प्रदेश और देश करेगा तरक्की: सीएम नायब सैनी

कहा- सीईटी के लिए दूसरे जिलों में जाने वाली लड़कियों को मिलेगी ट्रांसपोर्ट सुविधा

अर्थ प्रकाश/ ओमप्रकाश

**कैथल, 13 जुलाई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि करीब साढ़े 10 वर्षों से नशे की समस्या के खिलाफ हमारे युवा पूरे हरियाणा प्रदेश में एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। पिछले दिनों पूरे हरियाणा में नशे के खिलाफ साइक्लोथॉन यात्रा निकाली गई, जिसमें करीब साढ़े 7 लाख से ज्यादा युवाओं ने भाग लिया। साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशा समाप्त होगा तो हमारा युवा स्वस्थ होगा और समाज, प्रदेश और देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का विजन है, जिसे पूरा करने में युवाओं का अहम योगदान रहेगा। सीएम नायब सैनी रविवार सुबह कैथल में अंबाला रोड पर आयोजित हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाने से पूर्व हजारों की संख्या में इस आयोजन में भाग ले रहे प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। हॉफ मैराथन के ब्रांड एंबेसडर पैरालम्पिक पदक विजेता हरविंदर सिंह व पर्वतारोही रीना भट्टी ने भी हाफ मैराथन में भाग लिया। सीएम ने हाफ मैराथन में भाग ले रहे युवाओं पर पुष्प वर्षा भी की। मुख्यमंत्री ने स्वयं भी दौड़ लगाकर युवाओं को स्वस्थ रहने व नशे के खिलाफ एकजुट होने के लिए प्रेरित किया, ताकि प्रदेश को पूरी तरह से नशा मुक्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में भाग ले रहे हजारों की संख्या में स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, खिलाड़ी, पुलिस के जवान, स्वयंसेवकों को देखकर उन्हें विश्वास है कि हरियाणा को नशा मुक्त करने का हमारा सपना अवश्य साकार होगा। डीसी प्रीति व एसपी आस्था मोदी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने रास्ते में लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने आयोजन स्थल पर पहुंच कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उधर सीएम ने प्रेस वार्ता में बोलते हुए कहा कि 26 और 27 तारीख को होने वाली सीईटी की परीक्षा में एक जिले से दूसरे जिले में जाने वाली लड़कियों को प्रदेश में ट्रांसपोर्ट की सुविधा की जाएगी। इस अवसर पर विधायक सतपाल जांबा, जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योति सैनी, भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक कुमार गुर्जर, जिला भाजपा प्रभारी अमरपाल राणा, पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व विधायक लीला राम, कुलवंत बाजीगर, जिला परिषद के चेयरमैन कर्मबीर कौल, नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत, पूर्व चेयरमैन अरूण सर्राफ, पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़, युवा भाजपा नेता तुषार ढांडा, मुखयमंत्री के विशेष कार्यकारी अधिकारी पंकज नैन, डीसी प्रीति, एसपी आस्था मोदी, जिप सीईओ सुरेश राविश, डीएमसी सुशील कुमार, एसडीएम अजय सिंह, अमरजीत छाबड़ा, पंखुड़ी गुप्ता, सुरेश संधु, आदित्य भारद्वाज, हरपाल शर्मा, अजीत चहल, मीडिया प्रभारी हिमांशु गोयल, सोशल मीडिया प्रभारी रविन्द्र धीमान, भीमसेन अग्रवाल आदि मौजूद रहें।



कैथल मैराथन को झंडी देकर रवाना करते हुए सीएम नायब सैनी व उपस्थित अशोक गुर्जर, कलमेश ढांडा, लीलाराम गुर्जर व अन्य।

### हरियाणवी गीत, देशी खान-पान रहा आकर्षण का केंद्र

आयोजन स्थल पर मंच सहित रूट पर विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों से आए बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से छटा बिखेर दी। वहीं किसानों ने प्रगतिशील खेती अपना कर देसी खान-पान को महत्व देते हुए बनाए गए पकवानों का प्रदर्शन किया। सीएम ने कई जगह रूक कर युवाओं का हौसला बढ़ाया। इंग्लिश चैनल दौड़ कर पार करने वाले एडीसी दीपक बाबू लाल, एसडीएम कैप्टन परमेश ने भी 21 किलोमीटर की दौड़ लगाई तो सीएम ने उन्हें सम्मानित किया। इसी प्रकार राजकीय कॉलेज के प्रिंसिपल डा. मनोज कुमार भाम्बू ने भी 5 किलोमीटर की रेस क्वालिफाइ की।

### विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

सीएम नायब सैनी ने हॉफ मैराथन में विजेता रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया। दस किलोमीटर की दौड़ में पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान पर प्रकाश, द्वितीय स्थान पर मोहित तथा तृतीय स्थान पर रोहित वर्मा रहे। वहीं महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर अंजली देवी, द्वितीय स्थान पर सुनीता, तृतीय स्थान पर बबिता रही। मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें एक लाख रुपये, 75 हजार रुपये, 50 हजार रुपये के चैक व मैडल पहनाकर सम्मानित किया। वहीं 21 किलोमीटर की दौड़ में पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान पर नितेश कुमार, द्वितीय स्थान पर विकास, तृतीय स्थान पर मुकेश कुमार रहे। महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर सोनिका, द्वितीय स्थान पर अंकिता बेन, तृतीय स्थान पर नीता रानी रही। मुख्यमंत्री द्वारा प्रथम विजेता को 1 लाख 21 हजार, द्वितीय को 1 लाख तथा तृतीय विजेता को 75 हजार रुपये के चैक व मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

## पंजाब के प्रत्येक गांव में बनाए जाएंगे अत्याधुनिक स्टेडियम: सीएम मान

पहले चरण के तहत 3,083 स्टेडियमों का निर्माण कार्य प्रगति पर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 जुलाई।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को घोषणा की कि राज्य सरकार जल्द ही पूरे पंजाब में 13,000 अत्याधुनिक स्टेडियमों का निर्माण शुरू करेगी, जिनमें से पहले चरण के तहत 3,083 स्टेडियमों का निर्माण कार्य पहले ही चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कहावत सभी जानते हैं कि खाली दिमाग शैतान का घर होता है, इसलिए राज्य सरकार द्वारा पंजाब के युवाओं की असीम ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने के लिए खेलों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसका उद्देश्य राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और युवाओं को नशे की लत से दूर रखना है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ये स्टेडियम पूरे राज्य में, खासकर गांव स्तर पर खेल भावना को प्रोत्साहित करने में अधिक सहायक होंगे।

मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस और अकाली-भाजपा सरकारों ने खेल के बुनियादी ढांचे के विकास या युवाओं के रोजगार पर कोई ध्यान नहीं दिया, जिसके परिणामस्वरूप पूरे राज्य में नशे का कारोबार बिना किसी रोक-टोक के इतने बड़े पैमाने पर फैल गया और पंजाब के कई युवा नशे के आदी हो गए। भगवंत सिंह मान ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार द्वारा शुरू की गई नशा विरोधी मुहिम के कारण राज्य की स्थिति अब दिन-ब-दिन बदल रही है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ दिया गया है और नशे के आदी अधिकांश युवा नशा छोड़ने और पुनर्वास के लिए इलाज करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मुहिम का उद्देश्य पंजाब के युवाओं को नशे के दलदल से निकालकर उन्हें राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास में भागीदार बनाना है। भगवंत सिंह मान ने नशे के नेटवर्क को खत्म करने में शानदार कार्य के लिए पंजाब पुलिस की जमकर सराहना की और कहा कि पिछली सरकारें इस समस्या को गंभीरता से हल करने में पूरी तरह विफल रही हैं। शेष पेज-2 पर

## हिमाचल के सात जिलों में बारिश, मंडी में लैंडस्लाइड, एनएच समेत 250 सड़कें बंद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला। हिमाचल प्रदेश के 7 जिलों में सुबह से रुक-रुककर बारिश हो रही है। जिसमें शिमला, मंडी, सोलन, हमीरपुर, कुल्लू, ऊना और सिरमौर शामिल है। वहीं मंडी जिला के सिराज में आज लैंडस्लाइड हुआ। सराज के धरवार थाच में भारी लैंडस्लाइड कई पेड़ गिर गए और रास्ता बंद हो गया है। सबसे ज्यादा बारिश मंडी जिले के मुरारी देवी क्षेत्र में दर्ज की गई। यहां करीब 130 मिमी बारिश हुई। हमीरपुर के आघर में लगभग 100 मिमी, कुल्लू के कोठी में करीब 60 मिमी बारिश दर्ज की गई। पनडोह में लगभग 80 मिमी, मंडी शहर में 53 मिमी, कुल्लू के भुंझर में 48 मिमी, सराहन में 35 मिमी, सुंदरनगर में 30 मिमी, मनाली में 23 मिमी, कांगड़ा में 17 मिमी, नारकंडा में 12 मिमी, ऊना में 10 मिमी बारिश हुई। बिलासपुर और धर्मशाला में भी हल्की बारिश दर्ज की गई।

मौसम विभाग ने आईएमडी के अनुसार प्रदेश भर में एक हफ्ते लगातार बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि 18 जुलाई तक प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी। पांच दिनों में कुछ स्थानों पर एक या दो बार भारी वर्षा हो सकती है। इसके लिए फिलहाल मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया हुआ है।



मौसम विभाग ने प्रदेश के 4 जिलों के बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसमें मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर शामिल हैं । इन जिलों में हल्की से मध्यम तेज गति की बारिश हो रही है। वहीं प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी हल्की बारिश हो जारी है।


चंडीगढ़ के सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
पंडित वी.एन. शास्त्री जी

सिर्फ जन्म पत्रिका से जानिए - विदेश यात्रा के योग, कर्ज से मुक्ति के उपाय, ग्रहों के प्रभाव से ही इंसान राजा से रंक और रंक से राजा बनता है जानिए आपकी कुंडली में ग्रह किस स्थिति में है।

विवाह कब होगा और वैवाहिक जीवन कैसा रहेगा। आपके बच्चे का भविष्य किस क्षेत्र में उज्जवल होगा, गंडमूल नक्षत्र, काल सर्प दोष, मंगल दोष या शनि साढ़ेसाती है या नहीं सबका समाधान कुंडली से ही संभव है। दशा-महादशा और ग्रहों के प्रभाव को समझ कर सही समय पर उचित उपाय करें और अपने भाग्य को मजबूत बनाएं।

संपर्क करें या व्यक्तिगत रूप से मिलें।

मकान नंबर 459, फर्स्ट फ्लोर, सेक्टर 20 ए, नजदीक डिस्पेंसरी, मेन रोड चंडीगढ़ | मकान नंबर 3648, कपूर चौक खरड़ (मिलें बुधवार, गुरुवार)

कृपया फोन पर समय लेकर मिलें
समय: सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक
8427845572



AADHARSHILA
IIT-JEE / NEET / FOUNDATION

AADHARSHILA
Coaching Classes From Class 5th to 12th
SCO. 27-C,28-C, Bella Homes, Mubarikpur Road, Dera Bassi, Punjab -140201

5th to 7th Maths, Science, English. SST. | 8th to 10th Maths, Science, English, SST | 11th to 12th Science & Commerce

Special Classes For Economics And Banking
ADMISSION OPEN
Study Cafe (Library) A Space For Peaceful Learning

Highlights
- Result Oriented Faculty
- Small Batches
- Individual Attention
- Regular Assignments
- Regular Parent Teacher Meeting
- Affordable Fee Structure
- A/C Class Room

Register Today and Get Free Admission Kit (Study Material, Bag and T-Shirt)

ASAT Aadharshila Scholarship Admission Test
Every Sunday | Enroll Today
Get upto 100% Scholarship For Class 5th to 11th

01762-449926 | 90567-23700

# लाखों रुपए गौ सैस वसूल करने के बावजूद नहीं किया जा रहा लावारिस पशुओं की समस्या का हल

शहर की सड़कों पर झुंड बनाकर घूमते लावारिस पशुओं से लोग परेशान, प्रशासन सोया कुम्भकर्णी नींद

लावारिस पशु बन रहे हैं हादसों का कारण, आने जाने वाले लोगों पर कर देते हैं हमला





अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 13 जुलाई।** शहर में आवारा पशुओं का आतंक प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।लावारिस पशुओं की भरमार लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। जिक्रयोग है लावारिस पशुओं की चपेट में आने से कई लोग घायल भी हो चुके है। जिसके बाद भी प्रशासन नहीं जागा है। लावारिस पशुओं की वजह से कई बार वाहन चालक सड़क दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। लोगों द्वारा पशुओं को बेवजह ही आवारा छोड़ दिया जाता है, जो सड़कों पर घूमते रहते हैं। यही नहीं कई सड़कों पर गाय और अन्य आवारा पशु बैठे रहते हैं जिसकी वजह से यातायात बाधित हो जाता है। लावारिस पशुओं के कारण हो रही घटनाओं से भी संज्ञान न लेते हुए ज़ीरकपुर में अधिकारियों ने लावारिस पशुओं को सड़कों से हटाने का काम नहीं किया है। लोगों का आरोप है कि यदि नगर कौंसिल के अधिकारी सड़कों से लावारिस पशुओं को हटाने का काम करते भी है तो महज खानापूर्ति कर अपना पल्ला झाड़ लेते है।

शहर में ढकोली, बलटाना, पीरमुछल्ला, पटियाला रोड, बिशनपुरा समेत वीआईपी रोड व अंबाला रोड समेत शहर की अधिकांश सड़कों पर लावारिस पशुओं का झुंड लोगों को परेशान करता है।

दरअसल शहर की सड़क पर घूम रहे लावारिस पशु और कुत्ते दुर्घटनाओं का कारण बनते जा रहे हैं। जिसको लेकर नगर कौंसिल द्वारा कोई योजना नही बनाई जा रही है। कौंसिल लावारिस पशुओं की वजह से होने वाले किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे है।

### गौ सैस देने के बावजूद भी लावारिस पशुओं की समस्या हुई विकराल

पंजाब में करीब 10 वर्ष पहले अकाली भाजपा सरकार ने लोगों पर गौ सेवा सैस के नाम पर स्टंप ड्यूटी, बिजली, शराब व पट्रोल-डीजल पर भारी टैक्स लगाया था। इस टैक्स से अब भी सरकार रोजाना लाखों-करोड़ों रुपये वसूल कर रही है। गायों के संरक्षण के नाम पर काफी साल से गो-संरक्षण सेस वसूल करने के बावजूद जीरकपुर शहर सहित लगभग पूरे प्रदेश में ही लावारिस पशुओं की समस्या जानलेवा बनी हुई है। इसके समाधान के लिए सरकारी स्तर पर कोई बड़े उपाय नहीं किये जा रहे। माना ये जाता है कि सरकार यह वसूली गौशालाओं के संचालन के लिए देती है। बावजूद इसके गोशालाओं के संचालन के लिए गोशाला संचालक शहर के लोगों के जनसहयोग से पैसा जुटा संचालित कर रहे है। अगर गौ सैस के नाम पर करोड़ों रुपए एकत्रित किया जा रहा है तो गौशालाओं के संचालकों की जिम्मेवारी है कि वे आवारा पशुओं को अपने यहां रखें। बावजूद इसके लावारिस पशु किसानों व आम राहगीरों के बड़ी समस्या बने हुए है। सरकार की ओर से गौ सैस वसूलने के बावजूद भी इन पशुओं के लिए कुछ नहीं किया जा रहा। सरकार पशुओं की संभाल के लिए लोगों टैक्स वसूल रही है सरकार की ओर से इन पशुओं की संभाल के लिए विशेष कदम उठाने चाहिए।

नगर परिषद जीरकपुर द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ कर गौशाला भेजने का अभियान निरंतर जारी है अगर फिर भी किसी क्षेत्र से कोई शिकायत आती है तो इस अभियान को और तेज किया जाएगा।
**जगजीत सिंह जज, कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद जीरकपुर।**

# युद्ध नशों विरुद्ध का 134वां दिन, 4.2 किलोग्राम हेरोइन सहित 113 नशा तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस टीमों ने 6 जिलों में 411 मेडिकल दुकानों की भी की जांच

'डी-एडिक्शन' अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने 81 व्यक्तियों को नशा छुड़वाने के लिए किया तैयार

अर्थ प्रकाश/अंकित जैन

**चंडीगढ़, 13 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार पंजाब में नशीले पदार्थों के पूर्ण उन्मूलन हेतु चलाए जा रहे अभियान "युद्ध नशों विरुद्ध" के अंतर्गत आज 134वें दिन भी कार्यवाही जारी रही। पंजाब पुलिस ने आज 113 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4.2 किलोग्राम हेरोइन, 500 ग्राम गांजा, 120 किलो भुक्की और 24,210 रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। इस प्रकार, अभियान के मात्र 134 दिनों में गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों की कुल संख्या 21,819 हो चुकी है।

यह विशेष ऑपरेशन पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देशों पर प्रदेश के सभी 28 जिलों में एक साथ चलाया गया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने हेतु ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया गया है।

विशेष डीजीपी (कानून-व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने जानकारी दी कि 84 गजेटेड अधिकारियों की निगरानी में 1200 से अधिक पुलिसकर्मियों वाली 180 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्यभर में 423 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान 93 एफआईआर दर्ज की गई और 453 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई।

उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य में नशे के खात्मे हेतु तीन-स्तरीय रणनीति - प्रवर्तन (इन्फोर्समेंट), नशामुक्ति (डी-एडिक्शन), और रोकथाम (प्रिवेंशन) को अपनाया गया है। इसी कड़ी में पुलिस ने आज 81 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास इलाज हेतु सहमत किया है।

इस दौरान बठिंडा, मानसा, बरनाला, पटियाला, संगरूर और एसएएस नगर समेत छह जिलों में पुलिस टीमों ने कुल 411 मेडिकल दुकानों की जांच की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं वे नशीली गोलियों या अन्य प्रतिबंधित पदार्थों की अवैध बिक्री तो नहीं कर रहे हैं तथा सभी औषधि बिक्री नियमों का पालन कर रहे हैं।

### दुकान के बाहर से सैंट्रो कार चोरी, अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज

**जीरकपुर, 13 जुलाई (अप्र/संदीप सिंह बावा)।** ज़ीरकपुर पुलिस ने मनीमाजरा (चंडीगढ़) निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर दुकान के बाहर खड़ी सैंट्रो कार चोरी करने के आरोप में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शिकायत में, शांति नगर, मनीमाजरा निवासी नरेश कुमार पुत्र किशोर चंद ने बताया कि वह अपनी सैंट्रो कार की मरम्मत करवाने ज़ीरकपुर आया था। लेकिन मैकेनिक न मिलने के कारण उसने अपनी सैंट्रो कार अपने भाई की दुकान के सामने खड़ी कर दी और खुद अपने भाई के साथ मनीमाजरा स्थित अपने घर चला गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब वह सुबह आया तो देखा कि दुकान के सामने से कार गायब थी। उसने इधर-उधर तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने नरेश कुमार की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ज़ीरकपुर के बलटाना क्षेत्र से दो नाबालिग बहनें लापता, अपहरण की आशंका

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 13 जुलाई।** बलटाना के एक इलाके से दो नाबालिग बहनों के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। दोनों किशोरियां 10 जुलाई की शाम लगभग 6 बजे घर से निकली थीं, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटीं। परिवार ने उन्हें आसपास काफी ढूंढा, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो मामला पुलिस के पास पहुंचाया गया।लड़कियों की मां ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि वह बलटाना स्थित एक किराए के मकान में परिवार सहित रहती हैं और घरेलू काम करती हैं। उनके कुल पांच बच्चे हैं, जिनमें से दो बेटियां पिछले दिन से लापता हैं। परिजनों को आशंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर या शादी का झांसा देकर दोनों को अपने साथ ले गया है।शिकायत के आधार पर बलटाना पुलिस चौकी ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ अपहरण की धाराओं बीएनएस 137(2) बीएनएस 96 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चौकी इंचार्ज गुरप्रीत सिंह ने बताया कि आसपास के इलाकों की छानबीन की जा रही है और संभावित ठिकानों पर दबिश भी दी जा रही है। पुलिस की एक टीम लापता किशोरियों की तलाश में जुटी हुई है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और परिवार के संपर्क में रहने वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

# वार्ड पार्षद ने बदलवाए टूटे हुए ढक्कन, बरसाती पानी की निकासी की लाइन की करवाई सफाई

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर, 13 जुलाई।** बरसात के मौसम को मध्य नजर रखते हुए वार्ड नंबर 27 में रोड के किनारे बनी हुई बरसाती पानी की निकासी वाली लाइन के ऊपर जो ढक्कन टूटे हुए थे उनको वार्ड पार्षद रेणु नेहरू द्वारा बदलवा दिया गया है। रेनू नेहरू ने बताया कि इन टूटे हुए ढक्कनों के कारण कभी भी हादसा होने का डर बना रहता था। रेनु नेहरू ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा खराब मटेरियल का इस्तेमाल करने के कारण तीसरी बार यह बरसाती पाइपलाइन के ढक्कन बदलवाए जा रहे हैं। वार्ड 27 की पार्षद द्वारा इस काम को करवाया जा रहा है। रेनू नेहरू ने बताया कि उनकी कोशिश है कि उनका वार्ड साफ सुथरा दिखाई दे इसके लिए वार्ड पार्षद ने सभी वार्ड वासियों से साथ देने की अपील की है कि अपने-अपने एरिया को साफ सुथरा रखें। इस दौरान पार्षद रेनू नेहरू ने जल्दी सफाई को लेकर एक मुहिम चलाने की भी बात कही,इसके लिए सभी वार्ड के लोगों का साथ चाहिए होगा। वार्ड पार्षद ने नगर परिषद जीरकपुर के सभी उच्च अधिकारियों से निवेदन किया है उनके वार्ड में सीमेंट वाले ढक्कन की जगह पर लोहे के ढक्कन लगाए जाएं ताकि यह ढक्कन बार-बार टूटे ना। मेंन रोड़ होने के कारण यहां पर भारी वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। इस दौरान बरसाती पानी की निकासी वाली लाइन की भी साफ सफाई करवाई गई जिसमें से कूड़ा करकट व गाद को बाहर निकल गया। वार्ड पार्षद ने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए यह साफ सफाई करवाई जा रही है ताकि बरसातों के समय बरसाती पानी की निकासी हो सके और वार्ड वासियों को किसी किस्म की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर सभी दुकानदार भाइयों ने वार्ड पार्षद का धन्यवाद किया और वार्ड पार्षद ने हमेशा वार्ड वासीयों के साथ के साथ खड़े रहने का वादा किया।

# जालंधर में युवक को गोली मार किया घायल

फिलहाल जख्मी की हालत गंभीर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जालंधर, 13 जुलाई।** जालंधर कमिश्नरेट पुलिस के थाना रामा मंडी के अंतर्गत कमल विहार में शनिवार रात एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया गया। युवक को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घायल युवक की पहचान बशीरपुरा, कमल विहार के मोहल्ला नारायण निवासी मनीष कुमार पुत्र विजय कुमार के रूप में हुई है। मनीष केबल ऑपरेटर का काम करता है। जानकारी के अनुसार शनिवार रात मनीष रेलवे लाइन के पास बैठा था, तभी वहां से गुजर रहे कुछ युवकों ने उसे गोली मार दी और मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही थाना रामा मंडी एसएचओ मनजिंदर सिंह पुलिस पार्टी के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

परिजनों का कहना है कि जिस जगह यह वारदात हुई, वह रेलवे पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आता है। ऐसे में आगे की कार्रवाई रेलवे पुलिस द्वारा की जाएगी। फिलहाल घायल मनीष की हालत गंभीर बनी है और उसका इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है।

# लुधियाना में 180 करोड़ के जीएसटी धोखाधड़ी का पर्दाफाश

## फर्जी चालान जारी कर रिफंड लिया, 2 आरोपी गिरफ्तार, विभाग कर रहा जांच

कई फर्जी फर्म का नेटवर्क कर रहा संचालन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लुधियाना, 13 जुलाई।** लुधियाना में फर्जी जीएसटी चालान जारी करने और धोखाधड़ी से रिफंड लेने वाले एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ है। सीजीएसटी लुधियाना की कर चोरी निरोधक शाखा ने 8 जुलाई को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। अब इस मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

जांच में पता चला है कि पकड़ा गया आरोपी व्यक्ति दो फर्जी फर्मों का संचालन कर रहा था और फर्जी चालान जारी कर गलत रिफंड दिलाने में अहम भूमिका निभा रहा था। इस घोटाले से सरकार को भारी नुकसान हुआ है। मामले में जांच अभी जारी है।

अब तक की जांच में सामने आया है कि आरोपी कई फर्जी फर्मों का संचालन कर रहा था। 1786 करोड़ रुपए का फर्जी जीएसटी चालान जारी किए। इसके जरिए लगभग 1.5 करोड़ रुपए का फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) पास किया गया। बिना किसी वस्तु या सेवा की वास्तविक आपूर्ति के 180 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की गई। इन फर्जी आईटीसी का इस्तेमाल जीएसटी रिफंड लेने के लिए किया गया। इस नेटवर्क की एक फर्म ने गैर-मौजूद आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त आईटीसी के आधार पर 8.74 करोड़ रुपए का फर्जी जीएसटी रिफंड लिया था। इस मामले में अब तक दो गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। सीजीएसटी लुधियाना आयुक्त कार्यालय ने कहा है कि विभाग धोखाधड़ी का पता लगाने और सरकारी राजस्व की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मामले की जांच जारी है और इसमें शामिल अन्य लोगों और संस्थाओं की पहचान की जा रही है।

# मोहाली में लड़की को कार समेत अगवा किया

## निहंगों की ड्रेस में आए युवक, पुलिस ने हरियाणा से गिरफ्तार किए, पेशे से पाठी-ड्राइवर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मोहाली, 13 जुलाई।** पंजाब के मोहाली में फिल्म देखकर अपनी महिला दोस्त को घर छोड़ने जा रहे युवक से निहंगों की ड्रेस में आए चार युवकों ने पहले कार छीन ली और फिर उसकी महिला दोस्त को कार समेत लेकर फरार हो गए। हालांकि, रास्ते में उन्होंने लड़की को भी छोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और आरोपियों को हरियाणा के शाहबाद से दबोच लिया। छीनी गई कार भी पुलिस द्वारा बरामद कर ली गई। लेकिन अभी तक कार छीनने की वजह साफ नहीं हो पाई है। पुलिस पड़ताल कर रही है। एसएसपी मोहाली हरमनदीप सिंह हंस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी है। एक आरोपी की पहचान शमशेर सिंह निवासी गाजीपुर, थाना कलानौर, जिला गुरदासपुर के रूप में हुई है, जो पेशे से पाठी का काम करता है। जबकि दूसरा आरोपी सतनाम सिंह गांव रेणे कलां, थाना सदर खन्ना, जिला लुधियाना का रहने वाला है और कैब चलाता है।

तीसरा आरोपी निर्मल सिंह निवासी जिला नवांशहर है और पेशे से सिक्योरिटी गार्ड है। चौथा आरोपी चंद्र मोहन उर्फ जैलदार निवासी गांव आजमपुर, थाना नवांशहर, जिला जम्मू के रूप में पहचाना गया है। वह भी पेशे से सिक्योरिटी गार्ड है। चारों आरोपी गत छह महीने से मोहाली में पीजी रह रहे थे। पुलिस मानकर चल रही है कि इलाके में हुई कई वारदातों में यह शामिल थे। जानकारी के अनुसार 11 और 12 जुलाई की रात को एक लड़का और लड़की मूवी देखकर कार में जा रहे थे। लड़का, लड़की को उसके घर छोड़ने जा रहा था। रात करीब एक बजे पुलिस को सूचना मिली कि लखनौर में निहंगों की ड्रेस में आए चार युवकों ने एक गाड़ी स्नैच की है। आरोपी लड़की को भी अगवा करके ले गए हैं। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पता चला है कि लड़का, लड़की मूवी देखकर जा रहे थे। उन्हें लखनौर में चार युवकों ने रोका, जो मोटरसाइकिल पर थे। इसके बाद तीन आरोपी कार में सवार हो गए, जबकि एक आरोपी बाइक पर रहा। करीब 100 मीटर चलने के बाद लड़के से मारपीट कर उसे कार से उतार दिया। इसके बाद आरोपी कार समेत लड़की को लेकर फरार हो गए। पहले तो पुलिस को लगा कि लड़की को अगवा कर ले गए हैं। ऐसे में कोई बड़ी घटना न हो जाए। मोहाली के सारे थानों की पुलिस फील्ड में उतर गई। बाद में पता चला आरोपी लड़की को मोहाली के सीपी-67 मॉल के पास उतारकर फरार हो गए। इसके बाद पूरी टीम रात को पड़ताल में जुटी रही। कंट्रोल रूम में कार की लोकेशन हरियाणा की तरफ मिली। सभी जगह से टाइपअप किया गया। कल दोपहर साढ़े 12 बजे पुलिस ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र के शाहबाद थाना के चनारथल गांव के गुरुद्वारा से कार बरामद हुई।

### टोल प्लाजा का स्टाफ भी पीटा

पुलिस की जांच में सामने आया है कि जब यह लोग भाग रहे थे तो उन्होंने टोल प्लाजा में तैनात स्टाफ से भी मारपीट की थी। कर्मचारी को थप्पड़ तक मारा था। जब मोहाली पुलिस पहुंची तो गाड़ी गुरुद्वारे में खड़ी थी। ऐसे में किसी भी तरह की कोई माहौल न गर्माए, पुलिस ने गांव के सरपंच, गुरद्वारा कमेटी व अन्य लोगों से संपर्क में लिया। जिसके बाद गाड़ी और चारों युवकों को काबू किया। गुरुद्वारा कमेटी के सहयोग से आरोपी पकड़े गए।

# पंजाब कांग्रेस प्रधान वड़िंग आप-भाजपा पर भड़के

कैप्टन अमरिंदर और मनप्रीत पर साधा निशाना

बोले-पार्टी को गालियां देने वाले बने थे मंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लुधियाना, 13 जुलाई।** लुधियाना के कस्बा पायल में कांग्रेस के प्रदेश प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने संविधान बचाओ रैली की। रैली की अगुआई पूर्व विधायक लखवीर सिंह लक्खा ने की। रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेतागण पहुंचे। रैली को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रधान राजा वड़िंग आम आदमी पार्टी पर जमकर भड़के।

राजा वड़िंग ने सीएम भगवंत मान पर भी निशाना साधा और पंजाब की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। वड़िंग ने कहा कि अभी हाल ही में अबोहर में कपड़ा कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मोगा में डॉक्टर पर गोलियां चलाई गई। इससे पहले मूसेवाला की हत्या हुई। कबड्डी खिलाड़ी नंगल अंबियां पर गोलियां आम आदमी पार्टी की सरकार के समय चली। आज पंजाब में आतंकवाद वाला समय फिर से आ गया है। उन्होंने कहा कि, आज पूर्व सीएम स्व. बेअंत वाली कांग्रेस का पंजाब में आना जरूरी है। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पंजाब में जो कांग्रेस बनाई थी उसमें सिर्फ पैसे वाले अमीर लोग थे। सिर्फ बड़ी गाड़ियों वाले लोग थे। कांग्रेस को कैप्टन ने पंजाब में डूबो कर रख दिया था। आज लोग खुद देखें कि कैप्टन अमरिंदर सिंह के क्या हालात है।

## पेज एक का शेष

### पंजाब के प्रत्येक...

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़ने और उन्हें नशे से दूर रखने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पंजाब के प्रत्येक गांव में आधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक ऐतिहासिक मिशन शुरू किया है। भगवंत सिंह मान ने घोषणा की कि लगभग 13,000 गांवों को उच्च-स्तरीय खेल मैदानों से लैस किया जाएगा और इस परियोजना के पहले चरण के तहत पहले ही 3,083 स्टेडियमों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर और विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले होनहार खिलाड़ियों को इन नई सुविधाओं में उभरते खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए कोच के रूप में नियुक्त किया जाएगा। भगवंत सिंह मान ने पुष्टि की कि पंजाब सरकार राज्य की खोई हुई शान को बहाल करने के अपने प्रयासों में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब देश का पहला राज्य है, जिसने खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से पहले तैयारियों के लिए वित्तीय सहायता की पेशकश की है, जिसके पहले ही सकारात्मक परिणाम सामने आ चुके हैं। अपनी सरकार द्वारा खेलों को प्रमुख प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में मजबूत खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों की विशेषज्ञता का पूरा उपयोग किया जाएगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद पंजाब ने हरभजन सिंह, शुभमन गिल, अर्शदीप सिंह और अन्य सितारे पैदा किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एक ऐसा माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां ऐसी और प्रतिभाएं फल-फूल सकें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पहल "रंगला पंजाब" - एक जीवंत, प्रगतिशील पंजाब बनाने के लिए एक प्रेरक के रूप में काम करेगी। भगवंत सिंह मान ने आगे कहा कि यह राज्य के व्यापक विकास और इसके लोगों की खुशहाली के लिए बेहद जरूरी है।

# संजीव खन्ना ने अश्विनी शर्मा को पंजाब भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर दी बधाई

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 13 जुलाई।** डेराबस्सी से भारतीय जनता पार्टी के नेता और प्रदेश सचिव संजीव खन्ना ने वरिष्ठ नेता और विधायक अश्विनी शर्मा को पंजाब भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। आज जारी एक बयान में, खन्ना ने शर्मा के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया और कहा कि उनके अनुभवी और समर्पित मार्गदर्शन में, पंजाब भाजपा नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगी। कई वर्षों से पंजाब की राजनीति में एक प्रमुख हस्ती रहे अश्विनी शर्मा को हाल ही में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पंजाब भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। संजीव खन्ना ने शर्मा के नेतृत्व कौशल और पार्टी की "सबका साथ, सबका विकास" की विचारधारा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। उन्होंने राज्य के राजनीतिक परिदृश्य के बारे में अश्विनी शर्मा के व्यापक अनुभव और ज्ञान पर भी प्रकाश डाला, जो पार्टी को सफलता की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण होगा। संजीव खन्ना ने अश्विनी शर्मा के नेतृत्व में पंजाब को एक विकसित राज्य बनाने के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि अश्विनी शर्मा के नेतृत्व में पार्टी पंजाब के लोगों की बेहतरी और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक प्रयास करेगी। खन्ना ने सभी पार्टी सदस्यों और समर्थकों से अश्विनी शर्मा के साथ एकजुट होने और एक विकसित एवं समृद्ध पंजाब के पार्टी के लक्ष्य की दिशा में मिलकर काम करने का आग्रह किया। पंजाब भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अश्विनी शर्मा की नियुक्ति का पार्टी सदस्यों और नेताओं ने उत्साह और समर्थन के साथ स्वागत किया है। अपने अनुभव, समर्पण और मजबूत नेतृत्व के साथ, शर्मा से 2027 में होने वाले आगामी राज्य चुनावों में पार्टी को सफलता की ओर ले जाने की उम्मीद है। भाजपा नेता संजीव खन्ना की हार्दिक शुभकामनाएँ और अश्विनी शर्मा के नेतृत्व में विश्वास पंजाब भाजपा के भविष्य के लिए उत्साह और प्रत्याशा को और बढ़ा देता है। इस मौके कार्यक्रम में शामिल होने के लिए संजीव खन्ना के साथ 400 के रिब कार्यकर्ता जिनमें मंडल प्रधान राशि अय्यर, रजिंदर कौशिक, सुधीर कांटीवाल, विजय दता, प्रदीप सिक्का, विप्पन शर्मा, राधे श्याम, विशाल शर्मा, सोनू शर्मा, मनीषा सौरव, दीक्षित, गणेश, कावेरी, भोला, दीपक जुनेजा, कौशल, मदन, मुकेश शर्मा, अपने परिवारों सहित कार्यक्रम में शामिल हुए।

# मिट्टी के बर्तन बनाना प्रजापति समाज की कलात्मक सोच व कुशलता और कौशल का प्रतीक : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने 234 करोड़ रुपये की लागत की 19 परियोजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास, भिवानी में आयोजित हुआ राज्य स्तरीय महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह

महाराजा दक्ष प्रजापति एक महान राजा, दूरदृष्टा, कुशल प्रशासक और सृष्टि के विस्तारक थे- नायब सिंह सैनी

मुख्यमंत्री ने की घोषणा, अगले 15 दिनों में प्रदेश के 2 हजार गांवों में प्रजापति समाज को करवा दी जाएगी भूमि उपलब्ध

अर्थ प्रकाश संवाददाता


हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी भिवानी में आयोजित महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती राज्य स्तरीय समारोह के दौरान लाभार्थियों को जनहित में सरकार की योजना के लाभ का प्रमाण पत्र सौंपते हुए। साथ में हैं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा।

**भिवानी, 13 जुलाई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मिट्टी से बर्तन बनाने की कला हमारी अमूल्य धरोहर है, मिट्टी के बर्तन बनाना मात्र एक कला ही नहीं है बल्कि प्रजापत समाज की कलात्मक सोच, उसकी कुशलता और कौशल का प्रतीक है। सरकार का दृढ़ संकल्प है कि हरियाणा के हर मेहनतकश को सम्मान मिले, उसे ताकत मिले और उसकी प्रगति के नए रास्ते खुलें।

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने यह बात आज जिला भिवानी में आयोजित राज्य स्तरीय महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कही। इससे पहले मुख्यमंत्री ने महाराजा दक्ष प्रजापति के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अनेक बड़ी घोषणाएं की और भिवानी जिला को विकास कार्यो की सौगात देते हुए 234 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत की 19 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें 87 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत की 6 परियोजनाओं के उद्घाटन और लगभग 147 करोड़ रुपये लागत की 13 परियोजनाओं के शिलान्यास शामिल हैं।

इस अवसर पर विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, सांसद धर्मबीर सिंह व रामचंद्र जांगडा, विधायक रणधीर पनिहार, कपूर वाल्मीकि, घनश्याम सर्राफ सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**भिवानी विधानसभा के शहर व गांवों में विभिन्न विकास कार्यो के लिए अलग से 5 करोड़ रूपये देने की घोषणा:** इसके अलावा, उन्होंने भिवानी विधानसभा के शहर व गांव में विभिन्न विकास कार्यो के लिए अलग से 5 करोड़ रूपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने महाराजा दक्ष प्रजापति को नमन करते हुए कहा कि वें एक महान राजा, दूरदृष्टा, कुशल प्रशासक और सृष्टि के विस्तारक थे। उन्होंने समाज को एक अनुशासित और व्यवस्थित ढाँचा प्रदान किया। प्रजापत समाज का देश और हरियाणा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है।

**देश की सभ्यता से भी जुड़ी हुई है मिट्टी से बर्तन तथा मूर्तियां बनाने की कला:** मुख्यमंत्री ने कहा कि मिट्टी से बर्तन तथा मूर्तियां बनाने की कला देश की सभ्यता से भी जुड़ी हुई है। आज तक इतिहास को जानने के लिए जितनी भी खुदाई हुई है, उनमें दूसरी वस्तुओं के साथ-साथ मिट्टी के बर्तन व मूर्तियां जरूर मिली हैं। प्रदेश के बनवाली व राखीगढ़ी गांवों में खुदाई के दौरान सिन्धु घाटी सभ्यता के समय की मिट्टी की मूर्तियां और बर्तन मिले हैं। इतिहास की जानकारी में भी प्रजापत समाज का महान योगदान है। प्रजापति समाज ने चाक के आविष्कार से अपनी कला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

**विज्ञान के युग में परम्परागत दक्षता को व्यावसायिक कुशलता में बदलने की जरूरत:** श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विज्ञान के युग में परम्परागत दक्षता को व्यावसायिक कुशलता में बदलने की जरूरत है। तभी तकनीक के इस युग में आगे बढ़ पाएंगे। मिट्टी से न केवल बर्तन बल्कि सजावटी वस्तुएं बनाने के परम्परागत तरीकों के साथ-साथ नई-नई तकनीकों का अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि प्रजापति समाज आम इस्तेमाल के बर्तनों के साथ-साथ मिट्टी से सजावट वाले वस्तुएं भी बनाएं, जिनकी विदेशों में बहुत मांग है। आज वे आधुनिक इलेक्ट्रिक व सोलर आधारित चाक और नई भट्ठियों का भी प्रयोग करें ताकि उत्पादन बढ़े और मेहनत कम हो।

**सरकार ने पिछड़ा वर्ग के उत्थान व कल्याण के लिए चलाई अनेक योजनाएं:** उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने गरीब परिवारों के उत्थान व कल्याण के लिए केवल योजनाएं ही शुरू नहीं की, बल्कि योजनाओं का लाभ उन व्यक्तियों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया है, जिनके लिए वे बनी हैं। सरकार की नीतियां किसी एक वर्ग या एक जाति के लिए नहीं, बल्कि हरियाणा के हर उस नागरिक के लिए हैं जो मेहनत और ईमानदारी से अपना जीवनयापन करना चाहता है। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रजापत समाज पिछड़ा वर्ग-ए में आता है। इस वर्ग के उत्थान व कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं। माटी कला बोर्ड का गठन करके मिट्टी से बर्तन व कलात्मक वस्तुओं आदि का निर्माण करने वालों को प्रोत्साहन दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं में बीसी-ए को 8 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया गया है। इसके साथ ही पिछड़े वर्ग के बी.पी.एल. परिवारों की बेटी की शादी पर 51,000 रुपये की शगुन राशि दी जाती है।

**मुख्यमंत्री ने भिवानी जिला के प्रजापति समाज के लाभार्थियों को प्रदान किए जमीन के अधिकार पत्र:** उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि अगले 15 दिनों में प्रदेश के 2 हजार गांवों में जहां पंचायती भूमि उपलब्ध है, वहां पर प्रजापति समाज को भूमि उपलब्ध करवा दी जाएगी ताकि कि उन्हें मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए मिट्टी जुटाने में दिक्कत न आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें खसरा नम्बर सहित जमीन की पूरी जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने भिवानी जिला के प्रजापति समाज के लाभार्थियों को जमीन के अधिकार पत्र भी प्रदान किए। उन्होंने यह भी घोषणा की सूक्ष्म उद्यम शुरू करने वाले प्रजापति समुदाय के लोगों को 'हरियाणा ग्रामीण औद्योगिक योजना' के तहत वितीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसके तहत प्रदेश के बी, सी तथा डी श्रेणी के ब्लॉकों में मशीनरी तथा भवन निर्माण पर किए गए निवेश पर 15 प्रतिशत की दर से पूंजीगत सब्सिडी दी जाएगी। इसके अलावा, 7 वर्षों के लिए सावधि ऋण पर 7 प्रतिशत या अधिकतम 8 लाख रुपये प्रतिवर्ष की दर से ब्याज सब्सिडी भी दी जाएगी।

**समाज की धर्मशालाओं में विभिन्न कार्यो के लिए 1 करो? 29 लाख रूपये देने की घोषणा:** मुख्यमंत्री ने समाज के मांग पत्र को स्वीकार करते हुए प्रदेश में समाज की धर्मशालाओं में विभिन्न कार्यो के लिए कुल 1 करोड़ 29 लाख रूपये देने की घोषणा की। जिसमें मुख्यमंत्री ने 31 लाख रूपये, कैबिनेट मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने 21 लाख रूपये और श्री कृष्ण लाल पंवार, श्री महिपाल ढांडा, डॉ अरविंद शर्मा, श्री कृष्ण कुमार बेदी, श्रीमती श्रुति चौधरी, सांसद श्री धर्मबीर सिंह व श्री रामचंद्र जांगडा की ओर से 11-11 लाख रूपये की राशि शामिल है।

**श्री नायब सिंह सैनी ने भिवानी विधानसभा क्षेत्र में 21 करोड़ रूपये राशि के विकास कार्यो की करी घोषणा:** मुख्यमंत्री ने जिला भिवानी के गांव हालूवास माजरा, धिराणा माजरा और देवसर के उप स्वास्थ्य केंद्रों के नवीनीकरण के लिए 1 करोड़ 66 लाख रूपये, भिवानी नई अनाज मंडी में अतिरिक्त दो कवर शैड के निर्माण के लिए 3 करोड़ 50 लाख रूपये, भिवानी नई अनाज मंडी में नई सड़क के निमार्ण के लिए 4 करोड़ 50 लाख रूपये, नई अनाज मंडी की चारदिवारी के लिए 80 लाख रूपये, अनाज मंडी के साथ लगते मार्किट बोर्ड के गोदामों को ऊंचा उठाने के लिए 3 करोड़ 50 लाख रूपये, पशुओं के पीने के पानी की व्यवस्था के लिए जिला के नंदगांव से बाबा वाला जोहड को राजगढ माइनर से पाइपलाइन के माध्यम से जोड़ने के लिए 49 लाख 33 हजार रूपये, नदंगांव में दोनों जोहडों की रिटेनिंग वॉल के निर्माण और सौंदर्यकरण के लिए 2 करोड़ रूपये, भिवानी की 6 विभिन्न धर्मशालाओं दुर्बलनाथ खटीक धर्मशाला, धानक धर्मशाला, कबीर धर्मशाला, स्नातन धर्मशाला, वीरवान पाना धर्मशाला और भाटाभगडी धर्मशाला में हॉल व विभिन्न कार्यो के लिए 1 करोड़ 50 लाख रूपये, गावं कोट, हालूवास और हालूवास माजरा देवसर में सामुदायिक केंद्रों के निर्माण के लिए 3 करोड़ 5 लाख रूपये देने की घोषणा की।

---

## न्यूज ब्रीफ

### सबूतों के अभाव में दुष्कर्म व पोक्सो का आरोपी बरी

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** अतिरिक्त सैशन जज अनूपामिश मोदी की अदालत ने अपहरण, दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के एक आरोपी को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। इस बारे में एक गांव वासी ने थाना सदर में 11 मई 2023 को आपीसी की धारा 363, 366ए, 376/3 506 और पोक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत मुकदमा नंबर 137 दर्ज करवाया था। बचाव पक्ष की ओर से मुकदमे की पैरवी गांव माजरा निवासी वकील करुण खटकड़ ने की। एफआईआर के अनुसार शिकायतकर्ता की नाबालिग लडक़ी 10 मई 2023 को बिना बताए कहीं चली गई है। उन्होंने अपनी लडक़ी की तलाश अपनी रिश्तेदारी में की है लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। लडक़ी के पास मोबाइल फोन भी नहीं है। उसे शक है कि कोई लडक़ा उसकी लडक़ी को शादी का झांसा देकर भगा ले गया है। इस पर पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर लिया। जांच के दौरान लडक़ी को 12 मई को हिसार से बरामद कर लिया गया। लडक़ी की सीडब्ल्यूसी के समक्ष काउंसलिंग करवाई गई व जज के सामने बयान कलमबद्ध करवाए गए। इसके बाद लडक़ी का मेडिकल करवाया गया जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई। इस पर पुलिस ने दुष्कर्म और पोक्सो की धाराएं जोड़ दी गई। पुलिस ने आरोपी अभिषेक निवासी हिसार को चंदाना गेट से गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया। मामले में कुल 22 गवाह पेश किए गए। एडीजे अनूपामिश मोदी ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपने 16 पन्नों के फैसले में आरोपी अभिषेक को सबूतों के अभाव में निर्दोष पाया और बरी करने के आदेश दिए।

### साहित्य सभा कैथल की जुलाई मास की काव्य गोष्ठी संपन्न



**कैथल (अप्रस)।** साहित्य सभा कैथल की जुलाई मास की काव्य गोष्ठी आरकेएसडी कालेज के स्टाफ रूम में हुई। गोष्ठी का संचालन डॉक्टर प्रद्युम्न भल्ला ने किया और अध्यक्षता प्रो अमृत लाल मदान की रही। गोष्ठी में वरिष्ठ हरियाणवी कवि डॉ चतुर्भुज बंसल का कविता संग्रह ज्ञान-माला का विमोचन भी हुआ। गोष्ठी का आगाज अनिल गर्ग की इन पंक्तियों से हुआ। रिश्ते भी अब तो कमाल हो गए, क्या पता कब टूट जाएं सब चाइना माल हो गए। डॉक्टर प्रद्युम्न भल्ला ने अपनी रचना छोटे शहरों के लोग और बेटियां प्रस्तुत करते हुए कहा, हम छोटे शहरों के लोग जिंदा रखते हैं अपनी संस्कृति को पनपने नहीं देते पाशविक वृत्ति को। चेतन चौहान ने कहा, अगर बाजार में बिकता बहुत है सच मानो वो सस्ता बहुत है। सोहन लाल सोनी ने कहा, सामण का महीना आग्या पींग घली फैर बण में। रामफल गौड़ ने कहा कर लै कितने आड़ै-तेड़ै सब कर्मा के हौवे निबेड़ै। दिलबाग अकेला की प्रस्तुति यूं रही, बादल आए बादल आए शीतल जल भर कर लाए। रजनीश शर्मा की लाईनें थीं, चहुं ओर फैलाने प्यार देखो सावन आया है द्वार। रिसाल जांगडा़ ने कहा, सूरज ने धरती के तन को तपाया हर वस्तु पर पड़ा तपन का साया। मधु गोयल ने फरमाया बचपन की वे यादें याद आती हैं फिर मेरे नैनों को भिगा जाती हैं। राजेश भारती के शब्द देखिए, खबरें ऐसे आती हैं जैसे मक्खियां भिनभिनाती हैं। इसके अतिरिक्त गोष्ठी में डॉ हरीश झंडई, सुरेश कल्याण, गंगाराम, अशोक कुमार, श्याम सुन्दर गौड़ ने भी अपना रचनाएं प्रस्तुत की। गोष्ठी का समापन प्रो अमृत लाल मदान की कविता एवं अध्यक्षीय टिप्पणी के साथ हुआ।

---

## देश के भावी नन्हे सैनिकों ने जयराम सैनिक स्कूल में पौधारोपण किया

अर्थ प्रकाश/अर्पण वधवा

**कुरुक्षेत्र, 13 जुलाई।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल एवं जयराम सैनिक स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस मौके पर देश के भावी नन्हे सैनिकों ने बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ पौधारोपण किया। स्कूल परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में कैडेट्स ने पौधे लगाकर प्रकृति की सेवा का संकल्प भी लिया। जयराम सैनिक स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी सूबेदार मेजर सुरेश कुमार(सेवानिवृत्त) ने कैडेट्स को कहा कि इस अभियान के माध्यम से हम प्रकृति व पेड़ के प्रति अपने प्रेम और कर्तव्य का परिचय दे रहे हैं। स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक पौधा लगाना जीवन को सुरक्षित करना है। जब यह पेड़ बड़ा होगा, तो यह मां के आशीर्वाद की तरह हमें छाया और शुद्ध हवा देगा। उन्होंने सभी कैडेट्स से यह वचन भी लिया कि वे अपने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करेंगे और उसे एक परिवार के सदस्य की तरह बड़ा करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी कैडेट्स ने पर्यावरण की रक्षा का संदेश दिया और यह वचन लिया कि वे अपने लगाए गए पेड़ों को स्नेह एवं सेवा देकर बड़ा करेंगे।

---

## मुख्यमंत्री के कैथल कार्यक्रमों में उमड़ा जनसैलाब : गौरव पाडला

भाजपा नेता गौरव मित्तल ने सीएम से मुलाकात कर लिया आशीर्वाद

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश


कैथल सीएम नायब सैनी के साथ गौरव पाडला साथ में अशोक गुर्जर।

**कैथल, 13 जुलाई।** हिंदी सलाहकार समिति केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार दूर संचार विभाग संचार मंत्रालय के सदस्य एवं भाजपा नेता गौरव मित्तल पाडला ने बीती रात भाजपा के पूर्व विधायक लीला राम गुर्जर के प्रतिष्ठान पर कैथल आगमन के दौरान पहुंचे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। यहां अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा नेता गौरव मित्तल पाडला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कैथल हलके में आयोजित हुए सभी कार्यक्रमों में लोगों की रिकार्ड तोड़ भीड़ उमड़ी और हर वर्ग के लोगों ने पूरी गर्मजोशी से मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में जहां लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निदान हुआ, वहीं सरकारी कार्य में कोताही बरतने वाले अधिकारियों को मौके पर ही फटकार लगाई गई। इसके साथ हॉफ मैराथन में आज रिकार्ड तोड़ संख्या में 36 बिरादरियों के लोग मुख्यमंत्री के साथ कदम से कदम मिलाकर दौड़े और नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। विकास पुरुष मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपनी मिलनसार छवि के चलते जनता के दिलों में बस चुके है। भाजपा नेता गौरव पाडला ने कहा कि पूर्व विधायक लीला राम जनता के सच्चे हितैषी है, जो दिन रात जनता की सेवा में समर्पित रहने के साथ मोदी-नायब सरकार की विकासकारी नीतियों का घर-घर जाकर प्रचार कर रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ढांड की अगुवाई में समूचे जिले में भाजपा संगठन तेज गति से मजबूत हो रहा है और हर वर्ग के लोग निरंतर भाजपा की नीतियों में आस्था व्यक्त कर पार्टी से जुड़ रहे है। अशोक गुर्जर भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्त्ता, पदाधिकारी व आमजनमानस को साथ लेकर चलते हुए भाजपा सरकार की विकास व लाभकारी नीतियों का प्रचार-प्रसार करने के साथ पात्र लोगों तक लाभ पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे है।

---

## फसल बीमा योजना की खामियां बनी किसानों के लिए गले की फांस : सुल्तान जडौला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 13 जुलाई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि प्रदेश में फसल बीमा योजना की गंभीर खामियां किसानों के लिए गले की फांस बन चुकी है। फसल बीमा योजना का मूल उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक आपदाओं के समय आर्थिक राहत देना था, लेकिन यह योजना अब बीमा कंपनियों के मुनाफे का जरिया बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दौर में बाढ़, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि जैसी आपदाएं सामान्य हो गई हैं। ऐसे में यदि किसी किसान की फसल नष्ट हो जाए, तो उसे तुरंत मुआवजा मिलना चाहिए, ताकि वह अगली फसल की तैयारी कर सके। लेकिन वर्तमान व्यवस्था में 2 से 3 साल की देरी आम बात हो गई है, जिससे किसान कर्ज में डूबता चला जाता है। नई अनाज मंडी ढांड में अपने प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि सरकारें केवल प्रीमियम वसूलने तक ही जिम्मेदारी निभाती हैं, लेकिन जब क्लेम देने की बात आती है, तो किसानों को बीमा कंपनियों के रहमोकरम पर छोड़ दिया जाता है। यह स्थिति तुरंत बदली जानी चाहिए। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में हजारों किसान कई वर्षों से फसल बीमा का क्लेम पाने के लिए भटक रहे हैं। पर उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा है। किसान एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में चक्कर काटने में लगा हुआ है। अधिकारियों और बीमा कंपनियों का गठजोड़ किसानों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। कांग्रेसी नेता सुल्तान जडौला ने कहा कि जब किसान अपनी फसलों का बीमा करवाता है तो कंपनियां न तो समय पर सर्वे कराती हैं और न ही नुकसान के आकलन में पारदर्शिता रखती हैं। अनेक किसानों को तो बीमा क्लेम से संबंधित कोई दस्तावेज ही नहीं दिया जाता, जबकि वाहन बीमा जैसे क्षेत्रों में उपभोक्ता को पूरी बीमा पॉलिसी सौंपी जाती है। यह दोहरी नीति किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि बीमा कंपनियां गांव को एक इकाई मानकर पूरे क्षेत्र का नुकसान आंकती हैं।

---

### जग ज्योति दरबार में सावन के तीसरे दिन भी हर-हर महादेव के जयकारों की हुई गूंज

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** जग ज्योति दरबार में सावन के तीसरे दिन रविवार होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। दरबार में सावन महीने का निरंतर शिव पूजन अनुष्ठान एवं रुद्राभिषेक चल रहा है। महंत राजेंद्र पुरी ने अन्य संतों के सान्निध्य में नर्मदेश्वर महादेव शिवलिंग पर रुद्राभिषेक किया तो पूरा जग ज्योति दरबार हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर डीडी शर्मा तथा प्रदीप टाया ने मुख्य यजमान के तौर पर शिव पूजन अनुष्ठान में भाग लिया। इस पूजन में मनदीप सिंह बराड़ा, रमेश टाया, पवन टाया, रवि कुरुक्षेत्र, जगीर सिंह, विनोद सैनी, धर्मवीर,कर्म सिंह, संदीप ओजना, धर्मेंद्र, प. शोभित दास, प. दिनकर शर्मा शामिल रहे। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि 14 जुलाई को सावन के पहले सोमवार के अवसर पर जग ज्योति दरबार में सर्वकल्याण की भावना से विशेष रुद्राभिषेक होगा, जिसमें भी दूर दूर शिव भक्त भोलेनाथ के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए पहुंचेंगे।

---

## ड्रग फ्री हरियाणा बनाने के लिए मुख्यमंत्री के साथ दौड़े कॉलेज के छात्र : प्रिंसिपल डॉ. भाम्बू

डॉ. भाम्बू ने स्वयं भी की 5 किलोमीटर की रेस क्वालिफाई

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 13 जुलाई।** कैथल में ड्रग फ्री हरियाणा अभियान के तहत निकाली गई हाफ मैराथन में भाग लेकर युवाओं ने नशे के खिलाफ एकजुटता दिखाई। इस अवसर पर राजकीय डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज, कैथल के प्रिंसिपल डॉ. मनोज कुमार भाम्बू ने कॉलेज स्टाफ, स्कूली छात्र-छात्राओं व अन्य प्रतिभागियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस मैराथन के माध्यम से युवाओं में नशे के खिलाफ जागरूकता फैली है। डॉ. भाम्बू ने बताया कि स्वयं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कैथल के युवाओं के साथ दौड़कर यह साबित कर दिया कि वे जनता के दिलों में राज करते हैं। मुख्यमंत्री की सहभागिता से युवाओं का मनोबल और आत्मविश्वास दोनों बढ़ा है। डॉ. भाम्बू ने स्वयं भी 5 किलोमीटर की रेस क्वालिफाई की और कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से सामाजिक बुराइयों के खिलाफ सकारात्मक माहौल बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे हमेशा नशे से दूर रहकर समाज को स्वस्थ दिशा में आगे ले जाएं।

---

## भाजपा शासन में अपराध की गर्त में डूबा हरियाणा : सुरजेवाला

### राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व विधायक आदित्य सुरजेवाला ने सुनी जन समस्याएं

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 13 जुलाई।** ढांड रोड स्थित किसान भवन में रविवार को राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व विधायक आदित्य सुरजेवाला ने जन समस्याएं सुनी और अधिकारियों को उनके जल्द निपटारे के निर्देश दिए। इस मौके पर सुरजेवाला ने भाजपा पर जमकर कटाक्ष किया। राज्यसभा सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के राज में अपराध का अमृत काल चल रहा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी पर प्रहार करते हुए रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि मुख्यमंत्री के पास खुद गृह विभाग है और जिस तरह से अपराध का बेतहाशा विकास हो रहा है, इससे नायब सैनी नाकाम साबित हो चुके है। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा की सरकारों में गुंडाराज और माफिया राज हमेशा से उनका चेहरा रहा है। रणदीप ने कहा कि मुख्यमंत्री के जिले में व्यापारियों को सरेआम धमकियां दी जा रही हैं, कारोबारी दहशत में हैं। हरियाणा में आए दिन जघन्य अपराध की वारदातें हो रही हैं जिससे आम नागरिकों में भय का माहौल है। सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा में गैंगस्टर्स का आतंक बहुत ज्यादा बढ़ गया है, संगठित अपराध की खुलेआम सक्रियता ने राज्य को जंगलराज की ओर धकेल दिया है। गुरुग्राम, फरीदाबाद, पानीपत, रोहतक, यमुनानगर, हिसार, सिरसा जैसे अन्य शहरों से लेकर हर कोने में दिनदहाड़े फायरिंग और धमकियों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। शराब माफिया और विदेशी गैंगस्टरों के बीच सांठगांठ ने अपराध को और बढ़ावा दिया है, जिसके लिए सरकार की नीतियां जिम्मेदार हैं। अपराधियों की हिमाक़त इतनी बढ़ चुकी है कि वो सरकार की ओर से शराब के ठेकों तक की बोली नहीं होने दे रहे हैं। भाजपा की नाक तले अपराधी अपराध को अंजाम दे रहे हैं, और सरकार कुंभकर्णी नींद सो रही है। उन्होंने कहा कि मई और जून महीने में हत्या, रंगदारी, फायरिंग की 30 से ज्यादा घटनाएं हुई हैं और सैनी सरकार अपने सत्ता के सिंहासन पर आंख मूंदकर बैठी है।

---

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने हांसी में किया पार्टी के जिला कार्यालय का उद्घाटन

### विधायक विनोद भयाना के आग्रह पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने हांसी भाजपा कार्यालय का नाम रखा हंसकमल

अर्थ प्रकाश/दिनकर गावड़ी



**हांसी, 13 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बडौली ने रविवार को हांसी में भाजपा जिला कार्यालय का विधिवत रूप से उद्घाटन किया।इस अवसर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी, विधायक विनोद भयाना, विधायक रणधीर पनिहार, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी,पूर्व मंत्री कमल गुप्ता, पूर्व मंत्री अनूप धानक, पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स,भाजपा जिला अध्यक्ष हिसार आशा खेदड़, भाजपा जिला महामंत्री धर्मवीर रतेरिया, भाजपा जिला महामंत्री विजेंद्र लोहान,हिसार के मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र सिंह वीर चक्र, जिला परिषद के अध्यक्ष सोनू सिहाग डाटा,भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन,भाजपा जिला प्रभारी दीपक शर्मा, राजपाल यादव, नगर परिषद हांसी के अध्यक्ष प्रवीन ऐलावादी,पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू तथा पार्टी के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।मोहनलाल बडौली ने इसके उपरांत कार्यालय सभागार में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हांसी में पार्टी कार्यालय स्थापित होने से न केवल संगठन को मजबूती मिलेगी बल्कि आमजन को भी इसका फायदा होगा। पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यालय में अनेक प्रकार की गतिविधियों का आयोजन होगा, इसके साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ता लोगों को भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध करवाएंगे ताकि जनता इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर अपने जीवन स्तर को और ऊंचा उठा सके। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक जिला हांसी के अंतर्गत बरवाला, नारनौंद तथा हांसी तीन विधानसभा क्षेत्र आते हैं। पार्टी कार्यालय बनने से तीनों विधानसभा क्षेत्र भाजपा के गढ़ बनेंगे।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि भाजपा का काम जन सेवा करना है।वहीं भाजपा सरकार का उद्देश्य प्रदेश का विकास करवाना है। पार्टी तथा सरकार इन दोनों कामों को बखूबी कर रही है। सरकारी जन कल्याणकारी योजना का लाभ पात्र लोगों को घर-घर तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत का गौरव दुनिया में बढ़ाया है। नरेंद्र मोदी जब दुनिया के किसी भी देश में जाते हैं तो उनका शानदार सम्मान होता है यह सम्मान केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नहीं है बल्कि देश के 140 करोड़ लोगों का सम्मान है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया जा रहा है। अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना सहित कई योजनाओं का जिक्र किया।उन्होंने एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के चैयरमैनो की नियुक्ति भी जल्द की जाएगी।

विधायक विनोद भयाना ने भारत माता के जयकारों के साथ अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने हांसी को संगठनात्मक जिला बनाने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया और आग्रह किया कि भाजपा जिला कार्यालय का नाम हंस कमल रखा जाए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने उनके आग्रह को स्वीकार किया। विधायक ने कहा कि भाजपा जिला कार्यालय बनने से संगठन को काफी मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा पार्टी कार्यकर्ताओं को काम करने के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त शानदार कार्यालय उपलब्ध हो गया है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना, भाजपा जिला प्रवक्ता रामफल बूरा, कार्यालय प्रभारी मंजीत जांगड़ा, अशोक कनौजिया, सौरभ कथूरिया, प्रेम वर्मा, विक्रम चोपड़ा, हर्ष दहिया, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र मलिक समेत पार्टी के अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री श्री साय अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में हुए शामिल

# वैष्णव ब्राह्मण समाज का रहा गौरवशाली इतिहास : मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश/अखिलेश कुमार



**रायपुर, 13 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर में आयोजित अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ (चतुः संप्रदाय), मुंबई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम के ननिहाल और माता कौशल्या की पावन भूमि छत्तीसगढ़ में वैष्णव ब्राह्मण समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित होना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि वैष्णव ब्राह्मण समाज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। इस समाज की विभूतियों ने छत्तीसगढ़ में दानशीलता की अद्भुत मिसालें स्थापित की हैं। विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में वैष्णव ब्राह्मण समाज का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाज के प्रतिभावान व्यक्तियों को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वैष्णव ब्राह्मण समाज ने सनातन धर्म को सशक्त बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। यह समाज केवल पुरोहित कर्म से ही नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन में भी सक्रिय रहा है। दानशीलता की महान परंपरा का परिचय देते हुए इस समाज ने कभी राजपाट तक दान कर दिए। राजनांदगांव की वैष्णव ब्राह्मण रियासत इसका अनुपम उदाहरण है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि डेढ़ वर्ष के भीतर हमने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अधिकांश गारंटियों को अमल में लाकर पूर्ण किया है। छत्तीसगढ़, प्रभु श्रीराम का ननिहाल रहा है और उन्होंने अपने वनवास का लंबा समय यहीं व्यतीत किया था। हमारी सरकार ने रामलला दर्शन योजना शुरू की है, जिसके तहत अब तक 22 हजार से अधिक श्रद्धालु अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला के दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना को भी पुनः प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिक अपनी आस्था के अनुसार तीर्थ स्थलों का दर्शन कर सकेंगे। दिव्यांगजनों, विधवाओं और परित्यक्ताओं के लिए इस योजना में अधिकतम आयु सीमा नहीं रखी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प लिया गया है। उसी दिशा में हमें विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में अग्रसर होना है। इस कार्य में वैष्णव ब्राह्मण समाज की सक्रिय भागीदारी अपेक्षित है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि समाज संगठित रहकर निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर होगा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वैष्णव ब्राह्मण समाज एक दूरदर्शी और कल्पनाशील समाज है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव से विधायक, सांसद, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने इस समाज के ऐतिहासिक योगदान को निकटता से देखा है। उच्च शिक्षा, रेलवे, उद्योग और पेयजल व्यवस्था के विकास में राजनांदगांव के राजपरिवार ने अभूतपूर्व योगदान दिया है। महंत दिग्विजय दास जी ने महाविद्यालय के लिए अपना महल दान किया, रेलवे के लिए विशाल भूमि दी, और बीएनसी कॉटन मिल की स्थापना की, जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिला। महंत घासीदास जी ने व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए निःशुल्क भूमि देने की घोषणा की थी।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने संबोधन में कहा कि वैष्णव ब्राह्मण समाज सनातन धर्म की ध्वजवाहक है। इस राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के आयोजन से समाज और अधिक एकजुट होकर आगे बढ़ेगा।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पी. एल. बैरागी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे. के. वैष्णव, प्रदेश अध्यक्ष राकेश दास वैष्णव, विजय कुमार दास, राघवेंद्र दास वैष्णव, डॉ. सौरभ निर्वाणी, अंजना देवी वैष्णव, रजनीश वैष्णव सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति विश्व पटल पर होगी स्थापित : केन्द्रीय मंत्री श्री उईके

जनजातीय जीवन शैली की हुबहू प्रस्तुति से हुए प्रभावित

केन्द्रीय मंत्री ने जनजातीय संग्रहालय का किया अवलोकन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रायपुर, 13 जुलाई।** छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली पर आधारित जनजातीय संग्रहालय का केन्द्रीय जनजातीय राज्य मंत्री श्री दुर्गा दास उइके ने अवलोकन किया और नवा रायपुर में बनाए गए इस संग्रहालय में आदिवासी जीवन शैली के प्रस्तुतीकरण की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस संग्रहालय के जरिए छत्तीसग? की सांस्कृति विरासत विश्व पटल पर स्थापित होगी। इससे जनजातीय युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति आत्मगौरव का भाव जगेगा। इस अवसर पर आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग मंत्री श्री राम विचार नेताम भी उपस्थित थे।

केन्द्रीय जनजातीय राज्यमंत्री श्री दुर्गादास ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जनजातीय वर्ग के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पीएम जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से जनजातियों के सर्वांगीण विकास के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना में यह प्रयास मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने संग्रहालय के निकट ही बनाए जा रहे शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक सह संग्रहालय के निर्माण की समीक्षा की। इस संग्रहालय के लिए केन्द्र सरकार ने 45 करोड़ रूपए की राशि मंजूर की है। इस संग्रहालय को आगामी 30 सितम्बर तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने इस दौरान संग्रहालय में प्रयुक्त डिजीटल एवं एआई तकनीक के संबंध में जानकारी दी। बैठक में टीआरटीआई के संचालक श्री जगदीश कुमार सोनकर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

जनजातीय संग्रहालय में जनजातीय संस्कृति, जीवनशैली और परंपरा को प्रदर्शित करने के लिए 14 गैलरियों का निर्माण किया गया है। संग्रहालय के अलग-अलग गैलरियों में जनजातीयों के परंपरागत वाद्ययंत्रों, आवास एवं घरेलू उपकरण, शिकार उपकरण, उनमें कृषि की परंपरागत तकनीकें एवं उपकरणों का जीवंत प्रदर्शन किया गया है। इसी प्रकार लौह निर्माण, रस्सी निर्माण, फसल मिंजाई, कत्था निर्माण, चिवड़ा-लाई निर्माण, मंद आसवन, अन्न कुटाई व पिसाई, तेल प्रसंस्करण हेतु उपयोग में लाने जाने वाले उपकरणों व परंपरागत तकनीकों को दर्शाया गया है।

## उप अभियंता भर्ती परीक्षा में नकल करते एक परीक्षार्थी पकड़ी, मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रायपुर, 13 जुलाई।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित उप अभियंता (सिविल) एवं उप अभियंता (विद्युत/यांत्रिकी) भर्ती परीक्षा के अंतर्गत परीक्षा केन्द्र क्र. 1309 - शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.) में एक गंभीर नकल प्रकरण प्रकाश में आया। कक्ष क्रमांक 07 में परीक्षार्थी रोल नंबर 13091014 - कु. अन्नु सूर्या, पिता - कलेश्वर राम द्वारा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए परीक्षा कक्ष में तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उक्त परीक्षार्थी के अंतःवस्त्र में हिडन कैमरा व कान से माइक्रो स्पीकर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण छिपाकर रखे गए पाए गए, जिन्हें तत्काल जब्त किया गया।

परीक्षा केन्द्र परिसर के बाहर नकल में सहायता करने हेतु उपस्थित कु. अनुराधा बाई के पास से वॉकी-टॉकी, टैबलेट, ब्लूटूथ डिवाइस और मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। यह स्पष्ट रूप से एक संगठित इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से नकल करने का प्रयास था।

प्रशासन द्वारा नियमानुसार तत्काल नकल प्रकरण तैयार कर छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) को प्रेषित कर दिया गया है। साथ ही, थाना सरकंडा पुलिस को सूचित कर एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। संबंधित व्यक्तियों पर उचित कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

व्यावसायिक परीक्षा मंडल एवं जिला प्रशासन द्वारा इस पूरे प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लिया गया है। परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु ऐसी घटनाओं पर 'जीरो टॉलरेंस नीति' अपनाई गई है। भविष्य में भी किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार सरकार देगी 10 लाख युवाओं को नौकरी, 39 लाख को रोजगार : नीतीश कुमार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पटना, 13 जुलाई।** बिहार में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव में नौकरी और रोजगार बड़ा मुद्दा बनने जा रहा है। इसी बीच, रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में अब तक 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और करीब 39 लाख लोगों को रोजगार दिया गया है।

उन्होंने यह भी वादा किया कि अगले पांच साल (2025 से 2030) में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है।

सीएम नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नौकरी और रोजगार का जिक्र करते हुए लिखा, 'राज्य में अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार मिले, ये शुरू से ही हमारी सोच रही है। वर्ष 2005 से 2020 के बीच राज्य में 8 लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई। राज्य के युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने की गति को और बढ़ाने के लिए वर्ष 2020 में हमने सुशासन के कार्यक्रम सात निश्चय-2 में 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और 10 लाख लोगों को रोजगार देने का संकल्प लिया था। बाद में इसे बढ़ाकर अगस्त 2025 तक 12 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और 38 लाख लोगों को रोजगार का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कुल 50 लाख नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया था।'

उन्होंने लिखा, 'मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि राज्य में अब तक 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और लगभग 39 लाख लोगों को रोजगार दिया जा चुका है और 50 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने के लक्ष्य को निश्चित रूप से प्राप्त कर लिया जाएगा।'

अगले पांच साल की योजनाओं का जिक्र करते हुए सीएम नीतीश ने कहा, 'इसी क्रम में अगले पांच साल में (2025 से 2030) वर्ष 2020-25 के लक्ष्य को दोगुना करते हुए एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया जा रहा है। इसके लिए निजी, विशेषकर औद्योगिक क्षेत्रों में भी नौकरी एवं रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। इसे लेकर एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया जा रहा है।'

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आगे लिखते हैं, 'वर्तमान में सात निश्चय के तहत राज्य के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए उन्हें कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। अगले पांच वर्षों में युवाओं के कौशल विकास के लिए सात निश्चय के तहत चल रहे कार्यक्रम को विस्तारित किया जाएगा। आने वाले समय में कौशल विकास हेतु एक कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी, जिसका नाम बिहार के गौरव भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के नाम पर जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय रखा जाएगा ताकि राज्य के युवाओं को कौशल विकास की नई दिशा मिल सके।'

## प्रभु के दर्शनों के बिना मानव जीवन व्यर्थ है : माता सुदीक्षा जी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 जुलाई।** निरंकारी सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के आर्शीवाद से चण्डीगढ़ के सैक्टर-30 ए में स्थित सन्त निरंकारी सत्संग भवन में इंगलिश मीडियम सन्त समागम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया । इस अवसर पर महात्माओं विशेष तौर पर नौजवानों ने इंगलिश भाषा का सहारा लेते हुए गीत, कविता, विचार के माध्यम से निरंकारी मिशन के सिद्धान्तों तथा मानवता के उत्थान की चर्चा की। उन्होंने अपने संदेश में यह प्रदर्शित किया कि इस शाश्वत सत्ता के दर्शनों के बिना मानव जीवन व्यर्थ है।

इस समागम की अध्यक्षता करते हुए डॉ मोहित गुप्ता जी, प्रचारक चंडीगढ़ ने आए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग को विज्ञान का युग कहा जाता है जहां एक ओर विज्ञान ने चंद्रमा और मंगल तक अपनी पहुंच बना ली है वहीं दूसरी ओर यह एक कटु सच्चाई भी है कि अध्यत्मिकता के क्षेत्र में आज भी बहुत से लोग भ्रम और भुलेखों में फंसे हुए हैं जोकि एक चिंता का विषय है जो इंसान पूर्ण सतगुरु की शरण में आ जाते हैं उनके भ्रम और भूलेखे पूर्णरूप से समाप्त हो जाते है।

डॉ. गुप्ता ने आगे कहा कि निरंकारी सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा ब्रहमज्ञान प्रदान कर अज्ञानता का अंधेरा मिटाया जा रहा है और इन्सान के जीवन में उज्जवलता लाई जा रही है । यह सभी दैवी गुण मानव के जीवन में तभी आ सकते है जब इंसान इस प्रभु परमात्मा को जान लेता है और ये ही मानव जीवन का असली उद्देश्य है।

## रोड पर फॉर्म बिखरने की बात गलत, चुनाव आयोग और जिला प्रशासन ने दी सफाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**पटना, 13 जुलाई।** चुनाव आयोग ने पटना में गांधी मैदान से कृष्णा घाट वाली फ्लाईओवर पर हजारों वेरिफिकेशन फॉर्म मिलने की घटना को गलत बताया है। एक तथाकथित वीडियो में सड़क किनारे अनगिनत पेपर दिखे थे। विपक्ष ने इस पर चुनाव आयोग को घेरा था। हालांकि, चुनाव आयोग ने इस तरह की किसी भी घटना से इनकार किया है।

बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'एक पोस्ट के माध्यम से यह सूचना प्राप्त हुई थी कि गांधी मैदान से कृष्णा घाट फ्लाईओवर की ओर जाने वाली सड़क पर गणना प्रपत्र बिखरे हुए पाए गए हैं। इस संबंध में उप निर्वाचन पदाधिकारी, पटना की ओर से तत्काल स्थल पर सत्यापन (स्पॉट वेरिफिकेशन) किया गया, जिसमें ऐसी कोई घटना संज्ञान में नहीं आई।'

पोस्ट में आगे लिखा गया, 'वहां से कोई गणना प्रपत्र भी बरामद नहीं हुआ। उप निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से स्थानीय स्तर पर अन्य व्यक्तियों से भी पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने भी ऐसी किसी घटना की जानकारी होने की पुष्टि नहीं की और सभी ने मामले के प्रति अनभिज्ञता प्रकट की।'

पटना जिला प्रशासन ने भी एक नया वीडियो जारी किया, जिसमें सड़क पर कहीं भी गणना प्रपत्र नहीं मिला।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पटना जिला प्रशासन ने लिखा, 'ऐसा प्रतीत होता है कि यह वीडियो पुराना है। सभी पदाधिकारीगण की ओर से एक-एक फॉर्म को सुव्यवस्थित ढंग से संभालकर रखा जा रहा है। वीडियो में प्रदर्शित मामले की जांच की जा रही है। जांच से संबंधित वीडियो नीचे संलग्न है। जांच का यह वीडियो 12 जुलाई दोपहर 2.50 बजे का है, जिसमें कोई भी फॉर्म सड़क पर गिरा हुआ नहीं पाया गया है। मामले की विस्तृत जांच टीम कर रही है।'

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान यह तथाकथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था। वीडियो में सड़क पर तमाम कागज पड़े हुए थे। विपक्षी दलों ने दावा किया था कि यह कागज गणना प्रपत्र वाले फॉर्म हैं। रविवार को राजद नेता तेजस्वी यादव ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी यह वीडियो चलाया था और चुनाव आयोग पर निशाना साधा था। फिलहाल, चुनाव आयोग ने स्थिति साफ कर दी है।

## तेलंगाना में पिछड़ी जातियों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण पर मोहर लगी

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**हैदराबाद, 13 जुलाई।** तेलंगाना कैबिनेट ने स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ा वर्ग आरक्षण पर महत्वपूर्ण फैसला लिया। तेलंगाना मंत्रिमंडल ने पिछड़ा वर्ग आरक्षण अध्यादेश को मंजूरी दी गई

स्थानीय निकायों में पिछड़ी जातियों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण का लागू किया गया कहा तथा कैबिनेट बैठक में दो शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के संबंध में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय के साथ-साथ दोनो शिक्षण संस्थानों को विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया।

17 हजार से अधिक नौकरियों के लिए जॉब कैलेंडर तैयारहैं राज्य के सूचना एवं प्रसारण तथा राजस्व मंत्री

पोंगुलेटी श्रीनिवन रेड्डी ने बताया कि राज्य ने विश्वविद्यालयों में छात्रों के लिए 50 प्रतिशत सीटें निर्धारित की हैं। उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य के लिए 2018 में लाया गया कानून स्थानीय निकाय चुनावों के संचालन के लिए आवंटित किया जाएगा।

पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने आगे कहा कि हैदराबाद तेलंगाना में उक्त अध्यादेश जारी करने के लिए राज्य की बैठक में आरक्षण लागू करने के बाद ही कैबिनेट मामलों के लिए संस्थानों के चुनावों के साथ आगे बढ़ने, तथा स्थानीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है।

इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाने के साथ-साथ बीसी आरक्षण प्रदान किया जा रहा है। राज्य में नौकरियों को भरने की प्रक्रिया को देश में एक उदाहरण के रूप में तेज किया जा रहा है।

कैबिनेट कैलेंडर तैयार है, और मार्च के मंत्री पोंगुलेटि श्रीनिवन रेड्डी, पोन्नम प्रभाकर और अन्य ने भी कुछ अन्य प्रमुख लोगों को लाखों नौकरियां प्रदान करने के लिए मीडिया निर्णय लिए।

## टीडीपी गठबंधन सरकार के धोखे और हिंसा के लिए जिम्मेदार है : पूर्व मंत्री अंबाटी

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी



**अमरावती, 13 जुलाई।** राज्य के आम नागरिकों की अनेक कार्यकर्ताओं की हो रही गैर संवैधानिक अराजकता के कानून सेपीड़ित जनता के विश्वास को तोड़ने और विपक्षी सदस्यों के खिलाफ हिंसा भड़काने के लिए गठबंधन सरकार पर तीखा हमला बोला है।

अधिवक्ता एवं पूर्व मंत्री अंबाती रामबाबू ने जिला मुख्यालय गुंटूर में मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू पर अपने वादे पूरे न करने, सत्ता में एक साल पूरा करने और दूसरे साल में कदम रखने का आरोप लगाया।

'चंद्रबाबू का 'बाबू श्योरिटी - फ्यूचर गारंटी' लोगों के साथ एक सरासर धोखा है,÷ रामबाबू ने सरकार की नाकामियों को उजागर करने के लिए पार्टी के राज्यव्यापी अभियान, बाबू श्योरिटी - मोसम गारंटी (धोखे की गारंटी) की घोषणा करते हुए आगे कहा ।

रामबाबू ने राज्य में 24 घंटे के पहले हुए अनेक घटनाओं का उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री के पुत्र ÷लोकेश की रेड बुक÷ के सहारे सेहो रहे अत्याचारों को उधर केंद्र की भाजपाऔर राज्य की जनसंख्या पार्टी तेलुगु देशम पार्टी के नौटंकी को उदाहरण में बताते हुए रामबाबू ने कहा कि गुडीवाड़ा निर्वाचन क्षेत्र की घटना पर प्रकाश डाला, जहाँ वाईएसआरसीपी के बाबू श्योरिटी - मोसम गारंटी कार्यक्रम को बाधित करने का प्रयास किया गया। कृष्णा जिले की जिला परिषद अध्यक्ष उप्पला हरिका, जो पिछड़ा वर्ग (बीसी) समुदाय की सदस्य हैं, उनके वाहन पर हिंसक हमला किया गया। रामबाबू ने कहा, ÷कथित तौर पर शराब और नशीली दवाओं के नशे में धुत हमलावरों ने हरिका की कार पर हमला किया, जबकि पुलिस मूकदर्शक बनी खड़ी रही। उन्होंने राज्य के गृह मंत्री से तत्काल प्रतिक्रिया की माँग की और हाशिए के समुदायों की महिलाओं को निशाना बनाकर किए गए हमलों पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने चुनौती दी, ÷क्या गृह मंत्री की कोई जवाबदेही नहीं है जब पिछड़ी जातियों की महिलाओं पर हमला होता है?

# भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड की दिशा में मुख्यमंत्री धामी को सम्मान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**देहरादून, 13 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को बल्लीवाला, देहरादून में 'भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड' के लिए मुख्यमंत्री द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड की शपथ भी दिलाई।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश को भ्रष्टाचार से मुक्त बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी और जनता के समर्थन को इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि यह अभिनंदन समारोह केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उत्तराखंड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के सपने को साकार करने का उत्सव है। यह सम्मान उत्तराखंड की सवा करोड़ जनता का है, जो ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के मूल्यों के साथ राज्य के विकास की दिशा में अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई व्यक्तिगत विजय नहीं, बल्कि यह जनता के विश्वास, ईमानदारी की ताकत और युवाओं की उम्मीदों की जीत है। राज्य सरकार ने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तकनीक का व्यापक उपयोग किया है, जिसमें ऑनलाइन ट्रांसफर प्रक्रिया, परीक्षा प्रणाली की निगरानी और जन शिकायत निवारण के लिए सीएम हेल्पलाइन 1905 और भ्रष्टाचार की शिकायतों के लिए 1064 जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता, ट्रांसफर-पोस्टिंग में भ्रष्टाचार और योजनाओं में कमीशनखोरी जैसे मामलों में कठोर कार्रवाई की गई। पिछले तीन वर्षों में भ्रष्टाचार में लिप्त 200 से अधिक लोगों को जेल भेजा गया है। पिछले चार वर्षों में राज्य में 24 हजार से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में समान नागरिक संहिता को लागू करने, सख्त नकल विरोधी कानून बनाने, लैंड जिहाद व लव जिहाद के विरुद्ध कार्रवाई तथा धर्मांतरण और दंगारोधी कानूनों के माध्यम से शासन व्यवस्था को मजबूती प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इन कदमों ने यह प्रमाणित किया है कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो किसी भी चुनौती का सामना सफलतापूर्वक किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में छद्म वेशधारियों की मूल पहचान उजागर करने के लिए 'ऑपरेशन कालनेमि' चलाया जा रहा है। अब तक 200 से अधिक संदिग्धों को पकड़ा गया है, जिनमें कुछ बांग्लादेशी घुसपैठिए भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि ऐसे तत्वों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'ना खाऊँगा, ना खाने दूँगा' के मंत्र को अपनाते हुए राज्य सरकार पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी शासन व्यवस्था के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर विधायक खजान दास, स्वामी चिदानंद सरस्वती, किशन गिरी महाराज, राकेश ओबेरॉय, पंकज गुप्ता एवं विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# राज्यपाल ने छठवें एंटरप्रेन्योर और अचीवर अवार्ड्स 2025 में 31 विशिष्ट व्यक्तियों को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 जुलाई।** मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया (एमएफआई) और पब्लिक रिलेशंस कौंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) द्वारा आयोजित छठवें एंटरप्रेन्योर एंड अचीवर अवार्ड्स 2025 का आयोजन पीएचडी हाउस, सेक्टर 31, चंडीगढ़ में किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 31 विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में उन लोगों की सराहना की गई जिन्होंने सिविल सेवाएं, रक्षा,




न्यायिक सेवाएं, कॉर्पोरेट, मीडिया, शिक्षा, चिकित्सा, कृषि और सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान दिया है।

इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को सम्मानित करना न केवल उनके कार्यों की सराहना है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक योगदान के लिए दूसरों को भी प्रेरित करता है। कार्यक्रम में सांसद सतनाम सिंह संधू ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया और अपने संबोधन में ईमानदारी और निष्ठा को दीर्घकालिक सफलता की कुंजी बताया।

कार्यक्रम में डॉ. रुपेश सिंह, चेयरमैन, पब्लिक रिलेशन कार्उसिल ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ चैप्टर ने कहा कि यह अवॉर्ड्स उन सामाजिक उद्यमियों और पेशेवरों को सम्मानित करते हैं जो अपने कार्यों और नेतृत्व से समाज में सार्थक बदलाव ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मंच असली नायकों को पहचान देने की कोशिश करता है जो समाज की बुनियाद को मजबूत बना रहे हैं। एमएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण शर्मा ने भी सभा को संबोधित किया और सभी पुरस्कार विजेताओं के जज्बे और प्रयासों की सराहना की।

### इन हस्तियों को किया गया सम्मानित

सम्मानित व्यक्तियों में वी. के. सिंह, आईएएस (सिविल सेवाओं में उत्कृष्टता), लेफ्टिनेंट जनरल आर. एस. सुजलाना (रक्षा सेवाओं में उत्कृष्टता), संजय कुमार सचदेवा (न्यायिक सेवाओं में उत्कृष्टता), हिम्मत सिंह (भर्ती प्रशासन में उत्कृष्टता), डॉ. आशीष गुलिया (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी), आचार्य मनीष (आयुर्वेदिक अस्पताल), डॉ. अनिरुद्ध गुप्ता (एजूप्रेन्योरशिप), डॉ. संदीप पटेल (ऑर्थोपेडिक्स), अमिताभ शुक्ला (अंग्रेजी पत्रकारिता), जी. भुवनेश कुमार (हवाई अड्डा सुरक्षा), नवदीप सिंह गिल (सटीक लेखन), सर्वप्रिया निर्मोही (रेडियो ब्रॉडकास्टिंग और एंकरिंग), भारतेंदु शांडिल्य (कॉर्पोरेट अफेयर्स), मधु पंडित (माइंडफुलनेस और इमोशनल इंटेलिजेंस), संजीव नागपाल (सतत कृषि और आजीविका), भारती सूद (नीति वकालत), मीनल मिश्रा (एचआर), दीप इंदर सिंह संधू (उच्च शिक्षा), सृष्टि शर्मा (कक्षा 10वीं सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्टता), मुनिश अरोड़ा (खेल प्रबंधन), डॉ. विनीत पुनिया (जनसंपर्क), प्रदीप बंसल और अंकुर चावला (प्रख्यात बिल्डर), विवेक वर्मा (थर्मल इंजीनियरिंग), डॉ. प्रिया चड्ढा (डॉक्यूमेंट्री निर्माण), टेक चंद गोयल (बासमती चावल निर्यात), बहादुर सिंह (परोपकार), डॉ. ज्ञानेश्वर मैनी (डायबिटोलॉजी), सुखदेव सिंह (फाइन डाइनिंग), प्रिया (स्पेशल ओलंपिक 2025 स्वर्ण पदक), रीकृत सैरे (सतलुज ग्रुप ऑफ स्कूल्स) और राजेश कुमार शर्मा (एसटीएम ग्रुप) शामिल रहे। एसटीएम ग्रुप और सतलुज ग्रुप ऑफ स्कूल्स इस पुरस्कार समारोह के प्रायोजक भी रहे। समारोह ने समाज में सकारात्मक भूमिका निभा रहे इन व्यक्तियों की उपलब्धियों को प्रेरणास्रोत के रूप में प्रस्तुत किया।

---


▲ अधिकतम 34 डिग्री से.
27 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.29 बजे
सूर्यास्त 7.28 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 99,860.00 |
| सेंसेक्स | 82,500.47 |
| अमेरिका | 85.86 |
| कैनेडियन | 62.73 |
| आस्ट्रेलिया | 56.54 |

## न्यूज ब्रीफ

### जनता की त्राहि त्राहि और पानी के नाम पर करोड़ों का घोटाला लेकिन मेयर मौन

**चंडीगढ़ (अप्रस/वीरेन्द्र सिंह)।**



मनीमाजरा में 24 घंटे पीने के पानी की सप्लाई के नाम पर चंडीगढ़ की जनता के साथ जो करोड़ों का धोखा हुआ है जनता को सुबह शाम सिर्फ दो घंटे घंटे पीने के पानी के नाम पर दूषित पानी परोसा जा रहा है। जनता में इस पर बहुत ही आक्रोश है कि इस पानी सप्लाई फ्रॉड के नाम पर उनके साथ बहुत धोखा हुआ है जिसमें चंडीगढ़ के बी जे पी के नेताओं ने उद्घाटन के नाम पर अपनी पार्टी का झूठा प्रचार किया। इसी मौके पर गृह मंत्री अमित शाह जी ने झूठे वायदे करते हुए कहा था कि अब से पूरे क्षेत्र में चौबीस घंटे स्वच्छ पानी की सप्लाई आएगी और गृहणियों को सुबह उठ कर पानी जमा नहीं करना पड़ेगा और ना ही वाटर प्यूरीफायर की जरूरत पड़ेगी लेकिन यह सब कथित वायदे भी जुमले ही साबित हुए। उस समय के मेयर कुलदीप कुमार ने तो इस सारी स्थिति का आभास करते हुए इस उद्घाटन से अपनी दूरी बना रखी थी। अब जब चंडीगढ़ की जनता इस घोटाले के बारे आवाज उठा रही है लेकिन निगम मेयर ने इस पर मौन धारा हुआ है शायद उसको अपनी पार्टी की तरफ से ऑर्डर है । उनकी पार्टी ने दिखावे के नाम पर केंद्र सरकार को पत्र लिख कर इस घोटाले की जांच कराने के लिए लिखा है जबकि इन्हीं की सरकार के अधीन तो इस प्रोजेक्ट को पास किया गया अब क्या वोही अपने ऊपर जांच करवाएगी। इसी घोटाले को छुपाने के लिए चंडीगढ़ के सांसद को संसद में गलत जवाब दिया गया कि लोगों को 18 घंटे स्वच्छ पीने का पानी मिल रहा है। चंडीगढ़ की मेयर जो कि एक संवैधानिक पद पर है उनको अपना मौन तोड़ते हुए इस घोटाले के विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए नहीं तो जनता यही समझेगी की शायद उनकी भी इस प्रोजेक्ट को मौखिक अनुमति है और आए दिन चंडीगढ़ में घोटाले हो रहे हैं।

---

# चंडीगढ़ सांसद मनीष तिवारी ने प्रशासक को पत्र लिख स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष पद से हटने की बात कही

कहा–विभिन्न कमेटियों के दस में से सात अध्यक्ष केवल 'एक' राजनीतिक व्यवस्था से संबंधित

कांग्रेस अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की को केवल कला, संस्कृति, पर्यटन और विरासत संरक्षण स्टैंडिंग कमेटी का मात्र सदस्य बनाया गया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 जुलाई।** हाल ही में पंजाब के गवर्नर व चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने एडवाइजरी काउंसिल की 10 स्टैंडिंग कमेटियों की घोषणा की थी। ये कमेटियां अलग-अलग क्षेत्रों से संबन्धित कार्यों को प्रभावी बनाने के लिए गठित की गई थीं। इन स्टैंडिंग कमेटियों के लिए अध्यक्ष, सदस्य और सदस्य सचिव नियुक्त किए गए थे। लेकिन अब यहां नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर विरोध पैदा हो गया है।

दरअसल, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने इस पर सवाल खड़े किए हैं साथ ही स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष पद से खुद के हटने की बात कही है। उन्होंने गवर्नर गुलाबचंद कटारिया को इस संबंध में लेटर लिखकर भेजा है। मनीष तिवारी ने कहा कि वह कला, संस्कृति, पर्यटन और विरासत संरक्षण स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष पद पर नहीं रहना चाहते। तिवारी ने मांग की है कि उनकी जगह चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लकी को स्टैंडिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाया जाये।

गवर्नर गुलाबचंद कटारिया को भेजे लेटर में मनीष तिवारी ने लिखा, ''गठित स्टैंडिंग कमेटियों के लिए मैंने अध्यक्षों एवं सदस्यों की सूची देखी है। मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ है कि जहां अन्य राजनीतिक दलों के चंडीगढ़ अध्यक्षों को किसी न किसी उप-समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, वहीं चंडीगढ़ प्रादेशिक कांग्रेस समिति के अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लकी को केवल कला, संस्कृति, पर्यटन और विरासत संरक्षण स्टैंडिंग कमेटी का मात्र सदस्य बनाया गया है''।

मनीष तिवारी ने कहा कि, ''यह एक गंभीर विसंगति है और सही मायनों में अगर कहा जाये तो किसी राजनीतिक व्यक्ति को इन कमेटियों का अध्यक्ष नहीं बनाया जाना चाहिए। केवल संबन्धित क्षेत्र के विशेषज्ञों और संबंधित विधाओं के विशेष ज्ञान वाले लोगों को ही इन कमेटियों का नेतृत्व करना चाहिए। चंडीगढ़ में ऐसे अनुभवी और प्रतिभाशाली लोगों की कोई कमी नहीं है, जिनके पास अपने-अपने क्षेत्रों में अपार अनुभव और विशेषज्ञता है''।

मनीष तिवारी ने आगे लिखा, ''चूंकि आपने अपनी सहज बुद्धि से राजनीतिक व्यक्तियों को संबंधित कमेटियों का अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया है, इसलिए ऐसी परिस्थितियों में मैं आपसे अनुरोध करना चाहूंगा कि कृपया मेरे स्थान पर सरदार हरमोहिंदर सिंह लकी को कला, संस्कृति, पर्यटन और विरासत संरक्षण संबंधी उप-समिति का अध्यक्ष नियुक्त करें। इस प्रकार चंडीगढ़ के कई प्रमुख राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को समान आधार पर रखा जा सकेगा।''

वहीं मनीष तिवारी ने आगे कहा, ''मुझे इस बात पर बहुत आश्चर्य हुआ है कि विभिन्न कमेटियों के दस में से सात अध्यक्ष केवल 'एक' राजनीतिक व्यवस्था से संबंधित हैं। क्या यह अनजाने में हुआ है या जानबूझकर और यहां तक कि औचित्य की दृष्टि से भी उचित है, मैं इस पर विचार करने का निर्णय आपके (गवर्नर गुलाबचंद कटारिया) महान विवेक और दूरदर्शिता पर छोड़ता हूं, क्योंकि आपके पास समृद्ध और विविध राजनीतिक और प्रशासनिक अनुभव है।''

---

# एक महीने पहले ड्रेनेज पाइप बिछाने के लिए खोदी गई सड़क की मरम्मत न होने से स्थानीय निवासी परेशान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 13 जुलाई।** कलगीधर मार्केट बलटाना से हाईलैंड सोसाइटी तक जाने वाली सड़क को नगर परिषद द्वारा एक महीने पहले बरसाती पानी की निकासी के पाइप बिछाने के लिए खोदा गया था। अब बरसात का मौसम शुरू होने के बाद भी यह सड़क टूटी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, जब यह पाइपलाइन बिछाई जा रही थी, तब हाईलैंड सोसाइटी के सामने स्थित डिफेंस एन्क्लेव के निवासियों के विरोध के कारण काम रोक दिया गया था, जो एक महीने बाद भी बंद है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि अब थोड़ी सी बारिश में ही इस सड़क की हालत बेहद खराब हो जाती है।

उन्होंने बताया कि जलभराव के कारण कई दोपहिया वाहन यहां दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। इस सड़क पर स्थित दुकानदारों ने बताया कि जब से यह सड़क खोदी गई है, उनका कारोबार ठप हो गया है, क्योंकि बरसाती पानी भरने के कारण सड़क बिल्कुल भी चलने लायक नहीं बची है।



आसपास की सोसाइटी के विरोध करने के बाद यहां पर पाइपलाइन बिछाने का काम बंद कर दिया गया था। हमने कुछ एक भाग में टाइलें लगवा दी थी लेकिन बारिश के कारण काम रुका हुआ है। जैसे ही पानी सूख जाएगा साथ के साथ ही टाइलें लगवाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

**सुरेश सैनी , वार्ड 7 प्रभारी आम आदमी पार्टी**

आस-पास की सोसायटी के लोगों के विरोध के कारण इस सड़क का काम रोकना पड़ा। मिट्टी डालकर टाइलें लगाने के लिए बेस बना दिया गया है मार्च महीने तक इस सड़क पर टाइलें बिछाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

**जेई अमनदीप सिंह, नगर परिषद जीरकपुर**

स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने मांग की है कि इस सड़क का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए। उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर इस सड़क का काम जल्द पूरा नहीं हुआ तो वे संघर्ष करने को मजबूर होंगे।

---

## मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह के दो गुर्गे तीन चोरी के मोटरसाइकिलों सहित गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 13 जुलाई।** ढकौली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह के दो गुर्गों को काबू किया है। इस गिरोह में चार शातिर चोर शामिल है जबकि दो की गिरफ्तारी बाकी है। आरोपी दिन व रात के समय बंद घरों, पार्किंग में खड़े वाहनों को चोरी करते थे। इससे पहले वह वाहनों की रैकी करते थे। आरोपियों के खिलाफ ढकौली थाने में बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 24 वर्षीय कुनाल कुमार निवासी गांव भांखरपुर डेराबस्सी व 21 वर्षीय विशाल निवासी गांव मुबारिकपुर डेराबस्सी के रूप में हुई है। दोनों आरोपी पुलिस रिमांड पर है जिनसे पूछताछ की जा रही है।

ढकौली थाने के एसएचओ सिमरजीत सिंह शेरगिल ने बताया कि 16 जून को करीब 9 बजे पोपिंग आर्यन रिटरो जिम ढकौली के सामने बनी पार्किंग में खड़े सुरिंदर कुमार निवासी एमएस एनक्लेव ढकौली के सप्लेंडर मोटरसाइकिल के चोरी होने की सूचना मिली थी जिसके बाद 12 जुलाई को ढकौली थाने में



अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जांच के बाद उक्त दोनों आरोपियों को नाकेबंदी के दौरान गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से यूपी नंबर चोरी का मोटरसाइकिल बरामद हुआ था। उनकी निशानदेही पर दो अन्य चोरी के मोटरसाइकिल भी रिकवर किए गए। आरोपियों की पूछताछ में यह बात सामने आई है कि आरोपी कुनाल कुमार के खिलाफ पहले भी वर्ष 2024 व 25 में जीरकपुर थाने में दो चोरी के मामले दर्ज हैं।

वहीं आरोपी विशाल के खिलाफ वर्ष 2025 में थाना जीरकपुर में चोरी का मामला दर्ज हुआ है।

---

# कम्युनिटी सेंटर बुकिंग और 75 करोड़ वॉटर प्रोजेक्ट घोटाले ने चंडीगढ़ को हिला दिया

आप ने सीबीआई जांच और पूरे शहर में जल आपूर्ति सुधार की मांग की

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 13 जुलाई।** आम आदमी पार्टी की चंडीगढ़ इकाई ने दो बड़े घोटालों - कम्युनिटी सेंटर बुकिंग में भ्रष्टाचार और 75 करोड़ रुपये के मनीमाजरा 24×7 जल आपूर्ति स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को लेकर यूटी प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। पार्टी ने इन मामलों में कोर्ट मॉनिटरिंग के तहत सीबीआई या एसआईटी जांच की मांग की है, साथ ही पूरे शहर में जल आपूर्ति व्यवस्था में व्यापक सुधार की अपील की है।

पार्टी का दावा है कि चंडीगढ़ नगर निगम की बुकिंग शाखा में एक संगठित घोटाले के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लोगों से अवैध रूप से 10,000 रुपये से 55,000 रुपये तक वसूले गए। इन परिवारों को कम्युनिटी सेंटर मुफ्त मिलना चाहिए था, लेकिन फर्जी मोहरें, नकली बुकिंग स्लिप और जाली पार्षद हस्ताक्षरों के ज़रिए ठगा गया।



आप चंडीगढ़ अध्यक्ष विजयपाल सिंह ने कहा, 'यह सिर्फ आर्थिक घोटाला नहीं, बल्कि गरीबों से खुलेआम लूट है। नकली छूट का झांसा देकर पूरे पैसे वसूले गए। इसमें अधिकारी, दलाल और राजनीतिक संरक्षण देने वाले लोग शामिल हैं। घोटाले की कीमत 100 रुपये करोड़ से अधिक हो सकती है।'

आप ने स्मार्ट सिटी के तहत शुरू किए गए मनीमाजरा जल आपूर्ति प्रोजेक्ट में भी गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया, सप्लाई में गंदे और मिलावटी पानी की शिकायतें, टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी और अधूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर, परियोजना नेतृत्व का अक्टूबर 2024 से अभाव, 48 मिलियन का असुरक्षित ऋण, खर्च तो हो रहा, लेकिन पानी नहीं आ रहा। विजयपाल सिंह ने कहा, 'यह पायलट प्रोजेक्ट नहीं, पायलट आपदा है। न पानी की गुणवत्ता है, न निरंतरता। लेकिन भुगतान जारी है और कोई जवाबदेही नहीं।'

### पूरा शहर जल संकट की चपेट में

आप ने स्पष्ट किया कि जल संकट सिर्फ मनीमाजरा तक सीमित नहीं है, बल्कि चंडीगढ़ के कई सेक्टरों, कॉलोनियों और गांवों में पानी का दबाव कम है और सप्लाई अनियमित है। पार्टी ने तत्काल सुधार के लिए शहरभर के जल इन्फ्रास्ट्रक्चर का ऑडिट और पारदर्शी जल समय-सारणी की मांग की।

### आप की प्रमुख मांगें

पार्टी द्वारा प्रशासक को सौंपे गए ज्ञापन में ये मांगें प्रमुख रूप से रखी गईं। कम्युनिटी सेंटर बुकिंग घोटाले की सीबीआई जांच, सभी डिजिटल और भौतिक बुकिंग रिकॉर्ड की जब्ती व सुरक्षा, घोटाले से जुड़े सभी अधिकारियों का तत्काल निलंबन, जल परियोजना की सीबीआई या एसआईटी जांच उच्च न्यायिक निगरानी में हो, प्रोजेक्ट की स्वतंत्र समीक्षा से पहले कोई नया फंड रिलीज न हो, पूरे शहर के जल संकट पर व्यापक ऑडिट व कार्य योजना तैयार की जाए।

### यह केवल घोटाला नहीं, अधिकारों पर हमला है

विजयपाल सिंह ने कहा, 'यह केवल जनता के पैसे की बात नहीं है, यह उनके अधिकारों की बात है। एक ओर गरीबों से लूट, दूसरी ओर नागरिकों को गंदा पानी। ऐसे घोटालों की उच्चतम स्तर पर जांच जरूरी है, ताकि चंडीगढ़ के बुनियादी ढांचे में पारदर्शिता और न्याय स्थापित हो सके।'

### पूर्व ज्ञापन को भी नजरअंदाज किया गयाः आप

आप ने यह भी याद दिलाया कि फरवरी 2025 में उन्होंने यूटी प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था जिसमें सीजीएचएस लाभ, मेडिकल रिइम्बर्समेंट, अनुबंध कर्मचारियों की स्थिति, वॉलीबॉल स्टेडियम और वृद्धावस्था पेंशन से जुड़े मुद्दे उठाए गए थे, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### प्रशासन की प्रतिक्रिया का इंतजार

जहां आप ने इन घोटालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, वहीं यूटी प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि सूत्रों के अनुसार, बुकिंग शाखा पर सतर्कता विभाग की प्रारंभिक जांच शुरू हो चुकी है।

---

# घर में हुई चोरी के मामले को पुलिस ने सुलझाया, दो काबू

## आरोपियो के कब्जे से गोल्डन रंग के नेकलेस, चांदी की चूड़ियां और बैंक के खाली चैक बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 13 जुलाई।** यूटी पुलिस की क्राइम ब्रांच ने थाना 19 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत एक घर में हुई चोरी के मामले को सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए थे कि पहचान सैक्टर 23 निवासी 35 वर्षीय विवेक भट्ट जिसके कब्जे से एक गोल्डन रंग का नेकलेस, 9 खाली बैंक के चेक, वारदात के समय इस्तेमाल चंडीगढ़ नंबर काले रंग की अल्टो कार सैक्टर 11 ब्रिज के पास से बरामद की। दूसरे आरोपी की पहचान सेक्टर 22 के रहने वाले 35 वर्षीय अंकित चंद्र जिसके कब्जे से एक गोल्डन रंग का नेकलेस,एक सिल्वर चूड़ियां,16 खाली बैंक चेक बरामद किए। पकड़े गए आरोपी अंकित चंद्र के खिलाफ चंडीगढ़ के अलग अलग थानों में 6 मामले दर्ज पाए गए है।



पुलिस ने आरोपी के कब्जे से उक्त समान सैक्टर 25 रैली ग्राउंड के पास से बरामद किया।

जानकारी के अनुसार पीड़िता शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को बताया था कि वह बीते दिन घर को ताला लगा कर किसी काम से गई थी। जब वह शाम के समय वापिस आई तो घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था।और अंदर से सारा सामान बिखरा हुआ था। घर कुछ ज्वैलरी का सामान के अलावा 5 हजार रुपए की नकदी गायब थी। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था।

### आरोपियों की कार्यप्रणाली

पुलिस के अनुसार पकड़े गए दोनो आरोपी सैक्टर निवासियों और अन्य संस्थाओं में जाकर छबील के नाम पर चंदा इकट्ठा करते थे। छबील के लिए चंदा इकट्ठा करते समय वे घरों और अन्य प्रतिष्ठानों की रेकी करते थे। रेकी करने के बाद उन्होंने चोरी की योजना बनाई और उसे अंजाम दिया।

---

# अपराधियों पर नकेल कसने और स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर पुलिस अलर्ट

थाना 31 पुलिस ने चलाया सर्च अभियान

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 13 जुलाई।** यूटी साउथ डिविजन की थाना 31 पुलिस ने यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते अपराधियों पर नकेल कसने,सुरक्षा परिदृश्य, कानून-व्यवस्था, शांति, जन-सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से और स्वतंत्रता दिवस समारोह को मद्देनजर रखते हुए पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है।वही थाना 31 पुलिस ने राम दरबार एरिया में सुबह 5 बजे सर्च अभियान चलाया। जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों, अवैध तस्करों, हिस्ट्रीशीटरों, जेल से रिहा हुए लोगों की जाँच और एनडीपीएस मामलों में शामिल व्यक्तियों पर नज़र रखने पर विशेष ध्यान दिया गया।इस अभियान के दौरान उप-मंडल दक्षिण और चंडीगढ़ पुलिस की अन्य यूनिटों के



लगभग 170 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। पुलिस बल को सुबह 5.00 बजे चंडीगढ़ के बीट बॉक्स राम दरबार में एकत्रित किया गया और एसडीपीओ/साउथ और एसएचओ थाना-31 द्वारा उचित जानकारी दी गई।

राम दरबार के पूरे क्षेत्र को पुलिस द्वारा उचित बैरिकेडिंग और नाके लगाकर घेर लिया गया। सीएएसओ तलाशी के दौरान सभी बीसी,जेल रिहाई, बार-बार अपराध करने वाले,अपराधी, संदिग्ध व्यक्ति और किरायेदारो को वेरीफाई किया गया।

इस अभियान कुल 170 पुलिस कर्मी मौजूद रहे। पुलिस दल ने कुल 25 नाके लगाये। 800 घरों की जाँच की गई। 405 दुष्ट चरित्र और अपराधियों का सत्यापन किया गया। 200 स्टेजर रोल जारी किए गए। 100 वाहनों की जाँच की गई। 19 वाहनों का चालान और ज़ब्त किए गए। 10 लोग हिरासत में लिए गए। इस सीएएसओ अभियान का उद्देश्य जनता का विश्वास मज़बूत करना और किसी भी संभावित गैरकानूनी गतिविधियों को रोकना था।

सम्पादकीय

# आखिर विमान हादसे की आरंभिक रिपोर्ट से क्या समझें


अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे की आरंभिक जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, वे बेहद चौंकाने वाले और रहस्यमयी हैं। बेशक नागरिक उड्डयन मंत्रालय का कहना है कि अभी अंतिम रूप से कोई आकलन नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि जांच जारी है। हालांकि रिपोर्ट के हवाले से जिस प्रकार दोनों पायलटों के बीच फ्यूल स्विच ऑफ को लेकर क्षणिक चर्चा हुई है, वह जाहिर करती है कि या तो विमान को उड़ाने को लेकर भयंकर लापरवाही बरती गई है, या फिर एयर इंडिया का विमान किसी साजिश का शिकार हुआ है। गौरतलब है कि एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने पायलटों की भूमिका पर उठते सवालों के बाद जांच की शैली और कथित पूर्वाग्रहों पर नाराजगी जाहिर की है। निश्चित रूप से यह बेहद गंभीर मामला है और कोई भी पायलट यह नहीं चाहेगा कि उसका विमान ऐसे हादसे का शिकार हो, जिसमें उसकी खुद की मौत भी तय है। पायलट एसोसिएशन का यह आरोप सही जान नहीं पड़ रहा है कि हादसे की जांच पायलटों की गलती मानकर की जा रही है। जाहिर है, जांच के समय सभी पक्षों और तथ्यों को ध्यान में रखकर चला जाएगा। इस प्रकरण में पायलटों की बातचीत और फ्यूल के स्विच ऑफ होने की घटना अजीब है, क्योंकि इससे पहले तो ऐसा किसी विमान हादसे के संबंध में नहीं सुना गया।

**निश्चित रूप से इस विमान हादसे ने टाटा समूह की छवि पर असर डाला है। क्या टाटा समूह इस अंतरिम रिपोर्ट को स्वीकार करेगा। हालांकि समूह की कंपनी एयर इंडिया ने इस रिपोर्ट की समीक्षा की बात कही है। इसके लिए विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। वास्तव में ऐसा किया जाना आवश्यक है। बेशक इस समय जांच दोनों पायलटों की बातचीत और फ्यूल कट पर ठहर गई है, लेकिन इस समय प्रश्न तमाम हैं, जिनके संबंध में भी विचार आवश्यक है। पूछा जा रहा है कि विमान में तीसरा पायलट क्यों नहीं था। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि विमान की बीती यात्रा के दौरान यात्रियों ने इसमें सुरक्षा प्रबंधों पर सवाल उठाए थे, उनका समाधान किया गया या नहीं, यह कोई नहीं जानता। आजकल विमान कंपनियों में आपाधापी है, वहीं जिनके कंधों पर जिम्मेदारी होती है, बहुत बार वे तय नियमों का उल्लंघन करते पाए जा सकते हैं।**

12 जून को अहमदाबाद से इंग्लैंड जा रहा एयर इंडिया का विमान उड़ान भरने के कुछ सेकंड बाद ही दुर्घटनाग्रस्त होकर मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से टकरा गया था। इस आफत ने एकाएक 261 लोगों की जान ले ली। विमान में दो पायलटों के सहित कुल 242 लोग सवार थे वहीं बाकी की जान जमीन पर विमान के गिरने के बाद हुई। इस हादसे में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक मृत्यु को प्राप्त हो गए थे। दरअसल, अब प्रश्न विमान हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर भी उठ रहे हैं। पूछा जा रहा है कि आखिर पूर्ण जांच हुए बगैर अंतरिम रिपोर्ट जारी करने की क्या जरूरत थी और वह रिपोर्ट भी रात के समय क्यों जारी की गई। वहीं यह भी गंभीर आरोप है कि क्या बोइंग जोकि विमान की निर्माता कंपनी है, की ओर से किसी तकनीकी खामी की अनदेखी करके तो दूसरे तथ्यों को आधार बनाकर उन्हें हादसे की वजह ठहराने की कोशिश तो नहीं की गई है। आखिर यह भी क्यों नहीं पूछा जाए कि आखिर इतने बड़े हादसे की जांच में इतनी हड़बड़ी क्यों बरती जा रही है, क्या किसी को बचाया तो नहीं जा रहा। अगर पायलट एसोसिएशन का आरोप है कि पायलटों को दोषी ठहराया जा रहा है तो इसे भी क्यों नहीं गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है।

निश्चित रूप से इस विमान हादसे ने टाटा समूह की छवि पर असर डाला है। क्या टाटा समूह इस अंतरिम रिपोर्ट को स्वीकार करेगा। हालांकि समूह की कंपनी एयर इंडिया ने इस रिपोर्ट की समीक्षा की बात कही है। इसके लिए विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। वास्तव में ऐसा किया जाना आवश्यक है। बेशक इस समय जांच दोनों पायलटों की बातचीत और फ्यूल कट पर ठहर गई है, लेकिन इस समय प्रश्न तमाम हैं, जिनके संबंध में भी विचार आवश्यक है। पूछा जा रहा है कि विमान में तीसरा पायलट क्यों नहीं था। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि विमान की बीती यात्रा के दौरान यात्रियों ने इसमें सुरक्षा प्रबंधों पर सवाल उठाए थे, उनका समाधान किया गया या नहीं, यह कोई नहीं जानता। आजकल विमान कंपनियों में आपाधापी है, वहीं जिनके कंधों पर जिम्मेदारी होती है, बहुत बार वे तय नियमों का उल्लंघन करते पाए जा सकते हैं। उस समय कयास लगाया जा रहा था कि विमान की स्थिति देखकर लगता है, जैसे उड़ान भरने के तुरंत बाद दोनों ही इंजनों ने काम करना बंद कर दिया था। सामान्य जनों के लिए यह कौतूहल की बात हो सकती है कि विमान जब एक इंजन के खराब होने की स्थिति में दूसरा इंजन भी लगाया जाता है, लेकिन अगर दोनों ही इंजन बंद हो गए तो यह कैसे संभव हुआ। अब आरंभिक जांच रिपोर्ट में यही सामने आ रहा है। बेशक, इस हादसे ने केंद्र सरकार, टाटा समूह, एयर इंडिया समेत पूरी दुनिया के समक्ष बोइंग विमानों और हवाई यातायात को और सुरक्षित बनाने की चुनौती पेश कर दी है, लेकिन यह आवश्यक है कि ऐसे हादसे भविष्य में न हों, इसको शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। देश उन सभी यात्रियों और अन्य लोगों के मारे जाने के दुख में शामिल है। उनकी मौत की असली वजह का सामने आना जरूरी है।

# मोदी-योगी ने बदली पूर्वांचल की तस्वीर, स्थानीय लोगों को मिला रोजगार, महिलाओं को सम्मान



पूर्वांचल के ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ पेयजल पहुंचाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्षेत्र की दशा और दिशा बदल दी है। जल जीवन मिशन के प्रभाव का आकलन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठन वाटरएड इंडिया और दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि के जियोग्राफी डिपार्टमेंट ने पूर्वांचल के गोरखपुर मंडल के तीन जिलों गोरखपुर, कुशीनगर और महाराजगंज में विस्तृत अध्ययन किया। तीन महीने तक समूह चर्चा, साक्षात्कार और आंकड़ों के विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकला कि इस योजना ने स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक विकास और सामाजिक समरसता के क्षेत्रों में व्यापक सकारात्मक बदलाव किए हैं। पंचायती राज के प्रतिनिधि, स्थानीय निकाय और जिला से लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के सहयोग से हर जिले के पांच-पांच गांवों का सर्वे कर परिवर्तन का गहनता से अध्ययन किया गया है।

वाटरएड इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्वांचल के 93 प्रतिशत ग्रामीण घरों तक अब नल से शुद्ध और सुरक्षित पेयजल पहुंच रहा है। पहले जहां लोग कुएं, हैंडपंप या अन्य स्रोतों पर निर्भर थे, वहीं अब अधिकांश परिवार पीने से लेकर खाना पकाने तक के लिए नल के पानी का उपयोग कर रहे हैं। इससे पुराने जल स्रोतों पर निर्भरता में भारी कमी आई है।

**स्वास्थ्य में सुधार, बीमारियों पर नियंत्रण:** स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से ग्रामीण क्षेत्रों में जल जनित और संक्रामक रोगों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार अब लोगों को पेट संबंधी बीमारियों, त्वचा रोगों और दस्त जैसी समस्याओं से राहत मिल रही है। इससे न केवल चिकित्सा खर्च कम हुआ है, बल्कि लोगों की कार्यक्षमता भी बढ़ी है।

**शिक्षा में बढ़ी भागीदारी, स्कूलों में नल कनेक्शन:** जल जीवन मिशन के तहत स्कूलों में भी नल कनेक्शन पहुंचने से स्वच्छता स्तर में सुधार हुआ है। बच्चों को शुद्ध पानी मिल रहा है जिससे वे कम बीमार पड़ते हैं। इसका सीधा असर शैक्षिक उपस्थिति में वृद्धि और ड्रॉपआउट दर में कमी के रूप में सामने आया है। ग्रामीणों ने बताया कि अब बच्चे अधिक नियमित रूप से स्कूल जा रहे हैं।

**स्थानीय रोजगार सृजन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल:** पाइपलाइन बिछाने, पानी की टंकी का निर्माण और देखरेख जैसे कार्यों में स्थानीय लोगों को काम मिला है। इससे ग्रामीणों की आय में बढ़ोतरी हुई है और उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। खासकर तकनीकी कार्यों के लिए प्रशिक्षित युवाओं को लाभ मिला है।

**महिलाओं को मिला सम्मान, सामाजिक समरसता को बढ़ावा:** पहले जहां महिलाओं को मीलों दूर से पानी लाना पड़ता था, वहीं अब नल का जल घर तक पहुंचने से उनका श्रम और समय दोनों बच रहा है। महिलाएं अब अन्य रचनात्मक कार्यों में भागीदारी कर रही हैं। समाज में भेदभाव की स्थिति में भी कमी आई है, जिससे सामाजिक समरसता और पारिवारिक सौहार्द बढ़ा है।

**गांवों में गहन अध्ययन, ग्रामीणों ने जताया संतोष:** इस त्वरित अध्ययन में प्रत्येक जिले के पांच-पांच गांवों को शामिल किया गया। सर्वे में भाग लेने वाले अधिकतर ग्रामीणों ने माना कि हर घर जल योजना ने उनके जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन किया है। स्वच्छ जल की उपलब्धता ने उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और आत्मनिर्भर जीवन जीने का भरोसा दिया है।

## हरियाणा की डायरी: साप्ताहिक कॉलम

# विधायक ने जब दूसरे विधायक को फूफा बनाया



लेखक: चंद्रशेखर धरणी
स्वतंत्र पत्रकार

हरियाणा सचिवालय में मंगलवार को एक मंत्री के कमरे में पहुंचे कांग्रेस के एक विधायक ने भाजपा के एक विधायक को फूफा बना लिया।भाजपा विधायक ने बताया कि वह उनके विधानसभा क्षेत्र में शादी शुदा हैं तथा उनके ससुराल हैं।बस फिर क्या था युवा कांग्रेसी विधायक ने भी रिश्तेदारी तुरंत बना ली । भाजपा विधायक को उन्होंने फूफा का संबोधन दिया।राजनैतिक लोग जनता में तो रिश्तेदारियों को बनाने में महारत रखते हैं।मगर आपस में विधायक ही रिश्तेदार कैसे बनते हैं का नजारा हरियाणा सचिवालय की आठवीं मंजिल पर देखने को मिला।

### मनो का मैट्रो सफर

केंद्रीय आवास एंव शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने दिल्ली मेट्रो में धौला कुआं से यशोभूमि द्वारका तक सफर किया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने टोकन लेकर पूरे स्टाफ सहित यात्रा की। यशोभूमि में मंत्रालय के कार्यक्रम में शिरकत करने मेट्रो से गए मनोहर लाल के इस अंदाज से सभी आवाक थे।जब वह हरियाणा के सी एम थे तब भी वह कई बार ट्रेन से दिल्ली से चंडीगढ आवागमन रखते रहे हैं। मनो के इसी अंदाज के प्रशशंक उनके जानने वाले भी हैं।वह काम को महत्व देते हैं,साधनों को नहीं।

### मनो का कर्मभूमि प्रेम

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल अपनी करनाल लोकसभा के 9 विधानसभा क्षेत्रों व दो जिलों करनाल व पानीपत में अपनी अत्यंत व्यस्तता के बावजूद पूरा समय देते हैं। वहां के लोगों से मिलते जुलते है।उनकी समस्याओं की जानकारी मिलने पर तुरंत हल करवाने का प्रयास करते हैं।मनो का यह अंदाज लोगों को खूब पसंद आता है। स्थानीय विधायक, हरियाणा सरकार में मंत्री भी इस मौके पर ज्यादातर साथ होते हैं।लोगों को मनो की अपने मध्य में उपस्थिति लोगों को काफी पसंद इसलिए भी आती है कि लोगों को दिल्ली परिक्रमा नहीं करनी पड़ती।मनो के दिल्ली होने पर भी उनकी टीम लोकसभा में पूर्ण सक्रिय रहती है।

### विज के पहुंचे निर्मल सिंह

हरियाणा सरकार में केबिनेट मंत्री अनिल विज का कुशल क्षेम पूछने कांग्रेस के दिग्गज व अंबाला शहर के विधायक निर्मल सिंह भी उनके आवास पहुंचे। राजनैतिक रूप से भले ही दोनों पारस्परिक विरोधी हों मगर मानवीय पहलुओं में दोनों पीछे नहीं हटते। अनिल विज भी निर्मल सिंह जब अस्वस्थ थे तो उनका हाल चाल जानने गए थे। विज व निर्मल सिंह में हमेशा से चला आ रहा राजनैतिक मैच किसी से छुपा नहीं है।निर्मल सिंह की बेटी अंबाला छावनी से लगातार चुनाव लड़ती है रही हैं।पर यह अच्छी बात है कि राजनैतिक मैदान के इलावा इनमें सौहार्द का वातावरण है।

### सी एम की धार्मिक यात्रा

हरियाणा के सी एम नायब सैनी की हाल ही में जालंधर यात्रा पूर्ण तय धार्मिक व आध्यात्मिक रही। राजनैतिक व्यक्तियों की धार्मिक यात्राओं के भी वैसे तो राजनैतिक अर्थ ही निकलते हैं।गुरु पूर्णिमा के अवसर पर यह यात्रा रही।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पंजाब दौरे में जालंधर स्थित दिव्य ज्योति जागृति संस्थान पहुंचे। गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने शिरकत की। नायब सिंह सैनी जब से सी एम बने हैं उनके पंजाब में दौरे काफी बढ़ गए हैं। पंजाब भाजपा को मजबूत करने के लिए उनके अनेकों कार्यक्रम विभिन्न जगहों पर अतीत में हो चुके हैं।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

# पंजाब विधानसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा वाकआऊट

चंडीगढ़। आज पंजाब विधानसभा में शून्यकाल शुरु होते ही काफी शोर शराबा हुआ और विपक्षी सदस्य विभिन्न मुद्दों को लेकर बारी-बारी सदन से वाकआऊट कर गए। बसपा के अवतार सिंह करीमपुरी ने कृषि मंत्री दिलबाग सिंह पर जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता में उनका अपमान करने के मामले को लेकर सदन में अपनी बात कहना चाही। इस पर मंत्री महोदय इस आरोप को गलत बताया। विधानसभा अध्यक्ष की ओर से अवतार सिंह को इस मामले को उठाये जाने की अनुमति न दिये जाने पर पार्टी के सभी सदस्य सदन से वाकआऊट कर गये।

### अयोध्या मुद्दे पर सदन में करारी बहस

नई दिल्ली। राज्यसभा में आज अयोध्या की घटनाओं पर बहस के दौरान आधे तक काफी शोर शराबा हुआ। भाजपा के सदस्यों और अन्य सदस्यों के बीच काफी गर्मा गर्मी हुई। हंगामा उस समय शुरु हुआ जब भाजपा के सुन्दर सिंह भंडारी इस मसले पर बोल रहे थे। जनता दल के सदस्य सदन के बीचो-बीच आ गये और भंडारी के भाषण के दौरान उनकी पार्टी के एक सदस्य के किसी कथन का जोरदार विरोध करने लगे। भाजपा के संबंध सदस्य द्वारा क्षमा मांगने के बाद ही सदन में व्यवस्था कायम हो सकी।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1223- फिलिप द्वितीय की मृत्यु के बाद उनके बेटे लुई फ्रांस के राजा बने।
1636- मुगल बादशाह शाहजहां ने औरंगजेब को दक्कन का वायसराय नियुक्त किया।
1789- फ्रांसीसी क्रांति की शुरुआत।
1850- मशीन द्वारा जमाई गई बर्फ का पहला सार्वजनिक प्रदर्शन।
1914- पहले तरल ईंधन आधारित रॉकेट की डिजाइन का पेटेंट रॉबर्ट एच गोगार्ड ने प्राप्त किया।
1927- हवाई द्वीप में विमान की पहली व्यावसायिक उड़ान शुरू।
1940- द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी के बमवर्षक विमानों ने स्वेज पर बमबारी की।
1942- वर्धा में कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में ब्रिटिश सरकार से पूर्ण स्वतंत्रता की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया।
1951- सीबीएस चैनल पर घुड़दौड़ के रूप में किसी खेल कार्यक्रम का पहली बार रंगीन प्रसारण।
1965- मंगल के पास से गुजरने वाले नासा के अंतरिक्ष यान ने किसी दूसरे ग्रह की पहली क्लोज अप तस्वीरें लीं।
1969- जयपुर में मालगाड़ी और यात्री गाड़ी की टक्कर में 85 लोगों की मौत।
1969- अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने 500, 1,000, 5,000 और 10,000 डॉलर का नोटों बंद किया।
1972- तत्कालीन सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1975- प्रसिद्ध हिंदी फिल्म संगीतकार मदन मोहन का निधन।
1987- ताइवान में 37 वर्षों के बाद मार्शल कानून समाप्त।
1991- इराक़ से ब्रितानी फ़ौज की वापसी।
1996- अमेरिका ने पाकिस्तान को ब्राउन संशोधन के अंतर्गत हथियार भेजने शुरू किये।
2008- नेपाल की कार्यकारी संसद ने प्रधानमंत्री के निर्वाचन वाले संविधान संशोधन विधेयक को मंजूरी दी।

## बोल ब्यूटीफुल

**मकरंद वेगणाकर:** सवाल यह नहीं है कि बुमराह को आराम दिया जाना चाहिए था। सवाल यह है कि क्या एक सप्ताह के आराम के बाद बुमराह खेलना चाहते थे या नहीं। इससे 'क्लब बनाम देश' वाली पुरानी बहस नए सिरे से शुरु हो गई है। अगर यही सिलसिला कायम रहा तो फिर टेस्ट क्रिकेट के लिए अपना वजूद बचाए रखना मुश्किल होगा। दुखद किन्तु सत्य।



**संजय निरुपम:** महाराष्ट्र में रहने वालों से मराठी में संवाद का आग्रह तो उचित है, पर इसके लिए गुंडागर्दी और मारपीट सर्वथा अनुचित है। ऐसी घटनाओं का राज्य सरकार संज्ञान ले। अन्याथा बीएमसी चुनाव तक मुंबई और आसपास रहने वाले गरीब, कमजोर गैर मराठी भाषी लोगों की सुरक्षा खतरे में रहेगी।

# बिहार में मतदाता पहचान पत्र से जुड़े सुलगते सवालों का जवाब आखिर देगा कौन?

बिहार में इसी वर्ष अक्टूबर-नवंबर माह में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में वहां पर चुनाव आयोग के द्वारा जारी स्पेशल इंटेंसिव रिविजन यानी एसआईआर पर पक्ष-विपक्ष आमने सामने है और मामला मीडिया माध्यम से आगे बढ़कर सर्वोच्च न्यायालय की दहलीज तक पहुंच चुका है। इसलिए उम्मीद है कि देर आयद, दुरुस्त आयद करते हुए न्यायालय ऐसे दिशा निर्देश जारी करेगा कि भविष्य में राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की सांठगांठ से चलने वाले मतदाता सूची सम्बन्धी खेल पर पूर्ण विराम लग सके।

बहरहाल सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में वोटर लिस्ट की समीक्षा के लिए आधार, राशन और वोटर कार्ड को भी मान्यता देने का सुझाव देकर न केवल आम लोगों की मुश्किल हल करने की कोशिश की है, बल्कि ऐसा करने से इसकी प्रक्रिया भी ज्यादा आसान होगी और विभिन्न आशंकाओं को कम करने में मदद मिलेगी। इस बात में कोई दो राय नहीं कि फर्जी नाम मतदाता सूची में नहीं होने चाहिए। इसके अलावा, किसी भी विदेशी व्यक्ति का नाम भी मतदाता सूची में नहीं होना चाहिए, अन्यथा मतदाता सूची की विश्वसनीयता सवालों के कठघरे में रहेगी।

कोर्ट का सही मानना है कि ऐसे एसआईआर अभियानों के दौरान आयोग का जोर ज्यादा से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से निकालने के बजाय, इस पर होना चाहिए कि एक भी नागरिक चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित न रह जाए। जहां तक इसे लेकर संशय की स्थिति है तो आधार, राशन कार्ड या जॉब कार्ड को मान्य दस्तावेजों की लिस्ट से बाहर रखने के कारण बड़ी आबादी के सामने संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में सुलगता सवाल है कि जिस आधार पर आप लोगों को सरकारी धनराशि से सहूलियत देते हैं, उसी महत्वपूर्ण 'पहचान आधार' को आप एसआईआर में खारिज कैसे कर सकते हैं। आपके ऐसा करने से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से जो संस्थागत लूट चल रही है, उसकी अब सोशल ऑडिट जरूरी है, क्योंकि इस मामले में पक्ष-विपक्ष सभी शामिल हैं। सच कहूं तो इससे भारत के उन मूल निवासियों को क्षति हो रही है जिनका देश की सरकार और संसाधनों पर पहला अधिकार होना चाहिए।

हमारा आशय उस हिन्दू वर्ग से है जो धार्मिक आधार पर राष्ट्र विभाजन के बाद भी राजनीतिक व संवैधानिक षड्यंत्र का शिकार होता आया है। जब पाकिस्तान व बंगलादेश इस्लामीकरण की राह पर बढ़ रहे हैं तो भारत की धर्मनिरपेक्षता हिंदुओं के साथ बेमानी प्रतीत हो रही है। आलम यह है कि मुस्लिम नेता पाकिस्तान व बंगलादेश से मुसलमानों को बुलाकर यहां बसा रहे हैं और उन्हें सरकारी पहचान पत्र दिलवाने में मदद कर रहे हैं। इस प्रवृत्ति को रोकने-



टोकने की प्रशासनिक विफलता या मिलीभगत से कई सवाल पैदा हो रहे हैं, जो हिंदुओं के दूरगामी हित के लिए से चेतावनी दे रहे हैं।

ऐसे में एसआईआर की जरूरत है। साथ ही, सरकारी पहचान पत्र बनवाने और उससे लाभान्वित होने के पूरे खेल की समीक्षा हो और जिम्मेदार अधिकारियों, नेताओं और उनके दलों के खिलाफ ऐसी कड़ी कार्रवाई हो, कि उनके चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगे, राजनीतिक दलों की मान्यता समाप्त हो और अधिकारियों-कर्मचारियों की बर्खास्तगी की जाए। क्योंकि ये लोग भारत के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, केवल किशनगंज जिले में एक हफ्ते के भीतर निवास प्रमाण पत्र के लिए दो लाख से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। कई जगह घर-घर जाकर इंयुमरेशन फॉर्म्स बांट रहे कर्मियों ने लोगों से कहा है कि वे आधारकार्ड की कॉपी ही जमा करा दें। लिहाजा ऐसे कंफ्यूजन से बेहतर है कि आयोग बीच का रास्ता निकाले।

जहां तक एसआईआर के समय पर सवाल है तो शीर्ष अदालत ने स्पेशल इंटेंसिव रीविजन पर रोक तो नहीं लगाई, लेकिन इसके समय को लेकर जो सवाल उठाया, वह बिल्कुल वाजिब है। ऐसा इसलिए कि बिहार में इसी साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इतनी विस्तृत कवायद के लिए शायद उतना वक्त न मिल पाए, जितना मिलना चाहिए। लिहाजा बिहार में एसआईआर को लेकर जो असमंजस है, उसकी एक वजह इसका समय भी है। जिनके पास जरूरी दस्तावेज नहीं हैं, वे इतनी जल्दी उनका इंतजाम नहीं कर पाएंगे।

हालांकि आयोग ने कोर्ट को भरोसा दिलाया है कि किसी को भी अपनी बात रखने का मौका दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। वहीं, जहां तक नागरिकता पर फैसला का सवाल है तो बताया गया है कि इस अभियान का उद्देश्य ऐसा नहीं है। जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा कि यह मुद्दा लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ा है और लोकतंत्र में सबसे अहम है लोक यानी जनता। लेकिन, चुनाव आयोग की मौजूदा प्रक्रिया में जनता को ही सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। यह रिवीजन जुड़ा है वोटर लिस्ट से, लेकिन मैसेज जा रहा है कि इससे नागरिकता तय होगी। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी से राहत मिलेगी कि निर्वाचन आयोग का नागरिकता से कोई लेना-देना नहीं है।

हालांकि, इतना तो तय है कि इस एसआईआर अभियान का असर अब पूरे देश पर पड़ेगा। ऐसा होना भी चाहिए। लेकिन जबतक संविधान में अमूलचूल बदलाव नहीं होगा तबतक इस प्रवृत्ति पर लगाम लगाने में मुश्किल आएगी।चूंकि यह मामला केवल बिहार तक सीमित रहने वाला नहीं है। ऐसे में दूसरे राज्यों में वोटर लिस्ट की समीक्षा किस तरह होगी, यह बिहार में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। क्योंकि अगला नम्बर पश्चिम बंगाल और असम का आएगा जहां अगले साल चुनाव होंगे।

ऐसे में स्वाभाविक ही नजरें इस बात पर टिकी हैं कि सुप्रीम कोर्ट में आखिरकार इस प्रक्रिया का कैसा स्वरूप तय होता है। इसी से यह स्पष्ट हो जाएगा कि भारत के इस्लामीकरण का यह परोक्ष अभियान निकट भविष्य में थमेगा या जारी रहेगा। क्योंकि इसके तार अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र से जुड़ हुए हैं। अमेरिका-पाकिस्तान-चीन दशकों से इस कोशिश में जुटे हैं, क्योंकि हमारी सरकारें भी अपने वोट बैंक के लिहाज से काम करती आई हैं, भारतीय राष्ट्रवाद के हिसाब से नहीं। खासकर 15 अगस्त 1947 के बाद उतपन्न अप्रत्याशित स्थिति से!

होना तो यह चाहिए कि भारत सरकार का जनसंख्या रजिस्टर ऑनलाइन हो। उसमें स्पष्ट उल्लेख हो कि इस ग्राम या मोहल्ले का फलां व्यक्ति अब फलां जगह के लिए पलायन कर गया है। उसका एक जन्म प्रमाण पत्र बने जो पूरे देश में लागू हो। मृत्यु प्रमाण पत्र की अनिवार्यता बने।सभी दस्तावेज इसी आधार पर बनें और पूरे देश में लागू हों। बैंक भी उसी आधार पर खाता खोलें। आज राशन कार्ड, मजदूर जॉब कार्ड, आधार कार्ड की आड़ में जो संस्थागत लूट चल रही है, वह रूके। लेकिन रोकेगा कौन? जो भ्रष्ट हैं, जांच का जिम्मा उनसे लेकर अन्य को दिया जाए। सोशल ऑडिट से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। डीएम, एसडीएम की ऐसी लापरवाहियों के लिए स्थायी जांच एजेंसी बने। उसकी रिपोर्ट राजनीतिक दांवपेंच से बाहर रहकर लागू करने का प्रावधान बने। इसलिए यक्ष प्रश्न है कि बिहार में मतदाता पहचान पत्र से जुड़े सुलगते सवालों का जवाब आखिर देगा कौन?

# मादक पदार्थों के खिलाफ राष्ट्रीय जन मुहिम में हिमाचल अग्रणी राज्य बनकर उभरा

## प्रदेश में अढ़ाई वर्ष में पांच हजार से अधिक एनडीपीएस मामले दर्ज, 36.95 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति जब्त

**सिरमौर के कोटला बड़ोग में बनेगा अत्याधुनिक नशामुक्ति केंद्र**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 13 जुलाई।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में मादक पदार्थों के खिलाफ जन मुहिम छेड़ी गई है। युवा शक्ति को नशे की बुराई से बचाने और प्रदेश में व्याप्त ड्रग नेटवर्क को खत्म करने के लिए राज्य सरकार बहुआयामी रणनीति के तहत कार्य कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में सिन्थेटिक ड्रग्स के मामले सामने आएं हैं। फार्मास्युटिकल हब के नज़दीक क्षेत्रों में इस तरह के मामले अधिक दर्ज किए जा रहे हैं। इस खतरे से निपटने के लिए सरकार तत्परता के साथ कार्य कर रही है। फार्मास्युटिकल दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए जांच एवं निगरानी प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया गया है।

प्रदेश सरकार ने दो महत्वपूर्ण कानून बनाकर अपने कानूनी ढांचे को और मजबूत किया है। हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध (निवारण एवं नियंत्रण) विधेयक, 2025 और हिमाचल प्रदेश ड्रग्स और नियंत्रित पदार्थ (रोकथाम, नशामुक्ति और पुनर्वास) विधेयक, 2025 के तहत नशे में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध (निवारण एवं नियंत्रण) विधेयक में मृत्युदंड, आजीवन कारावास, भारी जुर्माना और संपत्ति जब्त करने जैसे कड़े प्रावधान किए गए हैं। दूसरे विधेयक में अवैध नशीली दवाओं के व्यापार के लिए सख्त सजा सुनिश्चित की गई है। प्रदेश सरकार ने सिक्किम मॉडल से प्रेरित होकर नशामुक्ति, पुनर्वास, निवारक शिक्षा और आजीविका सहायता के लिए एक राज्य कोष बनाया गया है।

राज्य सरकार नशे के खिलाफ जीरो टोलरेंस नीति अपना रही है। तस्करों पर अंकुश लगाते हुए वर्ष 2024 में पीआईटी-एनडीपीएस के तहत निवारक निरोधक कानून को अमल में लाया गया है। इसके तहत प्रस्तुत 123 प्रस्तावों में से 41 डिटेंशन ऑर्डर जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस ने नशे की तस्करी में संलिप्त लोगों की जुड़ी 1,214 अवैध संपत्तियों की पहचान की है और अतिक्रमण के 70 मामलों में कार्रवाई की गई है तथा कुछ मामलों में संपत्तियों को जब्त किया गया है। राज्य सरकार ने नशे के कारोबार में संलिप्त 80 सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई अमल में लाई है।

इसके तहत वर्ष 2023 से 2025 के मध्य तक पुलिस विभाग ने प्रभावशाली तरीके से कार्य किया है। अढ़ाई साल की अवधि में कुल 5,004 एनडीपीएस मामले दर्ज किए गए, जिनमें वर्ष 2023 में 2,147 मामले, 2024 में 1,717 और जून 2025 तक 1,140 मामले शामिल हैं।

यह आंकड़े दर्शाते हैं कि प्रदेश सरकार जन सहभागिता के साथ समाज से नशे का समूल नाश करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। राज्य में नशे के विरूद्ध कानून की कड़ी अनुपालना, दोषियों के खिलाफ आर्थिक कार्रवाई, विधायी सुधारों, पुनर्वास जैसे मुद्दों को केंद्र में रखकर बहुआयामी रणनीति अपनाकर कार्य किया जा रहा है।

नशे के माध्यम से जोड़ी गई नशा कारोबारियों की संपत्ति को भी कुर्क किया जा रहा है। अढ़ाई वर्ष की अवधि के दौरान 36.95 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई। इसमें वर्ष 2023 में 4.87 करोड़ रुपये, वर्ष 2024 में 25.42 करोड़ रुपये और जून 2025 तक 6.66 करोड़ रुपये की संपत्तियां शामिल हैं। सरकार के यह कदम प्रदर्शित कर रहे हैं कि हिमाचल में नशे और इससे जुड़े हुए नेटवर्क को जड़ से उखाड़ फैंका जाएगा। 7.74 करोड़ रुपये की संपत्ति से जुड़े अतिरिक्त मामलें पुष्टि के लिए भेजे गए हैं।

मार्च 2025 में, धर्मशाला, मंडी और परवाणू के तीन क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के गठन से एक बड़ा संस्थागत विस्तार मिला, यह ऊना, कुल्लू, बद्दी और सिरमौर जैसे क्षेत्रों को कवर करता है। एसटीएफ के तहत तेरह पुलिस स्टेशन लाए गए हैं, जिनमें से छह पहले से ही क्रियाशील हैं जो तस्करों और अपराधियों के खिलाफ त्वरित और सटीक अभियान का संचालन सुनिश्चित कर रहे हैं।

नशे की आदत से ग्रसित लोगों को प्रभावी पुनर्वास प्रदान करने के प्रयास भी प्रगति पर है। जिला कुल्लू, ऊना, हमीरपुर और कांगड़ा में पुरुषों के लिए नशामुक्ति केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जबकि कुल्लू में रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा महिलाओं के लिए एक केंद्र का संचालन किया जा रहा है। सिरमौर के कोटला बड़ोग में 100 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक नशामुक्ति केंद्र बनाया जा रहा है। सभी जिलों में ऐसे केंद्र स्थापित करने की कार्य योजना तैयार की गई है।

नशे के आदी लोगों के प्रदेश सरकार संवेदनशील रवैया अपना रही है। इन लोगों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। नशे के आदी लोगों को बेहतर चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। उनका कौशल संवर्धन कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। वर्तमान में इन लोगों के प्रति समाज के दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव आया है। बच्चों को छोटी उमर में ही नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाने के लिए स्कूली पाठ्यक्रम में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बारे में जागरूकता पर एक अध्याय भी शामिल किया गया है।

### नशे के तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए वार्ड वाइज मैपिंग की गई

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) के मार्गदर्शन में हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति ने 14 टारगेटिड इंटरवेंशन प्रोजेक्ट्स के माध्यम से सुरक्षित सुइयों, परामर्श और एचआईवी/एसटीआई के लिए रैफरल सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। यह परियोजना एचआईवी पॉजिटिव मामलों के लिए सुरक्षित सुई, परामर्श, एचआईवी/एसटीआई रेफरल सेवाएं, मौखिक दवा के विकल्प और एआरटी लिंकेज प्रदान करती हैं। नीडल सिरिंज एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत संक्रमण के प्रसार को कम करने में मदद मिल रही है। नशे के विरूद्ध इस लड़ाई में वर्ष 2023 से जून 2025 तक, नशीले पदार्थों में 919 किलोग्राम चरस, 32.9 किलोग्राम हेरोइन, 1,632 किलोग्राम पोस्त भूसी, 89.6 किलोग्राम अफीम और 1.64 लाख से अधिक गोलियां और कैप्सूल जब्त किए गए हैं। अवैध तरीके से उगाए गए लगभग 70 लाख भांग के पौधे नष्ट किए गए हैं। नशे के तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए वार्ड वाइज मैपिंग की गई है और इसके तहत क्षेत्रों को लाल, पीले और हरे क्षेत्रों में वर्गीकृत किया जा रहा है। सरकार के नशे के विरूद्ध अभियान को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। प्रदेश सरकार के इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और प्रदेश तीव्र गति से नशामुक्त हिमाचल बनने की ओर आगे बढ़ रहा है। हिमाचल देश के अन्य राज्य के समक्ष एक सफल मॉडल पेश कर रहा है।

---

# बीदर विश्वविद्यालय के छात्र पढ़ेंगे डॉ. तनवर की कहानी कम्मू

**यह कहानी स्त्री विमर्श और पर्यावरण विमर्श पर है**

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 13 जुलाई।** कर्नाटक के बीदर विश्वविद्यालय के छात्र अब सोलन के अर्की कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर (हिन्दी विभाग) डॉ. राजन तनवर द्वारा लिखी कहानी कम्मू को पढ़ेंगे। बीदर विश्वविद्यालय के बीए. थर्ड समेस्टर के पाठ्यक्रम में कम्मू कहानी को सिलेबस में स्थान दिया है, जो पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। डॉ राजन तनवर मूलत- सोलन जिला की कंडाघाट तहसील के गांव घाट कुम्हाला (शराड़ाघाट) के रहने वाले हैं। डॉ. तनवर हिन्दी की विभिन्न विधाओं में लिखते हैं। कविता, कहानी यात्रा संस्मरण पर उनकी अच्छी पकड़ है।

डॉ. राजन तनवर ने अपनी कहानी कम्मू के बारे में बातचीत करते हुए बताया कि यह कहानी मुख्य रूप से स्त्री विमर्श एवं पर्यावरण विमर्श पर केंद्रित है। इस कहानी की नायिका कम्मू है। कम्मू अपने शराबी पति व दो बच्चों का पालन पोषण कर रही है। दोनों बच्चे पढने् में अच्छे हैं। अपना दुख-दर्द अपने पशुओं चांबी गाय, कालू और नीलू बैलों और बकरियां से बयां करती है।

कहानी में उस समय मोड़ आता है,जब बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देती है। उसका बेटा प्रशासनिक अधिकारी और बेटी डाक्टर बनती है। बाद में पति भी अपनी शराब की बुरी लत छोडक़र सामान्य जीवन व्यतीत करता है।

### प्लास्टिक कचरा ने बदली कम्मू की सोच

कम्मू जब पशु चराने जाती है तो वह देखती हैं कि गांव के लोग प्लास्टिक को बेतरतीव ढंग से फेंकते हैं। वह बहते हुए नालों से नदी और नदी से समुद्र तक तक पहुंच जाते हैं। सारी नदी प्लास्टिक कचरे सेअटी पड़ी है। इससे वह पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाती है। पर्यावरण के लिए उसके योगदान को देखते हुए सरकार उसे प्लास्टिक मुक्त प्रदेश का ब्रांड एंबेसेडर बना देती है,लेकिन पशुओं के लिए उसका स्नेह आज भी वैसा ही है।

---

# सोलन के वार्ड 13 और 14 में जल्द मिलेगी पार्किंग और फुटपाथ की सुविधा

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 13 जुलाई।** नगर निगम सोलन जल्द ही वार्ड 13 और 14 में पार्किंग और फुटपाथ की सुविधा प्रदान करने वाला है। शहर के सपरून में वार्ड 14 के पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा प्रयासों से पार्किंग, फुटपाथ और वाटर स्टोरेज टैंक का निर्माण किया जा रहा है। इन कार्यों में 50 लाख से अधिक राशि खर्च होगी। यहां पर तेजी से जमीन की लेवलिंग का कार्य चल रहा है। यहां फोरलेन निर्माण के बाद बची जमीन को प्रशासन ने नगर निगम को विकास कार्यों के लिए स्थानांतरण किया है। इसमें यहां पर जल्द ही 25 से 30 गाड़ियों की पार्किंग सुविधा मिल जाएगी।

पार्किंग बनने से वार्ड 13 और 14 के वाहन चालकों को पार्किंग की पर्याप्त सुविधा मिलेगी। साथ ही सोलन आने वाले वाहन मालिक भी सपरून में अपने वाहन पार्क कर सकेंगे। जमीन की लेवलिंग होने के बाद पेवर लगाने का कार्य होगा।

इतना ही नहीं साइल टेस्टिंग के बाद यहां वाटर स्टोरेज टैंक भी बनेगा। दोनों वार्डो में पानी की समस्या को देखते हुए यहां पर एक ऑस्ट्रेलियाई तकनीक से वॉटर टैंक का भी निर्माण किया जाएगा। इसके लिए भूमि सुधार का कार्यक्रम चल रहा है। वाटर स्टोरेज टैंक के निर्माण में 15 लाख रुपए खर्च होंगे। सपरून में पहले ही फुटपाथ का निर्माण चल रहा है। इस कार्य में वॉटर पाइपलाइन आड़े आ रही थी लेकिन अब वाटर लाइन को शिफ्ट कर दिया गया है। ऐसे में लोगों को अब फुटपाथ की सुविधा मिलेगी।

### सामाजिक संस्थाओं ने प्रमुखता से उठाया मुद्दा

सामाजिक संस्थाओं सहित वार्ड-14 के पार्षद राजीव कौड़ा को चार साल संघर्ष करना पड़ा। पार्षद के प्रयासों से फुटपाथ निर्माण की योजना सिरे चढ़ी। कुछ महीने पहले ही स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह की मौजूदगी में इसका शिलान्यास हुआ है। शुरू में फुटपाथ निर्माण वाली जगह रेहड़ी फड़ी का कब्जा हो गया था जिससे हाईकोर्ट के आदेश से हटाया गया है।

### इन वार्डों के लोगों को मिलेगी सुविधा

सपरून में फुटपाथ बनने से शहर के चार वार्डों के लोगों को सुविधा मिलेगी। वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी, कमल ऑर्चर्ड सोसाइटी, वार्ड-13 का क्लीन, सपरून पंचायत, वार्ड -16 का रबोन, आंजी, तथा वार्ड -1 का देउंघाट सहित बाहर से आने वाले यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी। इसी मार्ग से रोज उप नगरों और आसपास के गांव से सैंकड़ों की संख्या में लोग सोलन शहर पहुंचते हैं। फुटपाथ की कमी से लोगों को जान जोखिम में डालकर वाहनों के रश के बीच चलने को मजबूर होना पड़ता है। यदि समय रहते फुटपाथ का निर्माण होता है तो लोगों को जल्द पैदल चलने की आसानी होगी।

सपरून में फुटपाथ निर्माण में आड़े आई पेयजल पाइप लाइन को शिफ्ट किया जा चुका है। अब फुटपाथ और पार्किंग निर्माण में तेजी आएगी। कोशिश रहेगी की फुटपाथ का निर्माण जल्द पूरा हो। ताकि स्थानीय लोगों को पैदल चलने की सुगमता होगी।

**राजीव कौड़ा, पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर, नगर निगम सोलन।**

---

# किन्नौर की बेटी श्रुति नेगी का एशियाई मुक्केबाजी में चयन

## अंडर-22 महिला चैंपियनशिप थाईलैंड में होगी, रोहतक में ले रही ट्रेनिंग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**किन्नौर, 13 जुलाई।** किन्नौर की श्रुति नेगी का अंडर-22 महिला एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। यह चैंपियनशिप थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित होगी। श्रुति इस समय नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, रोहतक में प्रशिक्षण ले रही हैं।

जानकारी के अनुसार श्रुति किन्नौर में चांसु की रहने वाली है। पिता का नाम संजय कुमार और मां का नाम सीता देवी है। श्रुति की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस खबर से उनके परिवार में खुशी का माहौल है।

शारीरिक शिक्षा शिक्षक कर्म चंद नेगी ने कहा कि श्रुति में बचपन से ही प्रतिभा थी। उन्होंने हमेशा उसे प्रेरित किया। उनके अनुसार श्रुति की यह सफलता किन्नौर जैसे छोटे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है। श्रुति से अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।


---

# नई नई शब्दावली से अपने जनविरोधी निर्णयों को छुपाने का काम कर रही है कांग्रेस: बिंदल

**टूरिज्म के होटल बिक रहे है पर मान नहीं रहे सीएम सुक्खू**

**बड़ा सवाल प्राइवेटाइजेशन क्यों कर रहे है सुक्खू ?**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 13 जुलाई।** भाजपाप्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार लगातार हिमाचल प्रदेश के हितों के ऊपर कुठाराघात कर रही है। बिंदल ने मुख्यमंत्री पर मोर्चा खोलते हुए कहा कि सुखविंदर सिंह की सरकार ने हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में स्थित कृषि विश्वविद्यालय की सैकड़ों बीघा जमीन वो प्राइवेट लोगों को देने का निर्णय करके हिमाचल प्रदेश के शिक्षा जगत को एक बहुत बड़ा धक्का पहुंचा। जमीन के हक में समाज खड़ा हुआ, समाज ने आंदोलन किया। परंतु सरकार की कान पर जूं नहीं रेंगी और आज तक इस बात का जवाब नहीं आया कि कौन सी ऐसी वजह है जिसके कारण वो महत्वपूर्ण जमीन वो प्राइवेट सेक्टर में देने का निर्णय किया और हिमाचल को उसका क्या लाभ होने वाला है ? बिंदल ने कहा कि जबकि वो एक शानदार विश्वविद्यालय है और इस कार्य को आगे बढ़ने की बहुत सारी संभावना है।

बिंदल ने कहा कि इसके बाद अब एक और निर्णय कर दिया जिसके अंदर हिमाचल प्रदेश के और बेहतरीन टूरिज्म डिपार्टमेंट के होटल्स को प्राइवेट सेक्टर में देने का निर्णय, उस हैरान करने वाले निर्णय के अंदर जो टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के चेयरमैन है वो कुछ बोल रहे हैं और पूर्व में लीडर ऑफ अपोजिशन रहे उन्होंने इस असमाजिक निर्णय का डट के विरोध किया था।

बिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी इस निर्णय बारे कह रहे हैं कि नहीं हम तो वैसे ही इन होटल को आगे दे रहे हैं और सरकार इसके बारे विचार कर रहे हैं। जबकि कैबिनेट के अंदर 28 जून को निर्णय करके और उस कैबिनेट के निर्णय को पब्लिक नहीं किया , उसको छुपा करके रखा की यह निर्णय जनता के ध्यान में ना आया। बड़ा सवाल यह है कि प्राइवेटाइजेशन क्यों कर रहे है सुक्खू ?

बिंदल ने कहा कि यह सरकार निरंतर स्कूल बंद कर रही है, स्कूलों को ताले लगा रही है और ताला लगाते हुए एक नया शब्द इन्होंने प्रयोग किया है। हम बंद नहीं कर रहे, हम तो स्कूल को मर्ज कर रहे हैं। अब वो ताला किसको लग रहा है? स्कूल तो बंद हो ही रहा है, उसको मर्ज कर रहे हैं। इसी तरह से होटलों को बेचने के काम में लगी है सरकार। सीएम कह रहे है कि होटल को लीज पर दे रहे हैं। यह नए-नए शब्दावली ढूंढ के हिमाचल प्रदेश के हितों के ऊपर कुठाराघात किया जा रहा है।

---

# सरकार के नए नियम लागू एक हजार लीटर पानी खर्च करने के बाद देने होंगे 950 रुपए

## लोग जरूरत के हिसाब से पानी खर्च करें: अमित मिरूपा

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 13 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश में अब जलशक्ति विभाग के द्वारा शहरी इलाकों में पानी को लेकर नए नियम लागू कर दिए गए हैं। ऐसे में 1000 लीटर रोजाना खर्च होने पर महीने का 950 रुपए बिल देना होगा। जबकि इससे अधिक पानी खर्च किया तो उपभोक्ताओं को अधिक राशि चुकानी होगी। जल शक्ति विभाग के द्वारा इस बारे अब उपभोक्ताओं को भी जागरूक किया जा रहा है। क्योंकि बीते दिनों जिला कुल्लू में पानी के बिल 20 से 25 हजार तक आने पर लोगों ने जल शक्ति विभाग के पास इसकी शिकायत भी दर्ज करवाई थी।

वहीं अब लोगों ने जल शक्ति विभाग से भी आग्रह किया है कि वह पानी का बिल हर महीने जारी करें। ताकि उपभोक्ताओं को भी दिक्कतों का सामना न करना पड़े। वहीं जल शक्ति विभाग कुल्लू के अधीक्षण अभियंता अमित मिरूपा ने बताया कि जल शक्ति विभाग के द्वारा पानी के बिल को लेकर नया टैरिफ जारी किया गया है।

अगर व्यक्ति एक दिन में 1000 लीटर पानी का उपयोग करता है। तो उसका महीने का बिल 950 रुपए होगा। अगर इससे ज्यादा पानी खर्च किया जाए। तो बिल की राशि में भी बढ़ोतरी होगी। ऐसे में लोग अपनी जरूरत के अनुसार ही पानी का उपयोग करें।

---

# मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं सिविल अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**शाह तलाई 13 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने रविवार को घुमारवीं सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनकी कुशलक्षेम जानी और चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री धर्माणी ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के मौसम को देखते हुए विशेष स्वच्छता अभियान तुरंत चलाया जाए। उन्होंने कहा कि इस मौसम में डेंगू, हैजा और अन्य जलजनित रोगों के फैलने की आशंका रहती है, अतः अस्पताल और आसपास के क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए।

उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि परिसर में जलभराव न होने पाए, नालियों की नियमित सफाई हो और मच्छरों की रोकथाम के लिए नियमित फॉगिंग करवाई जाए। मंत्री धर्माणी ने कहा कि मरीजों को समय पर दवाइयां, पौष्टिक आहार और आवश्यक देखभाल उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसकी अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी।

उन्होंने लोगों से अपील की कि मानसून के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक जल स्रोतों जैसे नदियों, झीलों और हैंडपंप आदि से प्राप्त पानी को प्रयोग में लाने से पहले उसे उबालकर या फिल्टर कर ही उपयोग करें, ताकि जलजनित संक्रमण से बचा जा सके। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए जा रहे जनहितकारी निर्देशों का पालन करने की भी उन्होंने अपील की।

---

# सुजानपुर: अधूरे कार्यों का लोकार्पण नहीं करवाते कैप्टन साहब

## सचिन ठाकुर व उदय कुमार का राजिंदर राणा पर करारा पलटवार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सुजानपुर, 13 जुलाई।** सुजानपुर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सचिन सिंह ठाकुर व उदय कुमार ने पूर्व विधायक राजिंदर राणा के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 'कैप्टन रणजीत सिंह अधूरे कार्यों का न लोकार्पण करवाते हैं और न ही करते हैं।'

सचिन ठाकुर ने कहा कि चौरी स्थित 33 केवी सब स्टेशन का कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है। कुछ तकनीकी और निर्माण संबंधी कार्य अभी शेष हैं, जिन्हें जल्द ही पूरा करवाकर इस परियोजना का लोकार्पण प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और सुजानपुर के लोकप्रिय विधायक कैप्टन रणजीत सिंह जी के हाथों कराया जाएगा।

उन्होंने राजिंदर राणा पर हमला बोलते हुए कहा कि 'तर्कहीन बयानबाज़ी कर आप केवल वीडियो बनाकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन अब सुजानपुर की जनता सब जान चुकी है और आपको भी पहचान चुकी है।'

उदय ने आरोप लगाया कि राजिंदर राणा जी के कार्यकाल में सुजानपुर विकास की राह से भटक गया था। उन्होंने कहा, 'कैप्टन साहब और मुख्यमंत्री सुक्खू जी दिन-रात मेहनत कर सुजानपुर के बिगड़े हालात सुधारने में लगे हैं। राजिंदर राणा ने अपने समय में अधूरी सड़कों का लोकार्पण किया, बिना भूमि विभाग की मंजूरी के शिलान्यास किए, और कई विवादित स्थानों पर उद्घाटन कर जनता को गुमराह किया।'

उदय व सचिन दोनों ने अंत में कहा कि अब सुजानपुर की जनता जागरूक है और झूठे दावों तथा अधूरे कार्यों के प्रचार को अच्छी तरह समझती है। सुजानपुर अब विकास की नई इबारत लिख रहा है, और इसमें मुख्यमंत्री सुक्खू और विधायक कैप्टन रणजीत सिंह जी की अहम भूमिका है।

---

# टिब्बी गांव में बारिश से भारी तबाही, विधायक इन्द्रदत्त लखनपाल ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा, प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**बड़सर, 13 जुलाई।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक इन्द्रदत्त लखनपाल ने आज जन्हेंण पंचायत के टिब्बी गांव का दौरा किया, जहां बीते दिन हुई अत्यधिक वर्षा के चलते आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। भारी बारिश के कारण गांव में कई घरों को नुकसान पहुंचा है, खेतों में खड़ी फसलें बह गई हैं, रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं तथा मूलभूत ढांचा प्रभावित हुआ है।

विधायक लखनपाल ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनके दुख-दर्द को साझा किया और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों की तुरंत पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर आपदा राहत सहायता उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय प्रशासन को संवेदनशीलता और तत्परता से कार्य करना चाहिए ताकि पीड़ितों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए विधायक इन्द्रदत्त लखनपाल ने प्रदेश सरकार की उदासीनता और असंवेदनशीलता पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा, 'जब प्रदेश की जनता आपदा जैसी परिस्थितियों से जूझ रही होती है, उस समय प्रदेश सरकार की चुप्पी और निष्क्रियता बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री द्वारा एससी कंपोनेंट से बनने वाली सड़कों के बजट को समाप्त करना अनुसूचित जाति वर्ग के प्रति सरकार की मानसिकता को दर्शाता है। यह निर्णय पूरी तरह से तानाशाही और जनविरोधी है।'

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वर्ष 2023 में जब प्रदेश में व्यापक पैमाने पर प्राकृतिक आपदाएं आई थीं, उस समय भी जिन लोगों ने आपदा राहत के लिए आवेदन किए थे, उन्हें आज दिन तक कोई मुआवजा नहीं मिला। उन्होंने कहा कि सरकार की घोषणाएं सिर्फ कागजों तक सीमित हैं और ज़मीनी स्तर पर कुछ भी लागू नहीं हो रहा।

'भाजपा के एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि होने के नाते मैं इस मुद्दे को प्रदेश विधानसभा में पूरी ताकत से उठाऊंगा। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि पीड़ित परिवारों को न्याय मिले, और सरकार की जवाबदेही तय हो।'

उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय प्रशासन से भी अपील की कि वे राहत कार्यों में सक्रिय सहयोग दें और प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान करें।

# पंचकूला लोक अदालत में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों से 13.92 लाख भरवाये

## 6 महीने में ट्रिपलिंग के 2082, पिछले साल की तुलना करीब 5 गुना ज्यादा चालान

डीसीपी ट्रैफिक अमित दहिया ने कहा जिन चालकों की आपराधिक घटनाओ में शामिल होने की आशंका, विशेष अभियान के तहत काटे चालान





अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। लोक अदालत में पुलिस ने ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 377 लोगों के चालान भरवाए, जिससे 13,92,956 की राजस्व वसूली की गई। इसके अलावा चालानिंग ब्रांच, सेक्टर-12 पंचकूला ने आमजन से अपील की है कि जो भी नागरिक लोक अदालत के माध्यम से चालान का भुगतान कर चुके हैं, वे जमा किए गए कैश की रसीद को चालानिंग ब्रांच कार्यालय में अवश्य जमा करवाएं। जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं की जाती, तब तक संबंधित चालान को 'पूर्ण' नहीं माना जाएगा।

पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के मार्गदर्शन व डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमित दहिया के कुशल नेतृत्व में पंचकूला पुलिस का यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमित दहिया ने बताया कि उन चालानों पर पुलिस ने विशेष जोर दिया है जिन चालकों की किसी आपराधिक गतिविधि मे शामिल होने की आशंका होती है। पंचकूला पुलिस द्वारा ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध अभियान लगातार चलाया जा रहा है। विशेष रूप से उन मामलों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है जिनका सीधा संबंध आपराधिक घटनाओं से होता है। उन्होंने बताया कि अपराधों को अंजाम देने वाले अक्सर ऐसे वाहनों का प्रयोग करते हैं जिनकी नंबर प्लेट या तो छेड़ी गई होती है या फिर पूरी तरह से गायब होती है। ट्रैफिक पुलिस की सक्रियता से इस वर्ष के पहले छह महीनों में बिना नंबर प्लेट या छेड़छाड़ की गई नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कुल 6729 चालान किए गए हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में इनकी संख्या मात्र 2292 थी।

### बिना आरसी के चालानों में भारी बढ़ोतरी

डीसीपी क्राइम ने बताया कि हाल ही में जिन चोरों व स्नैचरों को पकड़ा गया है, उनमें से अधिकांश ने बिना नंबर प्लेट वाली बाइकों का प्रयोग कर वारदातों को अंजाम दिया था। इसके अलावा बिना रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी) के चालानों में भी भारी बढ़ोतरी देखने को मिली है। इस वर्ष के पहले छह महीनों में 1339 वाहन चालकों के खिलाफ बिना आरसी के चालान किए गए, जबकि पिछले साल यह संख्या केवल 120 थी। इसी तरह ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने वाले वाहन चालकों के चालानों में भी दोगुनी वृद्धि दर्ज की गई है। इस साल 339 चालान किए गए हैं जबकि पिछले साल इसी अवधि में इनकी संख्या 170 थी। वहीं बाइक पर ट्रिपलिंग के मामलों में भी चालानो में वृद्धि हुई है। इस वर्ष के पहले छह महीनों में 2082 चालान किए गए हैं, जबकि पिछले वर्ष इस अवधि में केवल 411 चालान ही काटे गए थे।

### आपराधिक गतिविधियों में लिप्त चालकों पर फोकस

डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने स्पष्ट किया कि पंचकूला पुलिस ने इस वर्ष पूर्व की तुलना में ज्यादा सख्ती के साथ कार्रवाई करते हुए उन नियम उल्लंघनों पर फोकस किया है जो आमतौर पर आपराधिक गतिविधियों से जुड़े पाए जाते हैं। इसी के चलते ट्रैफिक अनुशासन के साथ-साथ अपराध नियंत्रण में भी सुधार देखा गया है। पुलिस अब तकनीक के माध्यम से अपराध पर और अधिक नियंत्रण के लिए सीसीटीवी कैमरों की संख्या भी बढ़ाने जा रही है। इन कैमरों के माध्यम से न केवल अपराधियों की पहचान में मदद मिलेगी बल्कि ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर त्वरित चालान प्रक्रिया भी लागू की जा सकेगी।

अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस कमिश्नर ने बुलाई आपात बैठक

# आपराधिक हॉटस्पॉट्स व बॉर्डर एरिया पर जल्द लगेंगे सीसीटीवी कैमरे : शिवास कविराज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। पंचकूला में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था की सख्त निगरानी के तहत शनिवार देर शाम पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने डीसीपी क्राइम अमित दहिया की उपस्थिति में एक अहम क्राइम मीटिंग आयोजित की। इस 3 घंटे चली विस्तृत बैठक में सभी थाना प्रभारियों, चौकी इंचार्जो व सभी क्राइम ब्रांच इंचार्ज को शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। जिसमें पुलिस कमिश्नर ने थाना स्तर पर क्षेत्रवार अपराध की स्थिति का गहन विश्लेषण कराया और अपराधों में कमी लाने के लिए अधिकारियों से फील्ड अनुभव के आधार पर सुझाव लिए। विश्लेषण में सामने आया कि कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की संख्या अपेक्षा से कम है, जिस पर पुलिस कमिश्नर ने तुरंत सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में आवश्यक बल की मांग का आंकलन कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशासन हर संभव संसाधन मुहैया कराएगा, लेकिन अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र में जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास करने होंगे।

पुलिस कमिश्नर ने कहा कि अपराधी तत्वों में भय तभी उत्पन्न होगा जब पुलिस स्वयं पूरी तरह से सतर्क, सजग और मुस्तैद रहेगी। इस दौरान उन्होंने शहर के विभिन्न आपराधिक हॉटस्पॉट्स की पहचान के आधार पर वहां जल्द से जल्द सीसीटीवी कैमरों की स्थापना का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में चोरी, स्नैचिंग जैसी घटनाएं जिन क्षेत्रों में हुई हैं, वहां पर हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे लगाए जाएंगे ताकि अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी की प्रक्रिया तेज हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि अपराधी तक पहुंचने में सीसीटीवी कैमरे एक सशक्त और सटीक उपकरण हैं और इनसे न सिर्फ वारदात के बाद सुराग मिलते हैं, बल्कि अपराधियों के मन में भय भी बना रहता है।

रात्रि सुरक्षा को लेकर भी कमिश्नर ने सख्त रुख अपनाते हुए सभी थानों को निर्देशित किया कि रात्रि नाके, गश्त और पेट्रोलिंग को पहले से अधिक मजबूत किया जाए। साथ ही पीसीआर, राइडर्स और ईआरवी यूनिट्स को विशेष रूप से अधिक सक्रिय रखने के आदेश दिए गए हैं ताकि 24×7 निगरानी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस की निरंतर उपस्थिति ही आमजन में सुरक्षा की भावना और अपराधियों में डर का वातावरण तैयार करती है।

इसके साथ ही आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर भी विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख मार्गों, शिविरों व संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती होनी चाहिए और संबंधित अधिकारी पूर्ण रूप से सतर्कता बनाए रखें ताकि किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को पहले ही नाकाम किया जा सके। बैठक के अगले चरण में पुलिस कमिश्नर ने डीसीपी क्राइम अमित दहिया और सभी क्राइम यूनिट्स के इंचार्जों के साथ भी विशेष बैठक की। इस दौरान उन्होंने लंबित मामलों और विशेषकर उन केसों की समीक्षा की जिनमें अब तक आरोपी फरार हैं या गिरफ्तार नहीं किए जा सके हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे सभी मामलों में जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए और यदि इसके लिए अतिरिक्त संसाधनों या बल की जरूरत हो तो वह भी प्रदान किया जाएगा।

पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने अंत में यह भी कहा कि अपराध नियंत्रण व नागरिक सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए हर अधिकारी को संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई और तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग के साथ कार्य करना होगा। लापरवाही या निष्क्रियता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# रिदमिक्स में मानव मंगल के स्टूडेंट्स ने भावुक प्रस्तुति में बताया उनके जीवन में ग्रैंडपेरेंट्स का क्या है महत्व



मानव मंगल स्मार्ट स्कूल-88 के वार्षिक स्टेज शो में छात्रों ने मंच पर धमाल मचाते हुए प्रतिभा को बिखेरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। मानव मंगल स्मार्ट स्कूल, सेक्टर-88 के स्टूडेंट्स ने वार्षिक स्टेज शो 'रिदमिक्स' में अपनी हर प्रस्तुति में काबलियत का परिचय दिया और मंच पर धमाल मचाते हुए प्रतिभा को बिखेरा। स्कूल के यूकेजी से तीसरी क्लास के स्टूडेंट्स के लिए आयोजित समारोह में एक तरफ जहां स्टूडेंट्स ने ग्रैंडपेरेंट्स के महत्व पर प्रस्तुति दी, वहीं दूसरी तरफ आकर्षक प्रस्तुति में दहेज न लेने का दिया संदेश दिया। सेक्टर-88 स्थित मानव मंगल स्मार्ट स्कूल के सभागार में हुआ वार्षिक समारोह परंपरा, जागरूकता और मनोरंजन का एक सुंदर मिश्रण था, जो समग्र शिक्षा के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता को उजागर करता था। कार्यक्रम की शुरुआत सत्र 2024-25 की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली एक डिजिटल प्रस्तुति के साथ हुई।

सांस्कृतिक समारोह की शुरुआत थर्ड ए क्लास के छात्रों की ओर से प्रस्तुत गणेश अराधना से हुई जिसमें उन्होंने भगवान गणेश से उन्हें बुद्धि, सफलता और शक्ति का आशीर्वाद देने की प्रार्थना की। पारंपरिक परिधान पहने और सुंदर लय के साथ नृत्य करते हुए विद्यार्थियों ने आध्यात्मिकता और श्रद्धा का माहौल बनाया। वहीं, यूकेजी बी क्लास के बच्चों ने 'माय ग्रैंड पेरेंट्स माय ट्रेजर' प्रस्तुति में दिखाया कि उनके ग्रैंड पेरेंट्स किस तरह से उन्हें अंतहीन प्यार करते हैं और वे वे सिर्फ परिवार नहीं हैं बल्कि उनके सबसे अच्छे दोस्त हैं। इस कार्यक्रम ने पीढ़ियों के बीच के शाश्वत बंधन को उजागर किया।

इस भावुक प्रस्तुति के बाद फर्स्ट बी क्लास के नन्हें मुन्ने स्टूडेंट्स ने फैशन शो 'गुडनैस अंबैसडर्स' पेश कर खूब तालियां बटोरीं। छात्रों का आत्मविश्वास और मंच पर उपस्थिति सराहनीय थी, जिससे संदेश जीवंत हो गया। समारोह में यूकेजी ए के छात्रों की ओर से पेश 'फूड इस लाइफ' में भोजन की बर्बादी को कम करने और हर अनाज का मूल्य समझने के महत्व पर बल दिया गया। इसके अलावा समारोह में फर्स्ट ए क्लास के स्टूडेंट्स ने एक आकर्षक प्रस्तुति में दहेज जैसी सामाजिक बुराई पर बात की तथा पुरानी प्रथाओं को समाप्त करने का आह्वान किया। इस प्रस्तुति में बताया गया कि शादी प्रेम और एकजुटता का उत्सव है। लेकिन जब उपहार मांग में बदल जाते हैं, तो खुशी बोझ में बदल जाती है।

# अभयपुर के ग्रामीण नगर निगम और एचएसवीपी की अनदेखी का हो रहे शिकार

सीवरेज की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, सड़कों पर सीवरेज का पानी बह रहा, पीने का पानी भी हुआ दूषित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। गांव अभयपुर में नगर निगम और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की अनदेखी लोगों के जीवन पर भारी पड़ गई है। सीवरेज का सड़कों पर बहता पानी, गंदे पानी की आपूर्ति और जगह जगह बिखरा पड़े गंदगी के ढेर लोगों के लिए भारी मुसीबत बन चुके हैं। लंबे समय से निगम को गुहार लगने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो सका। सीवरेज का पाइप लाइन लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। उधर, पीने का पानी का पाइपलाइन लीक होने से सड़कों पर बह रहा है। कुछ दिन पहले सेक्टर-19 को अभयपुर गांव से जोड़ने वाली मुख्य सड़क पूरी तरह खोद दी गई है। खुदाई के दौरान पीने के पानी की पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। लोग इसको लेकर परेशान हैं। उनका आरोप है कि संबंधित अधिकारी कार्रवाई करने के नाम पर मुंह छिपा रहे हैं। पंचकूला के लोगों के अनुसार, अडानी ग्रुप को सिर्फ सड़क के किनारे खुदाई की अनुमति थी। लेकिन कंपनी के कर्मचारियों ने पूरी सड़क खोद डाली। खुदाई के दौरान पीने के पानी की पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। इससे इलाके में जल आपूर्ति बाधित हो गई है। साल 2021 में पंचकूला जिले में डायरिया के प्रकोप का कारण भूमिगत रिसाव और सीवर के पानी का पाइपलाइन कनेक्शनों में मिल जाना बताया गया था।



इस प्रकोप से एक नौ साल के बच्चे की मौत हुई, जबकि अभयपुर के ग्रामीण इलाकों के कम से कम 300 लोग प्रभावित हुए थे। गंदे और मिट्टी मिला पानी लोगों को मजबूर हो कर पीना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और नगर निगम के अधिकारी जान बूझकर क्षतिग्रस्त सीवरेज के पाइपलाइन की मरम्मत नहीं कर रहे हैं। अधिकारी कई कई बार मौके पर आकर मुआयना कर चुके हैं। बावजूद इसके लोगों को आश्वस्त करने के बाद लौट जाते हैं। समस्या जस की तस पड़ी है। बच्चे बीमार हो रहे हैं। बरसात में सड़कों पर बारिश और सीवरेज का पानी जमा होने से वातावरण में दुर्गंध और मच्छर फैल रहे हैं।

कुछ महीने पहले हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारी सीवरेज की पाइपलाइन बदलने की बात कह कर गए। कर्मचारी मौके पर पहुंचे लेकिन पाइपलाइन पर अतिक्रमण की बात कहकर नगर निगम को हटाने बारे सूचित करने के बाद नहीं लौटे। हद तो तब हो गई जब पाइपलाइन पर हुए अवैध कब्जों को लेकर नगर निगम ने भी कार्रवाई नहीं की। दोषी विक्रेताओं को नोटिस देने की बात कह कर मामले को ही टाल दिया गया। गौरतलब है कि नगर निगम के एरिया पार्षद ने भी निगम को कई बार चेताया लेकिन समस्या का हल नहीं हो सका। अब आलम यह है कि सीवरेज की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से गंदगी चारों ओर बिखरी पड़ी है। नगर निगम का कोई कर्मचारी सफाई करने नहीं आ रहा है। बरसात में यहां महामारी फैलने का खतरा बना हुआ है। पिछले साल भी अभयपुर में बच्चे डेंगू और मलेरिया की चपेट में आए थे। कई लोग बीमार पड़ गए थे जो लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहे।

### आपराधिक गतिविधियों में लिप्त चालकों पर फोकस

लोगों ने दी लामबंद होने की चेतावनी अभयपुर गांव में रहने वाले लोगों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि गांव में गंदे पानी की सप्लाई, सीवरेज की पाइपलाइन की मरम्मत करने के साथ साथ अभयपुर में सफाई व्यवस्था का प्रबंध करने के लिए जल्द कदम नहीं उठाए गए तो लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। रविवार को भी लोग भारी मुसीबतों का सामना कर रहे थे।

# मोरनी के टिककर हिल्स स्कूल में लगा निशुल्क मेडिकल कैंप, 234 लोगों को मिला उपचार



अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** पंडित केदारनाथ शर्मा हॉस्पिटल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ़ से कालका विधानसभा में नि शुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। मोरनी के टिककर हिल्स गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, में यह कैम्प लगाया गया। कैंप में पारस हॉस्पिटल से डॉ रोबिन बरवाल, डॉ नरेश शर्मा, श्रीमती सोनिया, श्रीमती रिया, विनोद कुमार, डॉ योगिंदर कुमार सिविल हॉस्पिटल सेक्टर -6, पंचकुला, श्री जीत सिंह रायपुर रानी व बाकि टीम ने लोगों की जांच की। कैंप में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने निः शुल्क मेडिकल कैम्प का लाभ लिया। कैम्प में 234 से अधिक मरीज़ पहुँचे। जिनमे से सामान्य रोग के 86, हड्डी रोग के 49, नेत्र रोग के 66 और खून की जाँच करवाने के लिए 33 मरीज़ पहुँचे। कैम्प में आने वाले लोगों की हैप्पी कार्ड आयुष्मान कार्ड और फ़ैमिली आईडी से जुड़ी दिक्कतें भी दूर की गई तथा नए हैप्पी कार्ड भी बनवाए गए। कैंप में निःशुल्क रक्त जाँच के साथ ही मरीज़ों को दवाइयां भी दी गई। कालका विधानसभा के अलग अलग क्षेत्रों में विधायक शक्ति रानी शर्मा जी द्वारा लगाया जाता है निः शुल्क मेडिकल कैम्प। इस दौरान खुद विधायक भी हर कैम्प में मौजूद रहती हैं और लोगों का हाल चाल जानती हैं। वहीं क्षेत्र के लोग भी इस मौके पर विधायक से मिलते है और अपनी समस्या बताते हैं और विधायक द्वारा मौके पर ही उन समयाओं का समाधान करने का प्रयास किया जाता है।

# हरियाणा सरकार ने जसबीर सिंह जस्सा को मनोनीत पार्षद नियुक्त

अर्थ प्रकाश/जग्गी



**कालका।** कालका 7 हरियाणा सरकार ने प्रदेश की आठ नगर निगमों में पार्षद मनोनीत कर दिए हैं। इसी तरह से 72 नगर परिषदों और नगर पालिकाओं में भी पार्षद मनोनीत किए गए हैं। वहीं नगर परिषद कालका में एस सी मोर्चा जिला पंचकूला के कार्यकारी जिलाध्यक्ष व वार्ड नंबर 26 कालका निवासी जसबीर सिंह जस्सा को मनोनीत पार्षद नियुक्त किया गया है। इनके साथ ही अमरावती निवासी संगीता बैंसला और पिंजौर निवासी चिंतन वर्मा को भी मनोनीत पार्षद बनाया गया है। जसबीर सिंह जस्सा ने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा जो उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है उसे बखूबी निभाएंगे और मनोनीत पार्षद बनाए जाने से वह अपने वार्ड वासियों की समस्या व अन्य 30 वार्डो की समस्याओं और प्रमुखता से बैठक के माध्यम से नगर परिषद के अधिकारियों के समक्ष रखेंगे। ताकि जल्द से जल्द लोगों की समस्या हल करवायेंगे। जसबीर सिंह जस्सा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा कालका नगर परिषद में मुझे मनोनीत पार्षद बनाने पर माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी, आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष श्री मोहन लाल बडोली जी, माननीय राज्यसभा सांसद बड़े भाई कार्तिकेय शर्मा जी एवं रेखा शर्मा जी, संगठन महामंत्री प्रदेश फणींद्रनाथ शर्मा, जिलाध्यक्ष श्री अजय मित्तल, जिला प्रभारी रवि बतान, कालका विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया जी, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, जिला महामंत्री सरदार भवनजीत सिंह जी, पूर्व जिला सचिव एवं पार्षद आचार्य श्री विनोद सावर्णी। जी कालका मण्डल अध्यक्ष श्री कपिल गौड़ जी, पूर्व विधानसभा सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता आदि धन्यवाद व्यक्त किया।

# कारोबारी पर एएसआई के कहने पर रिश्वत के लिए दबाव बना रहा था कांस्टेबल प्रदीप, गिरफ्तार

सतर्कता ब्यूरो ने 1.15 लाख रिश्वत के मामले में की कार्रवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता




पंचकूला। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), पंचकूला ने आज साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, मनसा देवी कॉम्प्लेक्स, पंचकूला के कांस्टेबल प्रदीप कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। वह जांच अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक जसबीर सिंह के कहने पर कारोबारी पर रिश्वत के लिए दबाव बना रहा था। प्रदीप कुमार के विरुद्ध ब्यूरो ने जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त होने पर गिरफ्तार किया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया। एएसआई जसबीर को ब्यूरो की टीम ने एक शिकायतकर्ता से 1,15,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। एसीबी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने ब्यूरो को एक शिकायत प्रस्तुत की जिसमें कहा गया कि वह निजी सैनेटरी ट्रेडिंग में लगा हुआ है। फरवरी 2024 में, उसने मुथूट फाइनेंस कंपनी के पास अपना सोना गिरवी रखकर गोल्न लिया। बाद में, सोना बेचकर लोन चुकाने के लिए, उसने सेक्टर-20, पंचकूला में कैश योर गोल्ड कंपनी से संपर्क किया। 12 जून, 2024 को, कंपनी ने आरटीजीएस के माध्यम से उसके बैंक खाते में 5,65,000 रुपये स्थानांतरित किए। बदले में, उसे मुथूट फाइनेंस से सोना प्राप्त करना था और इसे कैश योर गोल्ड कंपनी को सौंपना था।

हालांकि, कैश योर गोल्ड कंपनी ने गुरुग्राम के साइबर पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद, उन्हें गुरुग्राम पुलिस से कॉल आने लगे, जिसमें नकदी या सोना वापस करने की मांग की गई।शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि कंपनी की शिकायत के आधार पर, गुरुग्राम पुलिस ने उनके और उनके सहयोगियों के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया, यह संदेह करते हुए कि हस्तांतरित 5,65,000 रुपये किसी ज्ञात व्यक्ति के खातों में स्थानांतरित किए गए थे। बाद में, उनके खिलाफ शिकायत गुरुग्राम पुलिस से साइबर अपराध पुलिस स्टेशन, मनसा देवी कॉम्प्लेक्स, पंचकूला में स्थानांतरित कर दी गई। पंचकूला साइबर अपराध पुलिस स्टेशन में, एएसआई जसबीर सिंह शिकायत के सत्यापन को संभाल रहे थे।

हालांकि उन्होंने शिकायतकर्ता के बैंक खाते को अनफ्रीज करने में मदद की, लेकिन उन्होंने शिकायत को बंद करने के बदले में कथित तौर पर 2,50,000 रुपये की नकद रिश्वत मांगी। शिकायतकर्ता द्वारा राशि कम करने के बार-बार अनुरोध करने के बाद, अधिकारी ने रिश्वत के रूप में 1,15,000 रुपये स्वीकार करने पर सहमति व्यक्त की। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जाल बिछाया और एएसआई को 1,15,000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया। इस प्रकरण में तफतीश के दौरान सामने आया कि आरोपी सिपाही प्रदीप कुमार गुरुग्राम ने स.उ.नि. जसबीर सिंह के साथ मिलकर शिकायतकर्ता से रिश्वत की मांग की और शिकायतकर्ता को रिश्वत देने के लिए दवाब बनाया।

# निर्यात व रोजगार सृजन में एमएसएमई की भूमिका अहम : जैन

पीएचडीसीसीआई ने केनरा बैंक के सहयोग से किया एमएसएमई क्लस्टर मीट का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के हरियाणा चैप्टर की तरफ से केनरा बैंक के सहयोग से आज पीएचडी हाउस में एमएसएमई क्लस्टर मीट का आयोजन किया। इसका उद्देश्य एमएसएमई को सरकारी औद्योगिक नीतियों और बैंक की वित्त पोषण योजनाओं के बारे में जागरूक करना था।

सेमिनार में क्षेत्र के बैंकों, संघों और विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के 110 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पीएचडीसीसीआई के हरियाणा राज्य चैप्टर के सह-अध्यक्ष लोकेश जैन ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि एमएसएमई भारत के सकल घरेलू उत्पाद, निर्यात और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। केनरा बैंक चंडीगढ़ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के उप महाप्रबंधक बी. रवि ने बताया कि केनरा बैंक ने पिछले वर्ष 1000 करोड़ रुपये का वितरण किया था और इस वर्ष और अधिक धनराशि देने की योजना है। उन्होंने यह भी बताया कि केनरा बैंक में वितरण के लिए टीएटी (टर्न्ड अराउंड टाइम) न्यूनतम है।

अपने उद्घाटन भाषण में पीएचडीसीसीआई की क्षेत्रीय निदेशक सुश्री भारती सूद ने व्यवसाय के विकास और विस्तार में ऋण की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। पंजाब के उद्योग विभाग के महाप्रबंधक अर्शजीत सिंह ने पंजाब सरकार की आकर्षक औद्योगिक नीति के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि पंजाब उद्योग विभाग निवेश और औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न पूंजीगत सब्सिडी योजनाएं प्रदान करता है। चंडीगढ़ के अंचल कार्यालय के मनोज कुमार दास ने कहा कि उन्हें यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि वे एमएसएमई को समर्थन देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हम उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संपार्श्विक-मुक्त ऋण, कार्यशील पूंजी सहायता और अनुकूलित वित्तीय उत्पाद प्रदान करते हैं। एमएसएमई को मुद्रा और पीएमईजीपी जैसी सरकारी योजनाओं के माध्यम से मार्गदर्शन भी देते हैं, जिससे उन्हें स्थायी रूप से बढने में मदद मिलती है। एमएसएमई सुलभ चंडीगढ़ की सहायक महाप्रबंधक शेफाली बंसल ने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों को उनकी भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया।

# अनिल दहिया बने इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस हरियाणा चैप्टर के अध्यक्ष

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



पंचकूला। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में संपन्न हुई इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस के हरियाणा चैप्टर की बैठक में सर्वसम्मति से लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर इन चीफ अनिल दहिया को 2 वर्ष के लिए अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा वाइस चेयरमैन मानद सचिव खजांची और एग्जीक्यूटिव कमिटी के सात सदस्यों का चुनाव किया गया। यह चुनाव सर्वसम्मति से और निर्विरोध हुआ। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए 200 से अधिक इंजीनियर आर्किटेक्ट और ठेकेदारों ने भाग लिया। इस दौरान बिल्डिंग मटेरियल कंपनियों ने अपने आधुनिक उत्पादों को प्रदर्शित भी किया। कार्यक्रम के दौरान अगले दो वर्षों के लिए एग्जीक्यूटिव बॉडी का गठन करने के अलावा सभी इंजीनियर और ठेकेदार को निर्माण सामग्री की उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया गया।

विकास कार्य को बढ़ावा देते हुए विधायक ने विभिन्न निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाया

# शीघ्रता से पूर्ण कराकर लोगों को समर्पित करें : कृष्णा गहलावत

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



राई। राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत ने रविवार को हल्के में विकास कार्य को बढ़ावा देते हुए विभिन्न निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाया। विधायक ने गांव दीपालपुर में बीसी चौपाल की नींव रखते हुए ग्रामीणों की कई साल पुरानी मांग को पूरा किया।

चौपाल के निर्माण पर 25 लाख की लागत आएगी और जल्दी ही यह कार्य पूरा हो जाएगा। बीसी समाज के लोगों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने गांव दीपालपुर में जनरल चौपल का रिबन काटकर उद्घाटन किया। चौपाल के निर्माण पर करीब 30 लाख रुपए खर्च हुए। इसके साथ ही गांव में बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन की विधायक ने नींव रखी और नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। इसके बाद गांव जाजल में डी प्लान के तहत चौपाल का नारियल फोड़कर कार्य शुरू करवाया। चौपाल के निर्माण में 10 लाख रुपए की लागत आएगी। इसके बाद गांव मुरथल में जिम का उद्घाटन किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हरियाणा सरकार गांवों के चहुंमुखी विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। बीसी योजना के तहत विशेष रूप से उन वर्गों और क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जो अब तक उपेक्षित रहे हैं। आज जिन निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया है, शीघ्रता से पूर्ण कराकर गांव के लोगों को समर्पित कर दिया जाएगा।

उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने पर भी बल दिया और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री का उपयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस भवन की लंबे समय से आवश्यकता थी, जो अब पूरी हो रही है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने गांवों को शहरों के समान सुविधाओं से सुसज्जित करने का जो लक्ष्य रखा है, उसकी पूर्ति की दिशा में ये कार्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

हर जिले में संगठन मजबूत करने की कवायद

# आप ने अंबाला में जिला अध्यक्ष पद के लिए नामों पर की चर्चा



अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

नारायणगढ़। आम आदमी पार्टी हरियाणा के अध्यक्ष सुशील कुमार गुप्ता हरियाणा के अंदर संगठन की विस्तार में जुटे हुए हैं बलविन्द्र सिंह डैहर अम्बाला लोकसभा संयुक्त सचिव ने बताया कि हरियाणा अध्यक्ष सुशील कुमार गुप्ता ने पिछले दीनों में हरियाणा की हर जिले के अंदर एक प्रभारी नियुक्त किया गया है और उनकी जिम्मेदारी लगाई गई है हर जिले के अंदर एक मजबूत संगठन बनाने के लिए अंबाला जिले के लिए आदर्श पाल गुर्जर को प्रभारी नियुक्त किया गया इसी के चलते अंबाला जिला के अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर नारायणगढ़ विधानसभा के कस्बा शहजादपुर में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी की एक मीटिंग का आयोजन नरेश कुमार कक्कड़ माजरा हरियाणा प्रदेश सचिव एससी सैल की अध्यक्षता में की गई।

इस मीटिंग में पार्टी के विस्तार एवं संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की गई और साथ में अंबाला अध्यक्ष के नाम पर भी चर्चा हुई अंबाला अध्यक्ष के लिए जो नाम सामने आए हैं उसमें रजनीश शर्मा नरेश कुमार कक्कड़ माजरा रोहित जैन सोमनाथ बलविन्द्र सिंह डैहर गुरतेज सिंह के नाम सामने आए इस अवसर पर सुधीर राणा रजनीश शर्मा सतीश कुमार गुर्जर धनाना जगमाल सिंह सोमनाथ राजपाल सिंह राजेश दीवान जगमाल सिंह जस्सी काका संदीप कुमार व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे

# जोत महोत्सव श्रद्धा, संस्कृति और एकता का प्रतीक : पुनीत राई



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई। निगम पार्षद पुनीत राई को महोत्सव के लिए बालाजी सेवा संघ द्वारा जोत महोत्सव को लेकर अवगत करवाने के बाद सम्मान किया संघ के सदस्यों ने महोत्सव को लेकर अपने विचार साझा किए और समाज को जोड़ने वाली इस परंपरा को सजीव एवं प्रेरणादायक बताया।भाजपा नेता पुनीत राई ने कहा कि जोत महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमारी लोक आस्था, समाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज के हर वर्ग को एकत्र कर एकता, श्रद्धा एवं भक्ति का अद्वितीय संदेश देते हैं। पुनीत राई ने संघ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संघ द्वारा प्रतिवर्ष इस महोत्सव का भव्य आयोजन कर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक पहचान से जोड़ने का जो प्रयास किया जाता है, वह अत्यंत सराहनीय है। पुनीत राई ने पूर्ण समर्थन व सहभागिता का भरोसा दिलाया और कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से महोत्सव में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज के समय में ऐसे आयोजनों की महत्ता और भी अधिक बढ़ गई है क्योंकि यह युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का काम करते हैं। इस मौके पर गणमान्य लोग मौजूद थे।

# अवैध असला रखने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने अवैध असला रखने के आरोपी को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-2 टीम ने अवैध असला रखने के आरोपी अर्जुन उर्फ कन्नू वासी सीताराम कालोनी कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 1 देसी कट्टा व 1 जिन्दा रौंद बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 12 जुलाई 25 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल के मार्गनिर्देश में सहायक उप गुरबक्श, मुख्य सिपाही प्रवीन कुमार, सिपाही अमित व होमगार्ड बलराम की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में मल्टी आर्ट सेंटर चौंक के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली अर्जुन उर्फ कन्नू वासी सीताराम कालोनी कुरुक्षेत्र के पास अवैध असला है जो बाजीगर धर्मशाला के पास पार्किंग में घुम रहा है। अगर बाजीगर धर्मशाला के पास बनी पार्किंग में पहुंचकर निगरानी की जाये तो अर्जुन उर्फ कन्नू अवैध असले सहित काबू आ सकता है।

# महाराष्ट्र के दौरे पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण

## विधानसभा की कार्यवाही देखेंगे विस अध्यक्ष

महाराष्ट्र के स्पीकर व अधिकारियों से करेंगे विधायी कार्यों पर चर्चा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण 12 जुलाई से 16 जुलाई तक महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के आधिकारिक दौरे पर हैं। यह दौरा विधायी आदान-प्रदान और संसदीय प्रक्रिया के अध्ययन हेतु आयोजित किया जा रहा है। 14 जुलाई को विस अध्यक्ष कल्याण महाराष्ट्र विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकन करेंगे और महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट करेंगे। इस दौरान वे महाराष्ट्र के विधान सभा अध्यक्ष व अधिकारियों से विधायी कार्यों पर चर्चा करेंगे। यह दौरा दोनों राज्यों की विधानसभाओं के बीच पारस्परिक समझ और सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। गौरतलब है कि हाल ही में गुरुग्राम में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के सम्मेलन में भी लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने पर चर्चा हुई थी। कल्याण के महाराष्ट्र दौरे से दोनों प्रदेशों की विधायी परंपराओं को समझा व साझा किया जाएगा।

दौरे के दौरान श्री कल्याण 15 जुलाई को प्रसिद्ध श्री सिद्धिविनायक मंदिर के दर्शन करेंगे तथा मुंबई शहर के प्रमुख स्थलों का भ्रमण भी करेंगे।

# कार्यकर्ताओं के बल पर भाजपा बड़ी पार्टी बनी है : माईराम कौशिक



सुरेंद्र बरोटा को भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जताया आभार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता सुरेंद्र बरोटा को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। इस उपलक्ष्य में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली के कार्यालय पर जाकर उनके छोटे भाई माईराम कौशिक का धन्यवाद किया।इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने सुरेंद्र बरोटा को संगठन में नई ज़िम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और आशा जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मज़बूती से कार्य करेगा।इस प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से वेदपाल शास्त्री (मंडल अध्यक्ष), राकेश ओड (बरोटा जिला ग्रीवेंस कमेटी सदस्य), मुकेश नाहरी (मंडल उपाध्यक्ष), मुकेश डागर, सरपंच संजय चौहान (बरोटा), डॉ. सुरेंद्र, बलजीत सिंह, रवि, सुनील, नवीन, ब्लॉक समिति सदस्य कुलदीप व हितेश, वंश, साहिल, डॉ. मनोज शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# प्राइम डे पर अमेजन म्यूजिक से मिलेंगे बेलिस्ट, पॉडकास्ट, बीट्स, व बिहाइंड द सीन जैसे कई तोहफे

चंडीगढ़। भारत के सबसे प्रमुख म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लैटफॉर्म में शुमार 'अमेजन म्यूजिक इंडिया' इस बार प्राइम डे पर संगीत के श्रोताओं के लिए कुछ बहुत खास तोहफे लेकर आ रहा है। इस बार श्रोताओं को मिलेगी खास तौर पर उनके लिए तैयार की गई प्लेलिस्ट, कलाकार का खास वीडियो कॉन्टेंट, और पॉडकास्ट का जल्दी ऐक्सेस। ये ऐसी चीजें हैं जो सबसे पहले और सिर्फ अमेजन म्यूजिक ऐप पर ही उपलब्ध होंगी।

अमेजन म्यूजिक, प्राइम डे स्पेशल बेलिस्ट के साथ श्रोताओं को रोमांचित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। बेलिस्ट एक खास तौर पर तैयार की गई प्लेलिस्ट है जिसकी थीम प्यार और पॉजिटिविटी है। इस प्लेलिस्ट को इस तरह तैयार किया गया है कि यह कई भाषाओं के श्रोताओं को संगीत का आनंद दे सके। इस प्लेलिस्ट में श्रोताओं को मिलेंगे नए और सबसे ज्यादा पसंद किए गए लव सॉन्ग्स। ये गाने हिन्दी, पंजाबी, तमिल, और तेलुगु में श्रोताओं के लिए उपलब्ध होंगे। चार्ट में टॉप पर रहने वाले सिंगल गानों, फिल्मों के पसंदीदा गानों, इंडियन पॉप और इंडि गानों के साथ यह प्लेलिस्ट भारत के विविधतापूर्ण संगीत परिदृश्य को बताएगी। इस लॉन्च को और भी शानदार बनाने के लिए अमेजन म्यूजिक ने भारतीय कलाकारों जैसे गुरु रंधावा और अक्षत आचार्य को भी अपने खास वीडियो आईपी 'आर्टिस्ट डायरीज' से जोड़ा है। इस पेशकश से फैंस को अपनी पसंद के कलाकार के रचनात्मक सफर के बारे में कई अहम बातें मालूम होंगी और वे उनसे बेहतर जुड़ाव बना पाएंगे। इसके अलावा, बेलिस्ट को प्रमोट करने के लिए, अमेजन म्यूजिक ने साई अभ्यंकर के साथ खास पार्टनरशिप भी की।

# मारकंडेश्वर मंदिर में लगा श्रद्धालुओं का तांता

अर्थ प्रकाश/ रवि पाहुजा



**अम्बाला /शाहाबाद मारकण्डा।** पवित्र श्रावण मास के पहले रविवार को श्री मारकंडेश्वर मंदिर में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर सभा के प्रधान ऋषि गंभीर ने बताया कि श्रावण मास में हर वर्ष लाखों श्रद्धालु बाबा मारकडेय ऋषि के दर्शन के लिए आते है और मीठे चावल, खीर का प्रसाद चढ़ाते है। मंदिर के पुजारी पं श्याम सुंदर ने बताया कि आज अल सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर परिसर में आने शुरू हो गए और भगवान भोलेनाथ व ऋषि मारकंडेय जी के सुंदर स्वरूप के दर्शन किए। उन्होने कहा कि मारकंडा नदी में भी पवित्र जल जल बह रहा है और श्रद्धालु जल को भरकर अपने घरों में छिडकाव करते है। उन्होने कहा कि मारकंडे ऋषि ने घोर तपस्या कर भगवान शिव को प्रसन्न किया था। प्रधान ऋषि गंभीर ने बताया कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद व लंगर की सेवा मंदिर सभा द्वारा की गई है। इसके अलावा पीने के पानी, मंदिर की सफाई, जोड़े खाने की सेवा के लिए सेवादार निरन्तर कार्य कर रहे है। इस अवसर पर उप प्रधान बलदेव राज चावला, उपेन्द्र गंभीर, ओमप्रकाश कालड़ा, रमेश डंग, कुलदीप शर्मा, गोल्डी, भजनलाल सहित मंदिर सभा के सदस्य व सेवादार उपस्थित थे।

# डिवाइडर से टकराया परचून के सामान से भरा ट्रक, कोई हताहत नहीं



अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

समालखा। शहर के नेशनल हाईवे दिल्ली रोड पर शनिवार देर रात भापरा बाईपास के सामने एक तेज रफ्तार ट्रक पुल के डिवाइडर से टकरा गया, हालांकि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। इसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त की।

मिली जानकारी के अनुसार पंजाब से दिल्ली जा रहे ट्रक ड्राइवर को रात करीब एक से 1:30 बजे के आसपास नींद की झपकी आने के कारण अनियंत्रित होकर ट्रक डिवाइडर से टकरा गया। नेशनल हाईवे-44 पर अबादी क्षेत्र के पास बने पुल के डिवाईडर के पास अक्सर वाहनों के द्वार ओवरटेक करने के दौरान अचानक से सामने डिवाईडर दिखता तब तक बहुत देर हो चुकी होती है और वाहन डिवाईडर से टकरा जाते हैं।लोगों का कहना है कि इन डिवाईडरों पर दूर से दिखने वाले स्पष्ट संकेत का नही होना भी दुर्घटना का कारण बन रहा है। नेशनल हाईवे-44 पर इस तरह के लगभग सभी डिवाईडर दुर्घटना से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिसे सुधारा भी नही जा रहा है, इससे और भी दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। ट्रक ड्राइवर के अनुसार वाहन डिवाइडर पर चढ़ गया। ट्रक में परचून का सामान लदा था जो पंजाब से लोड कर दिल्ली उतरना था। वहीं हाईवे ट्रैफिक इंचार्ज कुलदीप कादियान ने जानकारी देते बताया कि देर रात ड्राइवर को नींद की जबकि आने से ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया हादसे में किसी भी तरह का कोई जानी नहीं नुकसान नहीं हुआ है। ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त है सुचारू रूप से चालू है।

# अवैध शराब रखने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** जिला पुलिस ने अवैध शराब रखने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में थाना कृष्णा गेट पुलिस की टीम ने अवैध शराब रखने के आरोप में हंस राज वासी कीर्तिनगर कुरुक्षेत्र को काबू कर उसके कब्जा से 8 बोतल ठेका देसी शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 12 जुलाई 25 को थाना कृष्णा गेट प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुमार के मार्ग-निर्देश में मुख्य सिपाही राकेश, उप निरीक्षक बलजीत सिंह व होमगार्ड सुखविंदर टीम गस्त व अपराध की तलाश में गांव धन्तोड़ी के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को सूचना मिली कि हंसराज कीर्तिनगर में स्थित दुकान मे अवैध शराब बेचता है। अगर हंसराज को काबू करके उसकी तलाशी ली जाये तो उसके कब्जा से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हो सकती है।


**सार्वजनिक सूचना**

**मैं राजिन्द्र सिंह पुत्र ईशर सिंह निवासी मकान नंबर 88, सुभाष नगर, मनीमाजरा, चंडीगढ़।**

**मुझसे मकान नंबर 1213, सेक्टर 22बी, चंडीगढ़ की मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, हस्तांतरण विलेख, स्थानांतरण पत्र, निर्माण कार्य समाप्ति पत्र खो गए हैं। यदि किसी को मिलें तो कृपया उपरोक्त पते पर लौटा दें।**

AP-2559

**संपदा कार्यालय, यूटी, चंडीगढ़**

**सार्वजनिक सूचना**

**श्री नवीन दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी के समक्ष (संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए)**



**विषय:-** दिनांक 21/10/2013 को पंजीकृत पारिवारिक हस्तांतरण विलेख के आधार पर आवासीय स्थल 1373, सेक्टर 34 चंडीगढ़ के संबंध में 32.66 प्रतिशत हिस्से की सीमा तक स्वामित्व के हस्तांतरण के संबंध में।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री जगदीश भांबरी आवासीय स्थल संख्या 1373, सेक्टर 34-सी, चंडीगढ़ के मालिक/पट्टेदार हैं।

श्री मिक्की भांबरी द्वारा सूचित किया गया है कि श्री जगदीश भांबरी, जो उपरोक्त संपत्ति के 32.66 प्रतिशत हिस्से के मालिक हैं, ने 21.10.2013 को मिक्की भांबरी के पक्ष में 32.66 प्रतिशत हिस्से की सीमा तक पारिवारिक हस्तांतरण विलेख निष्पादित किया था और इसे उप रजिस्ट्रार यूटी चंडीगढ़ के कार्यालय में क्रमांक 3918, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्याङ्क, पृष्ठ संख्या_, दिनांक 21/10/2013 पर पंजीकृत किया गया है।

अब मिक्की भांबरी ने पारिवारिक हस्तांतरण विलेख दिनांक 21.10.2023 के आधार पर उपरोक्त संपत्ति के 32.66 प्रतिशत हिस्से को अपने पक्ष में हस्तांतरित करने के लिए आवेदन किया है।

यदि किसी के पास ऊपर उल्लिखित के अलावा किसी भी सहदायिक के बारे में कोई जानकारी है, तो उसे तुरंत संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित किया जा सकता है।

यदि किसी को उक्त संपत्ति में उक्त हिस्से के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इसे लिखित रूप में (मजिस्ट्रेट/नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित शपथ पत्र के साथ) प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर सभी सहदायिकों का अनुरोध तदनुसार स्वीकार किया जाएगा और बाद में किसी भी अन्य दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

AP-2560

**ਗਰੇਟਰ ਮੁਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ**

ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ।

(ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)



(ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ)



ਲਾਭ ਪਾਤਰ

ਪਲਾਟ ਨੰ: 131, ਈਕੋਸਿਟੀ-2, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Balbir Singh Gill S/o Arjun Singh Gill R/o H.no. 29-R, Model Town, Karnal, Haryana-132001 ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 19-07-2023 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਸਬੰਧੀ ਅਲਾਟੀ Balbir Singh Gill ਵੱਲੋਂ ਆਪਣੇ ਪੁੱਤਰ Sarpreet Singh Gill S/o Balbir Singh Gill R/o #1/2 Palika Nikunj, Telegraph Lane, New Delhi, G.P.O, New Delhi-110001 ਦੇ ਨਾਮ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਕੀਤੀ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 806 ਬਹੀ ਨੰ: 3 ਮਿਤੀ 11-03-2010 ਰਾਹੀਂ Sub Registrar, Karnal, Haryana ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੈ।

ਉਕਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ Sarpreet Singh Gill ਵੱਲੋਂ ਪਲਾਟ ਨੰ: 131, ਈਕੋਸਿਟੀ-2, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ, ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ ਰੈਫਰੈਂਸ ਆਈ.ਡੀ. ਨੰ: 440684 ਰਾਹੀਂ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿੱਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ।

ਇਸ ਲਈ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਵਲੋਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ) ਗਮਾਡਾ, ਮੋਹਾਲੀ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਪਲਾਟ ਨੰ: 131, ਈਕੋਸਿਟੀ-2, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ, ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਉਕਤ ਵਾਰਸ ਦੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ।

AP-2559

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS | आज ही बुक करें PH. : 0172-2638515, 98883-03520 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

**मैं,** अभिषेक पुत्र प्रदीप कुमार वासी फोर्थ फ्लोर, एस-1/163, लाला गणेश नगर रोड़, ओल्ड महावीर नगर, डाक-तिलक नगर, वेस्ट न्यू दिल्ली ने अपना नाम बदलकर अभिषेक वधवा रखा है।

**मैं,** हरीश चन्द्र बजाज पुत्र जय दलाल बजाज वासी मकान नं. 200, सैक्टर-32 नरसी विलेज करनाल ने अपना नाम बदलकर हरीश चन्द्र से हरीश चन्द्र बजाज रखा है।

**मैं,** प्रेम चंद सचदेवा पुत्र नियामत राय वासी गांव लाली तहसील रतिया जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर प्रेम चंद रखा है।

**मैं,** बिमला पत्नी प्रेम चंद वासी गांव लाली तहसील रतिया जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर बिमला रानी रखा है।

**मैं,** पवनदीप उर्फ पवन कुमार पुत्र नंद लाल वासी Chandoh खुर्द तहसील रतिया जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर पवन कुमार रखा है।

**मैं,** कुलवंत सिंह उर्फ मंगत सिंह पुत्र जगत सिंह वासी गांव व डाक Akanwali मकान नं 806, रतिया रोड़, टोहाना, फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर मंगत सिंह रखा है।

**मैं,** अदिति Aggarwal पुत्री दलीप अग्रवाल वासी मकान नं. 147 सैक्टर 10 पंचकूला, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर अदिति Agarwal रखा है।

एपी-2555

**मैं,** मोइरांगथेम सुनोलता देवी, सैन्य संख्या- 15723812वाई रैंक नायक मोइरांगथेम बिनॉय सिंह की मां हूं निवासी हेइरोक भाग-2 मनिंग लीकाई पो.ओ- वांगजिंग बी.पी.ओ- हेइरोक पी.एस.- थौबल तहसील-थौबल राज्य-मणिपुर पिन- 795148 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम मोइरांगथेम शुनोलता देवी से बदलकर कर लिया है। मोइरांगथेम सुनोलता देवी कर लिया है।

एपी-2556

**मैं,** अमरजीत पुत्र बुटा सिंह निवासी ग्राम बुढनपुर वीरान तह. जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर अमरजीत सिंह कर लिया है।

एपी-2557

**मैं,** प्रवीन कुमार उर्फ प्रवीन पुत्र रणजीत गाँव मुन्ना रेहड़ी, साँच ,कैथल ने अपना नाम प्रवीन कुमार उर्फ प्रवीन से बदलकर प्रवीन रख लिया है।

एपी-2561

It is for general information that I, Kulwant Singh S/o Amarnath, R/o Saran (449), Yamuna Nagar, Haryana - 133202, declare that name of mine has been wrongly written as Kulwant in my minor son Harshit Kumar aged 17 years in his 10th Class School Certifificate Cum Marksheet. The actual name of mine is Kulwant Singh, which may be amended accordingly.

एपी-2562

**मैं,** स्नेह पत्नी बिट्टू, गांव नन्दगढ़ तहसील जुलाना जिला जीन्द की स्थाई निवासी हूं। मैंने अपने पुत्र का नाम सक्षम से बदलकर सक्षम दहिया रख लिया है।

एपी-2558

**बेदखली सूचना**

हम नरेश कुमार पुत्र कलान बाल्मीकि और केलावती पत्नी नरेश कुमार निवासी मकान नंबर 1081 स्माल फ्लैट धनास चंडीगढ़, घोषित करते हैं कि हमारा बेटा शुभम और उसकी पत्नी प्रियंका दोनों हमारे नियंत्रण से बाहर हैं, इसलिए मैं उन्हें हमारी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं, इनसे लेनदेन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे।

मैं रामहित पुत्र रामदुलार निवासी मकान संख्या ए-172, ब्लॉक-ए पीयू परिसर, सेक्टर 125, चंडीगढ़, घोषित करता हूं कि मेरी पत्नी शांति देवी और मेरे बेटे राजेश, बृजेश और मुकेश, बेटियां रेखा और सविता, सभी मेरे नियंत्रण से बाहर हैं, इसलिए मैं उन सभी के साथ अपना संबंध समाप्त करता हूं और उन सभी को अपनी चल-अचल संपत्तियों से भी बेदखल करता हूं, उनका मेरी संपत्तियों में कोई अधिकार नहीं है, कोई भी व्यक्ति अपने जोखिम पर उनके साथ व्यवहार करेगा।

एपी-2558

**आवश्यक सूचना**

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# शहर को स्वच्छ रखने में आम लोगों की भूमिका अहम : मनोहर लाल

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 13 जुलाई।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में देश के सबसे स्वच्छ शहरों की सूची में करनाल शहर का नाम शामिल हुआ है जोकि हम सबके लिए बहुत ही खुशी की बात है। उन्होंने स्वच्छता में करनाल शहर को राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चुने जाने पर बधाई दी और कहा कि भविष्य में भी स्वच्छता को बरकरार रखने में जनता सहयोग करे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल रविवार को करनाल दौरे के दौरान भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में मीडिया से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए करनाल के जनप्रतिनिधियों, सफाई कर्मियों व जनता को बधाई दी और कहा कि यह बड़ी ही खुशी की बात है कि करनाल शहर को स्वच्छता में राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चुना गया है। यह पुरस्कार सफाई मित्रों द्वारा किए गए बेहतर कार्यो तथा नागरिकों द्वारा दिए गए सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत पिछले कई वर्षों से स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान चल रहा है जिसे थर्ड पार्टी एजेंसी द्वारा किया जाता है। उस एजेंसी से प्राप्त सूची तथा जनसंख्या के आधार पर पांच श्रेणियां बनाई गई है जिसमें 10 लाख से ऊपर की जनसंख्या वाले शहर तथा दूसरी श्रेणी 10 लाख से 3 लाख तक की जनसंख्या वाली श्रेणी है। दूसरी श्रेणी में करनाल शहर का नाम शामिल है। मीडिया के एक सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा एक पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर देश के 100 शहरों को चुना गया था उनमें करनाल शहर भी शामिल था। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत करनाल शहर में काफी काम हुआ है, लेकिन जो काम अधूरे रह गए थे, इन्हें पूरा करवाया जाएगा। इस मौके पर करनाल विधायक जगमोहन आनंद, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, नगर निगम महापौर रेनू बाला गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि कवींद्र राणा, पूर्व विधायक रमेश कश्यप सहित भाजपा नेता, भाजपा जिला पदाधिकारी तथा पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पिहोवा के लिए राज्य सरकार के साथ -साथ केंद्र सरकार भी दे रही है विशेष ग्रांट : मनोहर लाल

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 13 जुलाई।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार दोनों से ही पिहोवा हलके के विकास के लिए विशेष ग्रांट जारी की जा रही है। इसके लिए जय भगवान शर्मा डीडी के अथक प्रयास रहे है, जिसके चलते प्रदेश और केंद्र सरकार दोनों ही सरस्वती की नगरी पिहोवा के लिए दिल खोल कर अनुदान राशि दे रही है।

पिहोवा हलके का भरपूर विकास करवाने के लिए जय भगवान शर्मा डीडी दिन रात प्रयासरत रहते हैं। केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी के निवास स्थान पर बोल रहे थे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र सरकार व प्रदेश की भाजपा की अगुवाई वाली डबल इंजन सरकार हरियाणा का तीव्र गति से विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस विधानसभा क्षेत्र की जय भगवान शर्मा डीडी जैसे मेहनती नेता अगुवाई करते वह हलका विकास के मामले में दूसरे क्षेत्रों के लिए मिसाल बन जाता है। इसी के चलते पिहोवा हलका जय भगवान शर्मा डीडी की मेहनत, केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के चलते विश्व मानचित्र पर एक अलग पहचान स्थापित करने और बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिहोवा हलके के विकास के लिए ग्रांटों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। डीडी शर्मा पिहोवा के विकास के लिए जो भी मांग उनके समक्ष रखेंगे। उसको पहल के आधार पर पूरा किया जाएगा । इस मौके पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और जय भगवान शर्मा के बीच राजनीतिक विषय पर लगभग आधा घंटा चर्चा हुई।

# हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने नगर निगम करनाल को राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चयनित होने पर दी बधाई

करनाल नगर निगम को राष्ट्रपति पुरस्कार केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल की दूरदर्शिता का सुखद परिणाम

अर्थ प्रकाश/संदीप साहिल



**करनाल, 13 जुलाई।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने नगर निगम करनाल को हरियाणा प्रदेश में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में पहला नगर निगम घोषित होने पर बधाई दी है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में देश में सबसे स्वच्छ शहरों की सूची में आने के लिए नगर निगम करनाल को राष्ट्रपति पुरस्कार से 17 जुलाई को विज्ञान भवन में नवाजा जाएगा। महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु विज्ञान भवन नई दिल्ली में करनाल की प्रथम नागरिक मेयर रेनू बाला गुप्ता को इस विशेष पुरस्कार से नवाजेंगी। करनाल व पूरे हरियाणा के लिए यह गर्व की बात है। श्री कल्याण ने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय शहरी आवासन मंत्री मनोहरलाल ने जिस तरह से स्वच्छता के मायनों को समझा और उस पर ज?ों तक काम किया आज उनकी नीतियो व दूरदर्शिता का ये सुखद परिणाम मिल रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने करनाल नगर निगम की टीम, पार्षदों व जनता के सहयोग की इस उपलब्धि के लिए विशेष सराहना की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ये पुनीत परंपरा जारी रहेगी और हरियाणा के नगर निगम व नगरपालिकाएं इस पुरस्कार से सबक लेकर अपने अपने क्षेत्र में बेहतर काम करके ऐसी विशेष उपलब्धियां हासिल करेंगी। इसी तरह श्री कल्याण ने नगर निगम सोनीपत को राज्य में उत्कृष्ट स्वच्छता कार्यो के लिए मंत्री पुरस्कार मिलने पर हर्ष जताते हुए बधाई दी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह के विशेष पुरस्कारों से प्रेरणा मिलती है जिसके कारण हौंसला ब?ता है और सभी अपने अपने क्षेत्रो में बेहतर से बेहतरीन कार्य की ओर अग्रसर होते हैं। हाल ही में 3-4 जुलाई को गुरुग्राम के मानेसर स्थित आईकेट में शहरी संस्थाओं के प्रधानों का प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न हुआ जिसे लोकसभा ने हरियाणा विधानसभा के सहयोग से किया था, इसमें केंद्रीय शहरी आवासन मंत्री मनोहरलाल ने शिरकत कर निकाय प्रधानों को आगे ब?ने के लिए प्रेरित किया था। करनाल की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि ये सब केंद्रीय शहरी आवासन मंत्री मनोहरलाल जी के मार्गदर्शन के कारण संभव हुआ है। उन्होंने करनाल नगर निगम की टीम, पार्षदों व जनता को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ये गर्व की बात है कि हरियाणा प्रदेश में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में करनाल नगर निगम ने इस उपलब्धि को हासिल किया है। ये परंपरा भविष्य में कायम रहे करनाल नगर निगम का ये भरसक प्रयास रहेगा। बता दें कि इस पुरस्कार की घोषणा केंद्रीय शहरी आवासन कार्यालय की ओर से की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### यज्ञ से वातावरण में शुद्धता आती है: दयानंद आर्य



**थानेसर (अप्रस/दलबीर मलिक)।** यज्ञ करने से तन और मन के साथ-साथ वातावरण भी शुद्ध रहता है और इसकी शुद्धता से ही काम में काम में मन लगता है और बीमारियों से भी बचाव रहता है।उपरोक्त शब्द आज पांचाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र में हवन यज्ञ करते हुए दयानंद आर्य ने कहे। उन्होंने कहा कि हमें नियमित रूप से यज्ञ करते रहना चाहिए उन्होंने बताया कि जब शुद्ध देसी घी और सामग्री के जलती है तो वातावरण शुद्ध होता है। जिससे पर्यावरण स्वस्थ रहता है।ऐसा हमारी प्राचीन संस्कृति रही है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान कृष्ण चंद्र पांचाल, यजमान के तौर पर मदनलाल पांचाल, वेद रतन आर्य, राकेश कुमार, रवि कुमार, काका सिंह,अमरजीत पांचाल, चतर सिंह, कर्म सिंह, धर्मपाल व काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### अस्पताल में मरीज को खिचड़ी एवं फल किए वितरित



**कुरूक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र की तरफ से जन सहयोग संस्था द्वारा निरंतर चलाई जा रही सेवा स्थानीय सरकारी सिविल अस्पताल में वहां के मरीज और उनके अटेंडेंटस के लिए खिचड़ी एवं फल वितरण का कार्यक्रम किया गया । इस कार्यक्रम में लगभग 200 मरीज और उनके रिश्तेदार को सुबह का भोजन उपलब्ध कराया गया । भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र के सदस्य सुबह 6-00 बजे ही इस कार्यक्रम के स्थान पर पहुंच गए थे । वहां पर उपस्थित लोगों ने भारत विकास परिषद के इस कार्यक्रम की बहुत प्रशंसा की । इस कार्यक्रम में विशेष रूप से शाखा अध्यक्ष विजयंत बिंदल, शाखा सचिव बलजीत चावला, प्रांतीय महासचिव अतुल गोयल, प्रवीण घई, प्रवीण सिंगला, रमेश गुलाटी, डॉ जवाहरलाल, मनोज सेतिया, अखिलेश गुप्ता,सुशील सूद, रमेश डांडा, जयप्रकाश, पंवार, आशीष गर्ग, बलबीर सिंह, आशा ढलवाल ,सुनीता सेतिया, रेनू चांदना आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे । आज के कार्यक्रम के मुख्य यजमान प्रवीण सिंगला जी और कप्तान गुप्ता जी रहे। शाखा के अध्यक्ष विजयंत बिंदल ने जन सहयोग संस्था द्वारा निरंतर चलाए जा रहे सेवा के कार्यों प्रशंसा की और भविष्य में संस्था के सेवा कार्यों में किसी भी प्रकार की सहायता व भागीदारी के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की और भारत विकास परिषद लगातार सेवा समर्पण सहयोग समरसता को ध्यान में रखते हुए भारत के नन्हे मुन्ने बच्चों को सेवा कार्यों में अग्रसर रहने के लिए प्रेरित करती प्रेरित करती है और करती रहेगी।

### श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अमित)।** भगवान शिव की पूजा के लिए शुभ और उत्तम सावन महीने में मारकंडा नदी के तट पर श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर ठसका मीरां जी में अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी के सान्निध्य में निरंतर पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं अभिषेक करवाया जा रहा है। रविवार को सावन पूजन के साथ भगवान शिव के परम भक्त ऋषि मारकंडेय का भी पूजन एवं अभिषेक हुआ। इस पूजन में यजमान के तौर पर सावित्री बाई, देव कौर, दर्शन सिंह, विशाल, राकेश रानी, मोर सिंह,राघव राणा, दलबीर, मांगे राम व नेहा रानी इत्यादि शामिल हुए। शिव भक्तों ने महंत जगन्नाथ पुरी के मार्गदर्शन में श्रद्धा से पार्थिव शिवलिंग अभिषेक विधिवत सम्पन्न करने के उपरांत मारकंडा नदी में विसर्जन किया गया। महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि भगवान भोलेनाथ को कल्याणकारी माना गया है। सनातन परंपरा में अलग-अलग प्रकार के शिवलिंग की पूजा के अलग-अलग फल बताए गए हैं। लेकिन सभी प्रकार के शिवलिंग में पार्थिव शिवलिंग की पूजा बहुत अधिक महत्वपूर्ण है। भगवान शिव से मनचाहा वरदान दिलाने वाली पार्थिव शिवलिंग पूजा एवं अभिषेक श्रेष्ठ है। इस अवसर पर स्वामी संतोषानंद, स्वामी पृथ्वी पुरी, स्वामी राम नाथ पुरी, बिल्लू पुजारी, सुरेंद्र सिंह, लक्खा सिंह इत्यादि भी मौजूद रहे।

## संस्कारों की गिरावट से हिला समाज : छात्रों द्वारा गुरु की हत्या पर खाप प्रधान ने जताई चिंता

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 13 जुलाई।** हरियाणा के हिसार में एक विद्यालय स्त्रह्य प्रिंसिपल की छात्रों द्वारा हत्या किए जाने की घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य कृत्य पर सर्वजातीय बिनैण खाप के प्रधान रघुवीर सिंह नैन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और इसे संस्कारों की गिरावट और सामाजिक विघटन का गंभीर संकेत बताया है।

रघुवीर सिंह नैन ने एक प्रेस बयान में कहा, यह बेहद दुखद और शर्मनाक घटना है कि जिन बच्चों को शिक्षा और अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाना चाहिए था, वे अपने ही गुरु की हत्या जैसे पापपूर्ण अपराध को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने इस अपराध की कड़ी निंदा करते हुए इसे कलयुग के प्रभाव और मूल्यों के पतन का प्रतीक बताया।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान भगवान से भी ऊपर रखा गया है।

गुरु गोविंद दोउ खड़े, काके लागूं पाय। बलिहारी गुरु आपनो, गोविंद दियो बताय॥ लेकिन आज के दौर में यह आदर्श केवल किताबों तक ही सीमित रह गया है।

नैन ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि मोबाइल और इंटरनेट की लत ने बच्चों को उनके परिवार और बुजुर्गों से दूर कर दिया है। जहां पहले बच्चे बड़ों के साथ बैठकर संस्कार ग्रहण करते थे, अब वही बच्चे घंटों स्क्रीन पर समय बिताकर असामाजिक और आक्रामक व्यवहार सीख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक परिवार और समाज दोनों मिलकर बच्चों में नैतिक शिक्षा और अनुशासन नहीं भरेंगे, तब तक इस तरह की घटनाएं होती रहेंगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के साथ सुबह-शाम बैठें, संवाद करें और उन्हें जीवन के सही मूल्य सिखाएं।

# आर्थिक मोर्चे पर भारत को जिताने के लिए स्वदेशी अपनाएं

## जोब प्रोवाइडर और जाब सीकर को जोड़ने के लिए देश में पहली बार वेवसाइट होगी आज लांच

वेवसाइट को बनाने वाले राधेश्याम चौयल करेंगे मार्गदर्शन

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 13 जुलाई।** स्वदेशी जागरण अभियान के साथ स्वाबलंबी भारत अभियान को 140 करोड़ भारतीयों तक लेकर जाएंगे। स्वदेशी का मतलब देश के स्वभिमान को सर्वोपरि रखना हैं। यह स्वदेशी जागरण मंच में प्रदेश के प्रमुख पदाधिकारी तथा स्वाबलंबी भारत अभियान के पूर्ण कालिक कार्यकर्ताओं के राष्ट्रीय पालक सतीश चावला तथा वरिष्ठ नागरिक आयाम के प्रदेश प्रमुख सुरेश पुरी ने दी। उन्होंने बताया कि कल 14 जुलाई को शाम चार बजे चैंबर आफ कामर्स के भवन में लधु उद्योग भाारती की बैठक होगी। इस अवसर पर लधु उद्योग भारती के प्रमुख प्रकाश जी मौजूद रहेंगे। इसमें जाव सीकर और जाब प्रोवाइडर को एक सेतु के साथ जोडने वाली वेवसाइट वाईएसबीए डाट इन को लांच किया जाएगा। इसके अलावा 15 जुलाई को कृष्णा मंदिर में बैठक होगी। इस वेवसाइदट के माध्यम से बेरोजगारों और जाब देने वालों को जोड़ा जाएगा। इस वेवसाइट कें माध्यम से जाब सीकर अपने पर्टी कुलर इस पर डाल सकेंगे। दूसरी तरफॅ जाब प्रोवाइडर अपनी जरूरत के बारे में पर्टी कुलर डाल सकगें। इस वेवसाइट का डिजाइन अजमेर के कारौबारी राधेश्याम चौयल ने किया हैं। वह स्वाबलंबी भारत के आई टी प्रमुख हैं। वह करनाल में दो दिन तक रहेंगे। इस अवसर पर सुरेश पुरी ने बताया कि देश को आत्म निर्भर बनाने के लिए स्वदेशी के मूल मंत्र को अपनाना जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर जारी हैं। अब इस लड़ाई को सैनिक नहीं आम भारतीय अपनाएंगे। इस के माध्यम से स्वदेशी अपनाओ विदेशी छोडों का आग्रह किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मास लेबल पर चलाया जाएगा।उन्होंने बताया कि स्वदेयाी जान लाइन मेले भी लगाए जाएंगे। स्वदेशी सामान बेचने वालों तथा खरीदारों को जोडने के लिए भी कायर्स किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि पंद्रह को होने वाले कार्यक्रम में अधिकतर संस्थाओं के प्रतिनिधयों को बुलाया जाएगा।

## हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स की कुरुक्षेत्र इकाई ने किया सेमिनार का आयोजन

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/वालिया)।** हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कुरुक्षेत्र चैप्टर द्वारा एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में दो अत्यंत प्रासंगिक विषयों पर चर्चा हुई। सेमिनार साइबर सुरक्षा को लेकर और हरियाणा जल विनियामक प्राधिकरण से संबंधित नियमों बारे विस्तृत चर्चा करते हुए सदस्यों को जानकारी दी गई। हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री कुरुक्षेत्र चैप्टर के चेयरमैन डा. नरेंद्र पाल गुप्ता द्वारा विधिवत सेमिनार का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने सेमिनार में आए हुए सभी अतिथियों और वक्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में साइबर सुरक्षा और जल संरक्षण दोनों ही उद्योग जगत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण विषय हैं।

# 'आखिर कब बनकर तैयार होगा टोहाना का पंचायत भवन एवं खंड अधिकारी दफ्तर'

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 13 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार में टोहाना शहर से भारी मतों से जीते जे जे पी पार्टी के विधायक को सरकार में पंचायत मंत्री बनाया गया था और पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली अपने कार्यकाल में सारे हरियाणा के साथ-साथ टोहाना में भी विकास के बहुत कार्य किया थे जिन में उनके खुद के विभाग से ही टोहाना में पंचायत भवन में खंड अधिकारी दफ्तर निर्माण को लेकर 19 करोड रुपए के बजट से शिलान्यास किया गया था। जिसका कॉन्ट्रैक्ट राजेश मित्तल ठेकेदार को दिया गया था जिसका कार्य 2 साल होने पर भी अभी कुछ अंश भर ही हुआ है आमजन का कहना है कि सरकार इसे पूरा नहीं होने दे रही कुछ लोगों का कहना है कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण काम अधर में लटका हुआ है पर जिला अधिकारी व हरियाणा सरकार के उच्च अधिकारी इस पंचायत भवन के नवनिर्माण पर अपनी चुप्पी बनाए हुए हैं हल्के के सभी पंचायतें इस पंचायत भवन के निर्माण में होने वाली देरी के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार ठहरा रही हैं। क्योंकि जितने भी अधिकारी हैं जैसे एक्सन ,एसडीओ, जे ई इस प्रोजेक्ट को लेकर गंभीर नहीं है यह प्रोजेक्ट और सिविल हॉस्पिटल वाला प्रोजेक्ट लगभग बराबर ही शुरू हुआ था उसके आगे इस प्रोजेक्ट की बनने की रफ्तार शून्य भर है टोहाना शहर के लोगों का यह भी कहना है कि बनने वाला पंचायत भवन कहीं बनने से पहले ही भ्रष्टाचार व राजनीति की भेंट ही ना चढ़ जाए। हरियाणा सरकार से सभी पंचायतें टोहाना की जनता की अपील है कि इसे जल्दी से जल्दी इस प्रोजेक्ट को कंप्लीट करवाने की कोशिश करें और ठेकेदार द्वारा रोके गए कार्यो पर ध्यान देकर पंचायत भवन में खंड अधिकारी कार्यालय को जल्दी से जल्दी बनवाए और जो अधिकारी व ठेकेदार इसके निर्माण में अटकलें बने हुए अवरोधक हैं उनकी जांच मुख्यमंत्री छापामार कार्यवाही कर जल्दी काम शुरू करवा हरियाणा सरकार के ज्यादातर अधिकारी हरियाणा सरकार के सभी शहरों में रिश्वत व भ्रष्टाचार के कारण डबल इंजन की सरकार को काफी नुकसान पहुंचाते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रदेश के अधिकारी ही विपक्ष की भूमिका में नजर आ रहे हैं। इस बात को जल्दी ही सरकार को समझना पड़ेगा और आमजन की आवाज बनना पड़ेगा।

## नटवर नागर नंदा भजो रे मन गोविंदा भजन पर झूमे श्रद्धालु

**अम्बाला (अप्रस/रवि पाहुजा)।** जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही प्रभातफेरियों की लडी में रविवार की प्रभातफेरी का आयोजन राज कुमार गुप्ता, डा.उमेश गुप्ता के परिवार की ओर से श्री देवी मंदिर धर्मशाला में करवाया गया। मंच का संचालन अवशीष शर्मा ने किया। पुजारी पंडित कमलेश्वर प्रसाद ने पूजन करवाया। मन्दिर सभा की ओर से आयोजक परिवार को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। भजन मण्डल में वेद गगनेजा, गिरीश आनंद, संजीव सचदेवा, रवि शर्मा, प्रिंस सचदेवा, अनमोल छाबड़ा, सुमित कुमार, नागेश शर्मा ने ठाकुर जी के सुंदर सुंदर भजन प्रस्तुत किए। भजनिकों द्वारा प्रस्तुत भजन नटवर नागर नंदा भजो रे मन गोविंदा, मेरो कान्हा गुलाब को फूल, देख बिहारी जी की सुंदर छब्रा मेरो मन हो गयो लटा पटा पर श्रद्धालु मस्ती में झूमने लगे।

## ट्रैफिक पुलिस ने नियमों की अवहेलना करने वालों इक्को चालकों के काटे चालान : इंचार्ज सतीश सैनी

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 13 जुलाई।** ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने कमर कस ली है। सर्विस रोड सहित शहर में लोग यहां-वहां वाहन खड़ा कर जाते हैं। जिस कारण हर जगह ट्रैफिक जाम की समस्या आ रही है। पुलिस भी लोगों को काफी समझा रही है। लेकिन पुलिस के जाते ही लोग अपने वाहनों को गलत तरीके से खड़ा कर देते हैं। इसी कड़ी में यातायात के नियमों की अवहेलना करने वालों पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर व सर्विस रोड पर कार्रवाई की जा रही है। शहर में वाहन चालकों को सावधान होने की जरूरत है, अब नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस सख्ती से निपट रही है। ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज सतीश सैनी के नेतृत्व मे ट्रैफिक पुलिस ने काली फिल्म लगाकर चलने वाले वाहन, बिना आरसी, बिना लाइसेंस, बिना बीमा, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और बिना कागजात, रोंग साइड, अवैध पार्किंग सहित अन्य नियमों की अवहेलना करने वालों के चालान किए हैं। शहरी ट्रैफिक इंचार्ज सतीश सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि एसपी के आदेशानुसार ट्रैफिक डीएसपी सुरेश वर्मा के मार्गदर्शन में शहर मैं ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के उद्देश्य से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि खबर लिखे जाने तक 20 चालान व 50 पोस्टल चालान (इक्को, सवारी वाले टेम्पो, कार) काटे जा चुके हैं और अभी कार्रवाई की जा रही हैं। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।उन्होंने कहा कि गलत पार्किंग के कारण लगातार ट्रैफिक जाम की समस्या रहती थी। इस कार्यवाही से ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त होगी और जाम से भी निजात मिलेगी।

## बैठक में सूर्य कवि बाजे भगत की जयंती कार्यक्रम पर किया विचार

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 13 जुलाई।** सैन समाज चैरिटेबल ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक हुई जिसमें सभी सदस्यों ने भाग लिया व अपने-2 विचार रखे। इस बैठक में 16 जुलाई 2025 बुधवार को सूर्य कवि बाजे भगत की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करने पर विचार किया। यह कार्यक्रम हर वर्ष मनाया जाता है। 16 जुलाई 1898 को सूर्यकवि बाजे भगत का जन्म गांव सिसाना सोनीपत में हुआ था इनके द्वारा बनाई व गाई गई रचनाऐं आज भी लोग बड़े चाव से सुनते हैं सभी सदस्यों ने इस कार्यक्रम के बारे में अपने-अपने सुझाव दिए। बैठक की जानकारी देते हुए सैन समाज 84 खाप के प्रधान प्रदीप सैन मंडावर ने बताया की यह कार्यक्रम 16 जुलाई को सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक चलेगा। प्रातः 8 बजे हवन होगा व सूर्य कवि बाजे भगत की प्रतिमा का अनावरण विधिविधान एवं मंत्रो उच्चरण के साथ किया जायेगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के प्रसिद्ध गायक कलाकार राकेश किलोई एंड पार्टी व नरेन्द्र खरक राम जी एंड पार्टी सूर्य कवि बाजे भगत द्वारा रचित रचनाएं गाएंगे। मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा पधारेंगे, समारोह की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि मनीष ग्रोवर पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा, नागेन्द्र शर्मा प्रदेश प्रमुख महासंपर्क अभियान भाजपा, यशपाल ठाकुर चेयरमैन केश कला बोर्ड हरियाणा, प्रवीण कौशिक पार्षद वार्ड 20, डा. संदीप दहिया सेहरी, सुरेश राणा दिल्ली, देवेन्द्र कुमार जेठेड़ी, रविन्द्र सरपंच सैंपल, राजेश आर्य एस.डी. स्कूल रोहतक व अन्य गणमान्य व्यक्ति पधार रहे है। इस अवसर पर प्रदीप सैन मण्डावर, सुरेश राणा प्रधान, सतबीर चान्दौलिया, रणधीर सैन, जयसिंह मोखरा, उमेद सैन, महेन्द्र राणा, श्रीपाल राणा, धर्मबीर मकड़ौली, अनिल बोहर, धर्मपाल सैन, सुनील मंडावर, महेन्द्र बडबरिया, मुकेश सैन, डा. सोमबीर, श्याम मकड़ौली, अनिल नम्बरदार, धर्मपाल बागड़ी आदि ने अपने विचार रखे।

# अब करनाल में जेल के कैदी चलाएंगे पेट्रोल पंप

## जेल में अच्छा व्यवहार करने वाले कैदियों की रहेगी पेट्रोल पंप पर ड्यूटी

डीजीपी जेल मोहम्मद अकील ने किया निरीक्षण

प्रदेश के कई जिलों में जेल के कैदियों द्वारा चलाया जा रहा पेट्रोल पंप, अब करनाल में भी हुआ शुरू

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 13 जुलाई।** हरियाणा के डीजीपी जेल मोहम्मद अकील (आईपीएस) ने रविवार को जेल विभाग द्वारा संचालित इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया और वहां पर दी जाने वाली सुविधाओं व व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल पंप पर कार्य कर रहे कैदियों से भी बातचीत की। इस मौके पर उनके साथ पुलिस अधीक्षक जिला जेल लखबीर सिंह व डीएसपी जेल विवेक सांगवान भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डीजीपी ने कहा कि जेल विभाग द्वारा संचालित पेट्रोल पंप सबसे पहले कुरुक्षेत्र में स्थापित किया गया था, जोकि सफलतापूर्वक चल रहा है। जिसकी तर्ज पर अब करनाल, अम्बाला, यमुनानगर, हिसार व सोनीपत में भी संचालित है। इसके बाद इसे फरीदाबाद, नूंह, सिरसा, जींद, नारनौल व भिवानी में भी संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस फ्यूल स्टेशन पर पैट्रोल व डीजल के साथ-साथ सीएनजी भी उपलब्ध होगी। इस पर 24 घंटे सेवाएं जारी रहेंगीं। उन्होंने बताया कि इस पेट्रोल पंप से जो भी आय होती है, वह सीधा सरकारी खजाने में जाती है। सरकार की ओर से किसी भी तरह के कोई फंड की कमी नहीं है। चाहे वे कैदियों के खाने व सुविधाओं से संबंधित हो, चाहे जेलों के अंदर अन्य कई तरह की सुविधाओं से संबंधित हो। उन्होंने बताया कि इस पेट्रोल पम्प पर उन कैदियों से काम लिया जा रहा है, जिनका व्यवहार अच्छा है। इसके बदले उन्हें जेल के नियमों के तहत मेहनताना भी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के कार्य से कैदियों के अंदर एक अच्छे अनुभव के साथ-साथ अनुशासन की भावना भी जागृत होती है। उन्होंने कहा कि यहां से लोग सुधर कर बाहर जाएंगे तो इससे दूसरों को भी अच्छा संदेश जाएगा और अपराधों में गिरावट आएगी। कैदी यहां से सकारात्मक सोच के साथ बाहर निकलें और देश व समाज की प्रगति में अपना योगदान दें। उन्होंने बताया कि जेल के अंदर 135 तरह के भिन्न-भिन्न कार्य किये जाते हैं। जेल में कैदियों की शिक्षा के लिए पुरुष व महिला लाइब्रेरी भी संचालित हैं। उन्होंने बताया कि जेल में सुरक्षा के दृष्टिगत पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जेल के अंदर अनाधिकृत तौर पर कोई सामान ना पहुंचे और जेल से किसी भी तरीके से अपराध को बढ़ावा ना मिले, यह सुनिश्चित किया जाता है। जेल के अंदर चारों ओर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये गए हैं।

# लड्डू गोपाल को घर में रखने से पहले जान लें ये नियम, भूलकर भी न करें ऐसी गलतियां

हर साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाता है। मान्यता के अनुसार, भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। वहीं जन्माष्टमी के मौके पर भगवान श्रीकृष्ण के बालस्वरूप यानी की लड्डू गोपाल की पूजा का विधान है। इस दिनलड्डू गोपाल की पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। कई लोग अपने घर में लड्डू गोपाल को रखना चाहते हैं। ऐसे में आप जन्माष्टमी के शुभ मौके पर लड्डू गोपाल को अपने घर ला सकते हैं। हालांकि लड्डू गोपाल को घर में रखने पर कुछ विशेष नियमों का ध्यान रखना चाहिए।



**नियमित कराएं स्नान:** लड्डू गोपाल भगवान श्रीकृष्ण का बाल स्वरूप होता है। ऐसे में उनकी देखभाल बच्चे की तरह करनी चाहिए। लड्डू गोपाल को नियमित रूप से स्नान आदि करना चाहिए। स्नान कराने के लिए आप दूध, दही, शहद, गंगाजल और घी का इस्तेमाल करें। शंख में दूध, दही, गंगाजल और घी डालकर लड्डू गोपाल को स्नान कराना चाहिए।

**चार बार लगाएं भोग:** जिस तरह से छोटे बच्चे दिन में कई बार खाना खाते हैं। ठीक उसी तरह लड्डू गोपाल को भी दिन में चार बार भोग लगाना चाहिए। श्रीकृष्ण को माखन-मिश्री अतिप्रिय है। इसके अलावा आप खीर, बूंदी के लड्डू और हलवे का भी भोग लगा सकते हैं। आप चाहें तो लड्डू गोपाल को घर में पकने वाले भोजन का भी भोग लगा सकते हैं। इसलिए उन्हें दिन में 4 बार अलग-अलग चीजों का भोग लगाना चाहिए।


**रोजाना करें पूजा-अर्चना:** लड्डू गोपाल की नियमित रूप से पूजा की जानी चाहिए। उनकी दिन में चार बार आरती उतारना आवश्यक है।

**जरूर झुलाएं झूला:** लड्डू गोपाल की आरती किए जाने के बाद उन्हें अपने हाथों से भोग लगाएं। इसके बाद उनको लोरी सुनाते हुए झूला झुलाएं। फिर झूले में लगे परदों को बंद कर दें। बता दें कि रात को लड्डू गोपाल को सुलाने के बाद ही सोना चाहिए।

**लड्डू गोपाल को न छोड़ें अकेला**

बता दें कि लड्डू गोपाल को घर का सबसे छोटा सदस्य माना जाता है। बाल गोपाल को बच्चे की तरह रखना होता है। इसलिए अगर आप कहीं बाहर जाते हैं। तो इस दौरान लड्डू गोपाल को घर में अकेला न छोड़ें। वहीं अगर आप काफी समय के लिए कहीं बाहर जा रहे हैं तो लड्डू गोपाल को अपने साथ ले जाएं या फिर अपने घर की चाभी पड़ोसी व रिश्तेदार को रखकर जाएं। जिससे की लड्डू गोपाल का पूरा ध्यान रखा जा सके।

# समय की कद्र करो नहीं तो समय आपकी कद्र नहीं करेगा:: मुनिश्री विनय कुमार जी



**चंडीगढ।** इंसान को समय की कद्र करनी चाहिए। जीवन कितना भी छोटा हो फिर भी व्यर्थ किए गए समय से वह और भी छोटा हो जाता है। समय रेत की तरह हाथ से फिसल जाता है। सूर्य उदित होता है और डूब जाता है। दिन बीतते जाते हैं और आपका जीवन नष्ट हो जाता है। समय निकलने में देर नहीं लगती। समय से उठना, समय से काम करना, समय से सोना बहुत महत्त्वपूर्ण है। मनुष्य को समय की कद्र करनी चाहिए तो समय भी आपकी कद्र करेगा। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर-24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे रविवारीय सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा समय एक बेहद ही प्यारा हमसफर है अगर हम समय की कद्र करते है तो समय हमे कभी धोखा नही देता। अगर आपने व्यवहार पर ध्यान नही दिया तो यह भी हो सकता है की आप जीवन भर ठगे जाय। एक छोटा आदमी भी आपका अपमान कर सकता है या फिर आपको उचित मान नही देगा अगर आपकी यह धरना है की सब चलता है तो फिर् आपने अपनी बुद्धि से नही सोचा आपका कोई विचार स्तर नही है जब अपना कोई विचार ही नही है तो विकास कैसे होगा सब चलता है इस सोच वाले कभी इधर कभी उधर होते रहते है ,हम अपने खिलाफ आवाज भी नही उठा सकते क्यों की आत्मबल होगा ही नही अच्छा और बुरा दोनों चलने में हम कही के नही रहते । हमारे वसूल ,विचार ,नियम ,सिद्धांत सब ख़तम हो जाते हैं। अगर हम कुछ करना चाहते है तो सब ठीक हो इसके लिए सब कुछ नही चला सकते कुछ अच्छा चलाना पड़ेगा तभी अच्छा होगा । अच्छा हो इसके लिए एक अच्छा रास्ता , सफलता का रास्ता चुनना होगा सब चलता है इससे बहार आना होगा ,उदासीन सोच को बदलना होगा।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया कठिनाईयो से कभी घबराना नही चाहिए बल्कि उनका डटकर सामना करना चाहिए। जो कठिनाईयो से डर कर भागता है वह जीवन मे कभी सफलता प्राप्त नही कर सकता। जीवन यात्रा में यात्री को यह मालूम होना चाहिए की हम कहाँ से चलें हैं, कहाँ जाना है । कठिनाइया आए तो कैसे उनसे पार होना है हमें कितनी क्षमता है ,दक्षता है। समय कभी नही रुकता न किसी के लिए शोक मनाता है यह निरंतर चलता रहता है इसलिए असफल होने पर पुनः प्रयास करें। विश्स्वास के साथ प्रयास करें संशय हमारे काम को कुशलता से नही होने देता । हर पत्थर की तकदीर बदल सकती है ,सलीके से उसे तराशा जाए । सफलता का सूत्र हम एक बालक से लेते है -आइये देखे एक बालक से हम कैसे सीख सकते है? एक बालक हमेशा प्रसन्न रहता है उसे किसी का न भय होता है न शोक वह एक नियम के तहत जीवन में बढ़ता जाता है । गाय का बछ्रा नही जानता इर्ष्या क्या होती है ,शत्रुता क्या होती है ,वह केवल प्रेम की भाषा जानता है भेद दृष्टि उसमे नही होती बालक ग़लत नही बोलते वो हमेशा वही कहते है।

# महावीर की पाठशाला: विचारों को बदलो, जीवन बदल जाएगा

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



पानीपत। इस दिव्य उद्घोष के साथ आज ठाणे-4 अग्रवाल मंडी स्थित जैन स्थानक में एक अद्भुत आध्यात्मिक वातावरण साकार हुआ, जहाँ पूज्य गुरुदेव अरुणचन्द्र जी मुनिराज, अभिषेक मुनि जी, अभिनंदन मुनि जी और अमृत मुनि जी महाराज का पावन प्रवचन सम्पन्न हुआ। पूज्य अरुण मुनि जी ने कहा कि जिस संसार में हम रहते हैं, वहाँ दुख का कारण बाहर नहीं, भीतर है। अज्ञान में डूबे प्राणी दुख से त्रस्त हैं और वे समाधान को संसार में खोजते हैं—मुनि बनकर, श्रावक बनकर, पूजा-पाठ, मंत्र-जाप, अनुष्ठानों में—मन की संतुष्टि नहीं मिलती। इसका कारण स्पष्ट है—विचारधारा नहीं बदली। भगवान महावीर कहते हैं—जैसे ही दृष्टिकोण बदला, वैसे ही जीवन की दिशा बदल गई। संसार में चाहे राजा हो, संत हो, महंत हो, या करोड़ों का मालिक—कोई भी नहीं कह सकता कि मुझे जीवन में सब कुछ मनचाहा मिला। क्यों? क्योंकि यह संसार ही ऐसा है जहाँ हर क्षण परिवर्तन है, अनिश्चितता है। महावीर की पाठशाला क्या सिखाती है? यह केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, यह जीवन के गूढ़ रहस्यों की प्रयोगशाला है। यहाँ बताया जाता है। मन को बदलो, तभी जीवन बदलेगा। जितना व्यक्ति लाइक-डिसलाइक (राग-द्वेष) में रहेगा, उतना ही दुख का शिकार रहेगा। मन के बोझ को कम करो, माँ पर नहीं, मन पर बोझ है। जब मन खाली होगा तो जीवन हल्का हो जाएगा। राम, कृष्ण और महावीर- क्या उन्हें सब कुछ मिला? नहीं। राम को वनवास, कृष्ण को युद्ध और छल-प्रपंच, और महावीर को दुःखों की पराकाष्ठा मिली – सांप ने काटा, पैरों में अग्नि जलायी गई, देवताओं ने परीक्षा ली। लेकिन वे नहीं टूटे, क्योंकि उन्होंने विचारों को बदला। उन्होंने मन की अपेक्षाओं से ऊपर उठकर आत्मा की गहराइयों को पहचाना। एक व्यक्ति गुरुदेव के पास आया और बोला– गुरुदेव, पत्नी मन मुताबिक नहीं मिली। पत्नी बोली–बच्चे मनचाहे नहीं मिले। दुनिया बदल गई, सब कुछ होते हुए भी कुछ भी पर्याप्त नहीं है। यह है आज की मानसिक बीमारी जो प्राप्त है, वह पर्याप्त नहीं है।

महावीर का संदेश यही है ङ्क दुख का कारण बाहर नहीं, भीतर है। समाधान भी भीतर है- विचारों को बदलिए, जीवन बदल जाएगा। यह महावीर की पाठशाला है- जहाँ न मंत्र चाहिए, न तंत्र। बस एक ही सूत्र - मन को मोड़ो, मन के पार जाओ। तभी मिलेगा सच्चा सुख।

# महापुरुष इस मन को अर्पित करता है



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

जिस तरह से एक लालटेन के ऊपर कोई पतंगा, कोई कीड़ा बैठा हुआ है। उस पतंगे का अक्स, उसकी परछाई, सामने दीवार के ऊपर पड़ती है। अगर हम कहें कि उस दीवार पर बैठे पतंगे को हटाना है और हम कोई झाड़ू ले लें, कोई सोटी (डंडा) ले लें या हाथ से ही उसे हम दीवार से हटाना चाहें, तो वह नहीं हटेगा, वह वहीं पर रहेगा। क्योंकि वह पतंगा दीवार पर नहीं बैठा हुआ है, वह लालटेन पर बैठा हुआ है। उसे लालटेन से हटाएंगे तो वह खुद-ब-खुद दीवार से भी हट जाएगा।

इसी तरह से जो भी लालसाएं, तृष्णाएं हैं, ये मन में बैठी हुई हैं। मन में ही अभिमान होता है, मन ही सचिंत होता है। बैठे कहीं होते हैं, यह मन कहां की सोच रहा होता है, कहां पर इसका ध्यान लगा होता है। महापुरुष इस मन को अर्पित करता है। हम चाहे कुछ भी अर्पित कर देते हैं, दान पुण्य भी कर देते हैं, लेकिन मन में अभिमान बना हुआ है, तो महापुरुषों ने कहा- कबीर माया तजिआ, मानु तजिआ न जाई।

अगर सब कुछ अर्पित कर दिया, लेकिन मन का ये अभिमान बना रहा तो कुछ भी बनने वाला नहीं। हमें मन को समझाना है। अगर हम मन को अपने फर्जों की अदायगी करते हुए एक प्रभु के साथ जोड़ लेते हैं, तो हम फिर भी निर्लिप्त रह सकते हैं, एक निर्लेप अवस्था वाले हो सकते हैं। माया में मन ही फंसा करता है। शरीर तो खुद ही माया का पुतला है। इसीलिए सन्तों ने कहा है कि- जो किछु किया सो मन कीआ मूंडा मूंडु आ जाइ।

अगर इस मन के ऊपर हम हावी नहीं, तो फिर यह ऐसे नाच नचाता है, जैसे बेलगाम का घोड़ा। जिस घोड़े के लगाम नहीं होती, वह घोड़ा हावी होता है और सवार उसके अधीन होता है, लेकिन जिसकी लगाम है और सवार का लगाम पर कंट्रोल है, तो फिर सवार हावी होता है और घोड़ा उसकी मर्जी के मुताबिक चलता है। सांसारिक त्याग की भावना तो ऐसी है, जैसे यह कहनाकि घोड़े से गिरने का खतरा होता है, अतः घोड़े की छुट्टी करो। लेकिन घोड़ा एक अच्छी सवारी भी है।

## पंचांग

सोमवार, 14 जुलाई, 2025, सूर्योदयः 05:33 ए एम, सूर्यास्तः 07:21 पी एम, चन्द्रोदयः 09:55 पी एम, चन्द्रास्तः 08:43 ए एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः आषाढ़, पूर्णिमान्त महीनाः श्रावण, वारः सोमवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः चतुर्थी - 11:59 पी एम तक, नक्षत्रः धनिष्ठा - 06:49 ए एम तक, योगः आयुष्मान् - 04:14 पी एम तक, करणः बव - 12:33 पी एम तक, द्वितीय करणः बालव - 11:59 पी एम तक, सूर्य राशिः मिथुन, चन्द्र राशिः कुम्भ, राहुकालः 07:16 ए एम से 09:00 ए एम, गुलिक कालः 02:10 पी एम से 03:54 पी एम, यमगण्डः 10:43 ए एम से 12:27 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:59 ए एम से 12:55 पी एम, दुर्मुहूर्तः 12:55 पी एम से 01:50 पी एम, दुर्मुहूर्तः 03:40 पी एम से 04:35 पी एम, अमृत कालः 11:21 पी एम से 12:55 ए एम, जुलाई 15, वर्ज्यः 01:54 पी एम से 03:28 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** आज रिश्तेदारों या करीबी दोस्तों से सुखद समाचार की उम्मीद की जा सकती है। राजनीतिज्ञ सफल रहेंगे।

**वृषः** आप अपने दोस्तों से काफी क्लोज रहेंगे और काफी वक्त उनके साथ बिताएंगे। अपनी इनकम को बढ़ाने का कोई नया आइडिया दोस्तों को दे सकते हैं।

**मिथुनः** सितारों की स्थिति आपके लिए खास हो सकती है। ऑफिस में नया काम या नई जिम्मेदारी भी आपको मिल सकती है। रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं।

**कर्कः** पारिवारिक सदस्य आज आपकी भावनाओं की कद्र करेंगें। आप किसी मनोरंजक स्थल पर घूमने जा सकतें हैं।

**सिंहः** आज का दिन उतार-चढ़ाव के बीच गुजरेगा। कई काम आपका ध्यान आकर्षित करेंगे, जिससे आप भागदौड़ में ही दिन बिता देंगे और आराम नहीं कर पाएंगे।

**कन्याः** आज बिजनेस और नौकरी के बड़े मामलों पर कुछ फैसले हो सकते हैं या प्लानिंग भी बन सकती हैं। आमदनी बढ़ाने और खर्चों में कटौती करने पर विचार कर सकते हैं।

**तुलाः** राजनीति से सम्बद्ध लोगों का दिन उपलब्धियों से भरा रहेगा। दबी हुई समस्याएँ फिर से उभरकर आपको मानसिक तनाव दे सकती हैं।

**वृश्चिकः** आज का दिन आपको किसी अच्छी यात्रा पर लेकर जा सकता है। शांति से काम लेना आपके लिए हितकर रहेगा।

**धनुः** नौकरीपेशा लोगों के काम में रुकावटें आ सकती है। बिजनेस करने वाले लोग सावधान रहें। कानूनी मामले उलझ सकते हैं।

**मकरः** आज कारोबार में मुनाफा देखने को मिलेगा। उत्साह के साथ कार्य की शुरूआत करेंगे। आज आप भाग्य से अधिक कर्म पर भरोसा करें।

**कुंभः** आज मदद से किसी काम को करने में आप सफल रहेंगे, जिससे आपकी इनकम में भी बढ़ोतरी हो सकती है।

**मीनः** अचानक फायदा मिलने के योग हैं। पार्टनर भी आपकी मदद करेगा तो धन लाभ हो सकता है। पुराना कर्जा खत्म हो सकता है।

# पैट्रोल डलवाकर बिना रुपए दिए गाड़ी भगाने घटना में संलिप्त तीसरा आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिले के थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम नें पैट्रोल पम्प से गाड़ी में पैट्रोल डलवाकर बिना रूपये दिये गाड़ी भगा ले जाने की घटना मे संलिप्त तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सुनील उर्फ गिन्नी पुत्र रमेश निवासी आजाद नगर, रोहतक का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि दिनांक 06 जुलाई को उत्सव पुत्र सुधीर निवासी गोहाना जिला सोनीपत ने थाना शहर गोहाना में शिकायत दी की मै जीयो बी पी पैट्रोल पम्प का मालिक हूँ। 06 जुलाई को सुबह तकरीबन छः बजे एक स्कार्पियो गाडी में कुछ लोग आये और तेल की टंकी फुल करवाकर बिना रूपये दिये गाडी को पानीपत की तरफ भगाकर ले गये। इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना शहर गोहाना में अभियोग दर्ज किया गया था। अनुसन्धान टीम ने घटना मे संलिप्त दो आरोपियों सतेन्द्र पुत्र आसाराम निवासी गाँव पुरखास जिला सोनीपत हाल अनिल विहार सोनीपत व राकेश पुत्र रणबीर निवासी सुनारिया कलां जिला रोहतक को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था अब अन्य आरोपियों की खोजबीन करते हुए सहायक उप निरीक्षक अनम ने अपनी पुलिस टीम के साथ घटना में संलिप्त तीसरे आरोपी सुनील उर्फ गिन्नी पुत्र रमेश निवासी आजाद नगर, रोहतक को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय मे पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है।

## सोनीपत में उपाध्याय गुप्ति सागर महाराज का 48वां चातुर्मास शुरू

# चातुर्मास आत्म-साधना और सामाजिक समाधान का समय है: उपाध्याय गुप्ति सागर महाराज

उपायुक्त व मेयर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति हुए शामिल

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। चातुर्मास का अर्थ है ठहराव, यही वह समय है जब सारी धरती जीवों की उत्पत्ति का स्थान बन जाती है, इसलिए श्रमण संस्कृति के अनुसार ऋषि मुनि, सन्यासी एक स्थान पर रुककर आत्म साधना करते हुए अपने भक्तों को सत्संग में लगाकर बुराइयों से बचाते हैं।

उक्त विचार महायोगी उपाध्याय गुप्ति सागर महाराज ने रविवार को पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 15 में 48वे पावन वर्षा योग स्थापना के भव्य कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि रसायन विज्ञान के अनुसार चातुर्मास में उत्तम स्वास्थ्य के लिए साग सब्जी खाना निषेध है, वजह है की इनके सेवन से कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियां जन्म लेती हैं। इस दौरान साधु संत अपने भक्तों के साथ मिलकर देश व समाज की समस्याओं का समाधान खोजते हैं।

इससे पूर्व सेक्टर 14 से महाराज श्री की शोभायात्रा के साथ दिगंबर जैन मंदिर तक ले जाया गया। शोभायात्रा में आगे चातुर्मास स्थापना कलश उठाए श्रद्धालु नाचते गाते चल रहे थे तथा बैंडबाज़ों के साथ श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। शोभायात्रा मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने गुप्ति सागर महाराज की मंगल आरती की एवं दीदी रंजना शास्त्री ने मंगल पाठ किया।



कार्यक्रम में मेयर राजीव जैन ने कहा कि 30 वर्षों के बाद महाराज का चातुर्मास होना गौरव का विषय और इससे भक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। उपायुक्त सुनील सारवान ने कहा कि गुप्ति सागर महाराज के मुखारविंद से निकला एक-एक शब्द अमृतमयी बूंद के समान है, और जीने की राह सिखाता है। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार कविता जैन, उमेश जैन, राजन जैन, शीतल जैन, एस के जैन एडवोकेट, भूषण जैन, राजेश जैन, पीयूष जैन, अतुल जैन, मुकेश जैन, हेमंत भूषण जैन एडवोकेट, मनीष जैन, एडवोकेट सुबोध जैन, वीरेंद्र सोनी, पवन गोधा आदि शामिल रहे।

# 10वां 'इंडिया मशीन टूल्स शो' शुरू

**नई दिल्ली।** भारत के औद्योगिक विकास और नवीनता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'इंडिया मशीन टूल्स शो' का 10वां संस्करण शुक्रवार को नई दिल्ली में शुरू हुआ। यह प्रदर्शनी 14 जुलाई तक आयोजित होगी और इसमें देश के कुशल तकनीकी उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस शो में वर्ष के विशेष फोकस क्षेत्रों में लेजर और वेल्डिंग टेक्नोलोजी, कास्टिंग और फाउंड्री, तथा ब्रास पार्ट्स शामिल हैं। इस द्विवार्षिक कार्यक्रम में 14 देशों के 300 से अधिक प्रदर्शक अपने 2,500 से अधिक उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। 50,000 से अधिक बिजनेस विजिटर्स के आने की उम्मीद है, जो इस शो की अंतरराष्ट्रीय अपील को स्पष्ट करता है। प्रदर्शनी का आयोजन के एंड डी कम्युनिकेशन द्वारा किया गया है और इसमें प्रमुख व्यापारी संस्थानों का समर्थन प्राप्त है। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए अमित मिस्त्री, महाप्रबंधक, के एंड डी कम्युनिकेशन ने कहा, यह शो भारतीय मशीन टूल्स उद्योग की क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मकता को दर्शाता है। पिछले संस्करण में हमें 1,295 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था और इस बार इससे अधिक की उम्मीद है। मशीन टूल्स क्षेत्र का वर्तमान में 2.4 बिलियन डॉलर का बाजार है, जो 2030 तक 4 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह उद्योग ऑटोमोटिव सेक्टर द्वारा प्रमुखता से संचालित है।

# ऑफिस से लैपटॉप व अन्य सामान चोरी मे संलिप्त दो आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिले के थाना सैक्टर 27 सोनीपत की पुलिस टीम नें ऑफिस से लैपटॉप व अन्य सामान चोरी करने की घटना मे संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी बिंदान व रंजन पुत्रान लाडूराम दोनों निवासी बिहार हाल आदर्श नगर, सोनीपत के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि गत 12 जुलाई 2025 को सुरेन्द्र पुत्र दीपचंद निवासी वेस्ट राम नगर सोनीपत ने थाना सैक्टर 27 सोनीपत मे शिकायत दी कि मेरा आफिस बहालगढ सोनीपत रोड पर सै0 12 की पीछे साईड ऑफिस है। जो मेरे ऑफिस पर लगातार दो दिन दिनांक 10 -11/07/25 को चोरियां हुई है और बहुत सारा सामान जैसे स्क्ष्ष्ठ व अन्य मशीनो के साथ तोडफोड की गई है। और अन्य दस्तावेजो को पुरी तरह से बिखेरा गया है। जो सामान चोरी हुआ है वो निम्न है। 2 लैपटॉप, 1 स्कैनर, कॉपर-20-30 च.त्न व अन्य सामान जैसे मशीनो की लीड व अन्य पार्टस और कुछ अन्य दस्तावेज आदि की चोरी की गई हैद्य इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत थाना सैक्टर 27 सोनीपत में अभियोग दर्ज किया गया।

# विधायक ने रक्तदान कर युवाओं को किया प्रेरित

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। गांव खुबड़ू में रविवार को जनहित अभियान फाउंडेशन की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने रिबन काटकर शिविर का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने खुद रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया। शिविर की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने की। सेहत टीम ने शिविर में करीब 35 यूनिट रक्त एकत्र किया। विधायक कादियान ने रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र दिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। यह समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं की भागीदारी की सराहना की। कहा कि ऐसे शिविर समाज में सहयोग और स्वास्थ्य का माहौल बनाते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए।



इस मौके पर अंग्रेजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, जोगिंद्र, रामनिवास मलिक, डॉ. अनिल, अजित शर्मा, प्रवीन, सुरेंद्र, मंजीत, वीरेंद्र, अजमेर, राजेंद्र पहलवान, विक्रम आंतिल आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आर्थिक सलाहकार समूह से बैठक

# यूपी को 'ग्रोथ इंजन' बनाने की रणनीति पर मंथन

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आर्थिक सलाहकार समूह से मुलाकात कर यूपी को भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनाने पर चर्चा की । उत्तर प्रदेश को भारत की इकॉनमी का ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में योगी आदित्यनाथ ने एक बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने सरकारी आवास पर नवगठित आर्थिक सलाहकार समूह के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस समूह में कृषि, शिक्षा, सेमीकंडक्टर, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग और स्टार्टअप जैसे अलग-अलग सेक्टर्स के देश के जाने-माने एक्सपर्ट्स शामिल हैं। इस बैठक में उत्तर प्रदेश के विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक मजबूती के लिए कई अहम सुझावों पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश आज भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस लक्ष्य को पाने के लिए राज्य के सभी विभाग मिलकर तेज गति से काम कर रहे हैं। आर्थिक सलाहकार समूह ने भी पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश द्वारा की गई प्रगति की सराहना की और कहा कि निवेश के अनुकूल माहौल के कारण आज यूपी उन राज्यों में शामिल हो गया है जिनकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' का गठन किया जा चुका है। इस मिशन के तहत जॉब मैपिंग की जाएगी और सभी विभागों के सहयोग से प्रदेश के युवाओं का कौशल विकास, भाषा प्रशिक्षण और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के मौके दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि जल्द ही उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक व्हीकल के निर्माण का हब भी बनेगा. उन्होंने बताया कि बहुत जल्द ही हिंदुजा ग्रुप की यूनिट यूपी में इलेक्ट्रिक व्हीकल का उत्पादन शुरू कर देगी. इससे स्वच्छ, टिकाऊ और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। किसानों के हित में बात करते हुए सीएम ने बताया कि जहां देश में किसानों को 8-10 घंटे बिजली मिल रही है, वहीं उत्तर प्रदेश



में आज किसानों को 15-16 घंटे बिजली मिल रही है। सरकार पीएम कुसुम योजना के तहत 1 लाख सोलर पैनल उपलब्ध करा रही है और नलकूपों के सोलराइजेशन (सौर ऊर्जा से संचालन) को मिशन मोड में लागू किया है। यूपी निजी पंप सोलराइजेशन में देश में अग्रणी है, जिससे किसानों को कम लागत में बिजली मिल रही है और राज्य का विद्युत उत्पादन भी बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन अच्छा है। पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानपुर से 8 हजार मेगावॉट के पॉवर प्लांट का उद्घाटन किया था। उन्होंने बताया कि रिन्यूएबल एनर्जी (नवीकरणीय ऊर्जा) की दिशा में भी उत्तर प्रदेश ने सारी प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसके माध्यम से वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश 22 हजार मेगावॉट का उत्पादन शुरू कर देगा. उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में देश का रोल मॉडल बनेगा और सरकार की नीतियां प्रदेश को हरित ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाएंगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश के किसानों के हित में बहुत सारे काम किए गए हैं. प्रदेश की 1 दर्जन सिंचाई परियोजनाओं को पूरा कराकर नहरों के माध्यम से 23 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा दी गई है। शारदा नहर का पानी पहली बार वाराणसी पहुंचा है. आज बुंदेलखंड और पूर्वांचल के किसान एक वर्ष में तीन-तीन फसलों का उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मूंग दाल, मूंगफली और मक्का की खरीद के लिए प्रोक्योरमेंट केंद्र बनाए गए हैं. गन्ना किसानों को वर्ष 1996 से 2017 तक जितना भुगतान किया गया था, पिछले आठ वर्ष में उससे 70 हजार करोड़ ज्यादा यानी 2 लाख 85 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।

ऊर्जा और कृषि में अग्रणी बना प्रदेश सीएम योगी के मुताबिक, यूपी सौर ऊर्जा और रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में रोल मॉडल बनने की ओर बढ़ रहा है। 2027 तक 22,000 मेगावॉट हरित ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य तय किया गया है। किसानों को 15-16 घंटे बिजली मिल रही है, जबकि देश में औसतन 8-10 घंटे ही मिल रही है। पीएम-कुसुम योजना के तहत किसानों को 1 लाख सोलर पैनल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने बताया कि पहले प्रदेश में हर साल मात्र 500 फैक्ट्रियों का रजिस्ट्रेशन होता था, लेकिन अब लगभग 4 हजार फैक्ट्रियों का रजिस्ट्रेशन हो रहा है। गोवंश संरक्षण और मत्स्य उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश ने काफी प्रगति की है।लैंड लॉक्ड स्टेट होने के बाद भी यूपी मत्स्य उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में है।

# वाईएसआरसीपी ने गठबंधन सरकार पर दमन और राजनीतिक प्रतिशोध का लगाया आरोप

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

गुंटूर। वाईएसआर पार्टी ने गठबंधन सरकार पर दमनकारी तरीकों और राजनीतिक बदला लेने के लिए पुलिस के इस्तेमाल की कड़ी आलोचना भी की है और कार्यकर्ताओं को बैठक में आश्वासन दिया है कि वाईएस जगन मोहन रेड्डी कार्यकर्ताओं के साथ जो आम जनता 'रेड बुक से प्रभावित है' उनके साथ हम खड़े रहेंगे कहा और समय हमेशा एक जैसा नहीं रहेगा।

यहां अस्पताल में जीवन और मृत्यु से जूझ रहे नागमल्लेश्वर राव से मिलने के बाद मीडिया से बात करते हुए, पार्टी महासचिव सज्जला रामकृष्ण रेड्डी ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू के इशारे पर पुलिस पीड़ित वाईएसआरसीपी कार्यकर्ताओं पर मामले दर्ज कर रही है, लेकिन वीडियो साक्ष्य दिए जाने के बावजूद टीडीपी के अत्याचारों को नज़रअंदाज़ भी कर रही है। यह हमला विधायक जिला के दुलिपल्ली नरेंद्र के इशारे पर किया गया और जब वाईएसआरसीपी नेता शिकायत दर्ज कराने गए, तो उल्टे शिकायत करने वालों के पार्टी प्रभारी मुरली के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया आंध्र प्रदेश में देश का भारतीय संविधान का अमूल बिल्कुल नहीं है।

उन्होंने कहा कि यह हमला राजनीतिक मकसद से किया गया था। नागमल्लेश्वर राव एक राजनीतिक परिवार से आते हैं और उन पर हुआ यह जघन्य हमला गठबंधन के प्रतिशोधी रवैये को दर्शाता है और हमारे कार्यकर्ताओं पर हर हमला उनके पलटवार के संकल्प को और मज़बूत करेगा, उन्होंने कहा। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में पुलिस का राज चल रहा है। गुंटूर ज़िले में हाल के दिनों में तेनाली की घटना सहित पुलिस की ज़्यादती देखी गई है। गुडीवाड़ा के पास टीडीपी द्वारा महिला बीसी नेता पर हमला कानून-व्यवस्था की गिरती स्थिति को दर्शाता है और हमारी पार्टी कार्यकर्ताओं पर हुए हर हमले में पुलिस मूकदर्शक बनी



### 'रेड बुक संविधान' पर बढ़ता राजनीतिक विवाद

राज्य में हो रही दमनकारी नीतियां रेड बुक के संविधान को अमल करने के लिए जो हरकतें कर रही है इनको देखकर कई बड़ी कंपनियां राज्य में निवेश करने से बच रहे हैं विधायकों की क्षेत्रीय परसेंटेज अनेक मामले के साथ-साथ मुख्यमंत्री के पुत्र लोकेश द्वारा लिखी गई की ' रेड बुक संविधान' अमल करने का कार्यकर्ताओं पर दबाव है कहा अनेक विपक्ष पार्टियों ने इस रवैया का विरोध कर रहे हैं जिस राज्य की विकास विनाश के रूप में भविष्य में दिखेगा कहा तेलुगु जनता पार्टी के अध्यक्ष पी, वेंकटेश्वर राव, और भारतीय मार्केट पार्टी के पूर्व सांसद प्रधान श्री मधु , एवं कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष श्री चिरंजीवी , जैसे अनेक लोगों ने इस रेड बुक संविधान का वार्षिक निंदा किया है ।

रहती है और जब हम वीडियो सबूतों के साथ शिकायत उन्होंने कहा कि प्रसन्ना कुमार रेड्डी के आवास पर हमला और अदालत के निर्देश के बावजूद कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए पेद्दारेड्डी को ताड़ीपत्री जाने की अनुमति नहीं देना, यह दर्शाता है कि पुलिस राजनीतिक आकाओं के इशारे पर नाच रही है और वाईएसआरसीपी कार्यकर्ताओं पर हमले हर हफ़्ते हो रहे हैं। वाईएस जगन मोहन रेड्डी जनता के साथ रहे हैं और ज़रूरतमंदों के प्रति एकजुटता का परिचय दिया है।

# प्राचीन कला केंद्र की 309वीं मासिक बैठक में राहुल देव मंडल की भरतनाट्यम प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। अग्रणी सांस्कृतिक संस्था प्राचीन कला केन्द्र द्वारा 309वीं मासिक बैठक का आयोजन एम एल कौसर सभागार में सायं 6:30 से किया गया। जिसमें कोलकाता से आये राहुल देव मंडल ने भरतनाट्यम नृत्य की जोरदार प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। कोलकाता के राहुल देव मंडल भारत के एक प्रख्यात भरतनाट्यम कलाकार,समर्पित शोधकर्ता और शिक्षक हैं। वे एक राष्ट्रीय विद्वान और प्रतिष्ठित रवींद्र भारती विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर हैं। वे अपनी अग्रणी अवधारणा नृत्य योग सूत्र के माध्यम से भरतनाट्यम और योग दर्शन के अनूठे संश्लेषण के लिए प्रशंसित हैं। उन्हें नृत्यचूड़ामणि, श्रृंगारमणि, नृत्य कला रत्न जैसी प्रतिष्ठित उपाधियों से सम्मानित किया जा चुका है और वे राष्ट्रीय दूरदर्शन (प्रसार भारती, भारत सरकार) के 'ए' ग्रेड के कलाकार हैं। उन्हें राष्ट्रपति भवन से प्रतिष्ठित 'राष्ट्रीय युवा कृति सम्मान मिला, जो पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा प्रदान किया गया था। उन्होंने कलाकर्म फाउंडेशन की स्थापना की, जो भरतनाट्यम और नृत्य-योग के लिए एक अग्रणी केंद्र है। राहुल देव एक प्रकाशित लेखक भी हैं। उनकी रचनाएँ - नृत्य योग सूत्र- शरीर और आत्मा के बीच एक बंधन (एशियन पब्लिकेशन, 2015), 'अभ्यास' (निर्देशात्मक सीडी के साथ), और भरतनाट्यम पाठशाला÷ (2024, बोईवाला कैफ़े) - भारत और विदेशों में छात्रों और उत्साही लोगों द्वारा व्यापक रूप से उपयोग की जाती हैं। राहुल देव ने भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, बैंकॉक और बांग्लादेश के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नृत्य समारोहों में अपनी कला का प्रदर्शन किया है।

आज के कार्यक्रम में सबसे पहले गणेश वंदना-जोकि भरतनाट्यम कार्यक्रम की उद्घाटन प्रस्तुति गणेश वंदना से शुरू होती है, जो भगवान गणेश, विघ्नहर्ता और शुभ आरंभ के अग्रदूत, का आह्वान है। इसके उपरांत 'अजम निर्विकल्पम' जोकि एक गहन संस्कृत



रचना है जिसे भारत के महानतम दार्शनिक-संतों में से एक, आदि शंकराचार्य ने लिखा था। इस कालातीत भजन में, शंकराचार्य ईश्वर के निराकार, शाश्वत औरअपरिवर्तनशील स्वरूप का गुणगान करते हैं - अजन्मा (अजम) और निर्गुण (निर्विकल्पम) सार जो समस्त अस्तित्व में व्याप्त है। शांत राग मोहनम में रचित और खंड चापू तालम की मनोहर लय में प्रस्तुत, यह वंदना भगवान गणेश को उनके शुद्धतम पारलौकिक रूप में, नाम और रूप से परे, फिर भी अपने भक्तों के प्रति सदैव दयालु आह्वान करने का प्रयास करती है। नाज़ुक हाव-भाव (मुद्राएँ), भावपूर्ण अभिनय और लयबद्ध पद-चाल के माध्यम से, नर्तक गणेश जी का आशीर्वाद मांगता है, उनकी दिव्य कृपा की कामना करता ह। इसके उपरांत राहुल ने गोकुल निलय जो एक भरतनाट्यम गायन है। इसे कृष्ण कीर्तनम भी कहा जा सकता है। कृष्ण, जो गोकुल में रहते थे, सभी पर कृपा करते हैं। उन्होंने ही अपनी बांसुरी बजाते हुए गोवर्धन पर्वत को उठाया था। उन्होंने ही राक्षसों का नाश किया और देवताओं को बचाया था।

इस गायन में भगवान कृष्ण की स्तुति की जा रही है। ये गीत राग विपलश्री और ताल आदि में निबद्ध है। कार्यक्रम के अगले भाग में शिवस्तुति- महादेव शिव संभो महादेव शिव संभो भगवान शिव के आनंदमय नृत्य का वर्णन करने वाले गीतों में से एक है। यह सृष्टि और विनाश में संतुलन बनाने वाले ब्रह्मांडीय नर्तक शिव का उत्सव है। नटराज को अक्सर भारतीय शास्त्रीय नृत्य के शुभंकर के रूप में दर्शाया जाता है और इस नृत्य के माध्यम से उनकी पूजा की जाती है।

# गांव टांडी करोरां में कमलजीत सिंह चावला ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, समाधान का दिया भरोसा

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

न्यू- चंडीगढ़। कांग्रेस (ओ बी सी सेल) के नयागांव ब्लॉक के प्रधान गुरबक्श सिंह काला टांडी ने अपने गांव में कांग्रेस की एक जनसभा का आयोजन किया। जिसमें उन्होने विशेषत सीनियर कांग्रेसी नेता व पूर्व वाइस चेयरमैन पंजाब गउ सेवा कमीशन कमलजीत सिंह चावला जी को आमंत्रित किया उनके साथ सीनियर कांग्रेसी नेता सरदार रणजीत सिंह नंगलिया , हंस राज बूथ गढ़ जिला मोहाली चेयरमैन कांग्रेस एस सी सेल, सुखदेव सिंह भूरा तकीपुर,चरणजीत सिंह तकीपुर चेयरमैन कांग्रेस किसान सेल ब्लॉक माजरी, सीनियर कांग्रेसी नेता मंजीत सिंह सिद्धू पहुंचे थे । जिस पर सबसे पहले सीनियर कांग्रेसी नेता सरदार रणजीत सिंह नंगलिया ने नवनियुक्त कांग्रेस (ओ बी सी सेल) के नयागांव ब्लॉक के प्रधान गुरबक्श



सिंह काला टांडी को मुबारकबाद दी तथा आये हुये गांव टांडी करोरां की महिला शक्ति ,युवाओं तथा गांव के हरनेक सिंह,बलविन्द्र सिंह पंच, मलकीत सिंह,नसीब सिंह,मोहन सिंह,प्यारा सिंह, बीबीबख्शीश कौर बीबी कृष्ण कौर, बीबी गुरमेल कौर,हरपाल सिंह,धर्म सिंह सहित लगभग 70 गांव वासीयो ने तल्लीयां बजा कर प्रधान गुरबक्श सिंह काला टांडी का स्वागत किया । फिर कांग्रेसी नेता सरदार रणजीत सिंह नंगलिया ने कहा कि अब आपके गांव की कोई भी समस्या हो तो आप अपने प्रधान गुरबक्श सिंह काला टांडी को बताया यह आपकी सारी समस्या हल करेंगे परन्तु हम सारे तथा हमारी हाई कमान आप लोगों के साथ है। फिर आपका प्रधान गुरबक्श सिंह काला सीनियर कांग्रेसी नेता व पूर्व वाइस चेयरमैन पंजाब गउ सेवा कमीशन कमलजीत सिंह चावला जी को बताएंगे जो आपकी सारी समस्या का हल करवाएंगे। तब कमलजीत सिंह चावला जी ने गांव वासियों को अपने संबोधन में कहा कि आपके गांव की जो भी समस्या है वह बताओ तब लोगों ने बताया कि हमारे गांव की धर्मशाला की हालत बहुत नाजुक है । वह कभी भी गिर सकती है सरकार का हमारी सहायता करनी चाहिये उसे बनाने में। तभी कमलजीत सिंह चावला जी ने बताया कि मै जिला मोहाली की डी सी मैडम कोमल मित्तल जी से मिल कर सारी आपकी समस्याओं के बारे में बता कर उनकी समस्या हल करवाएं। शेष मातृ शक्ति हमारे साथ है पंजाब में अब कांग्रेस की सरकार आने वाली है तब आपको और आपके गांव को कोई भी समस्या नहीं रहेंगी । पंजाब कांग्रेस के प्रधान व एम पी अमरिंदर सिंह राजा बड़िंग तथा विधान सभा के विरोधी दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा जी की रहनुमाई में पंजाब में कांग्रेस की सरकार बनते ही पंजाब का विकास शुरू होने लगेगा ।

# अथर्व यूनिवर्सिटी मुंबई ने शहीद सैनिकों की बेटियों के लिए 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति की घोषणा की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। अथर्व यूनिवर्सिटी, मुंबई ने शनिवार को देश भर के शहीद सैनिकों की बेटियों और जम्मू-कश्मीर तथा भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के छात्रों के लिए यूनिवर्सिटी की सभी शाखाओं में विशेष छात्रवृत्ति की घोषणा की है।

अथर्व यूनिवर्सिटी, मुंबई के संस्थापक सुनील राणे ने कहा कि शहीदों की बेटियों के लिए 100 प्रतिशत और जम्मू-कश्मीर तथा पूर्वोत्तर भारत के राज्यों के छात्रों के लिए 75 प्रतिशत छात्रवृत्ति उपलब्ध है। यह यूनिवर्सिटी इंजीनियरिंग, बीबीए/एमबीए, होटल मैनेजमेंट, बीसीए और बी डिज़ाइन्स में पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

25 वर्षों की विरासत के साथ, अथर्व मलाड मार्वे रोड, मलाड पश्चिम, मुंबई में स्थित एक अग्रणी शैक्षणिक



संस्थान है।

उद्योग-केंद्रित और शोध-आधारित पाठ्यक्रमों, सुसज्जित भवनों, अत्याधुनिक सुविधाओं वाली प्रयोगशालाओं, उत्कृष्ट शिक्षकों और सर्वोत्तम शैक्षणिक वातावरण के साथ उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के साथ, अथर्व विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध है। प्रवेश के लिए 022-40294949 पर संपर्क किया जा सकता है या www.atharvauniversity.org पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# जागरण मंच ने युवाओं को स्वदेशी वस्तुएं अपनाने के लिए किया प्रेरित किया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। स्वदेशी जागरण मंच ने पंचकूला के युवाओं को प्रेरित करते हुए एक बैठक का आयोजन किया, जिसमें प्रांत के संयोजक डॉ राजेश गोयल विशेष तौर पर उपस्थित हुए। उनके साथ डॉक्टर ओपी सिंह ने भी युवाओं को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग युवाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह न केवल देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करता है, बल्कि युवाओं में देशभक्ति और स्वाभिमान की भावना भी जगाता है। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करके, युवा न केवल अपने देश के विकास में योगदान करते हैं, बल्कि वे अपनी संस्कृति और परंपराओं को भी जीवित रखते हैं। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से आर्थिक विकास होगा और स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने से देश का पैसा देश मेंह रहे जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा स्वदेशी वस्तुओं के उत्पादन से युवाओं के लिए अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध होंगे और बिक्री के अवसर अधिक से अधिक बढ़ेंगे।,उन्होंने बताया कि 18 जुलाई को सेक्टर 2 में स्वावलंबन केंद्र खोला जाएगा, जिसमें युवाओं को हर क्षेत्र के कार्य के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस मौके पर जिला युवा संयोजक विनीत, अरुण, नरेंद्र डाबला, संदीप यादव ,सुनील कुमार, सुशील कुमार, जिला मीडिया सयोजक सुरेंद्र गोयल व अन्य सदस्य उपस्थित हुए।

# रेलवे यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाएगा

> बेहतर सुरक्षा के लिए सभी 74,000 डिब्बों और 15,000 इंजन में सीसीटीवी कैमरे
>
> 100 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति और कम रोशनी में भी उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी फुटेज सुनिश्चित किए जाएंगे

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। यात्री डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रायोगिक परिणाम के सकारात्मक परिणाम के आधार पर, रेलवे ने सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। इस कदम से यात्री सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा। बदमाश और संगठित गिरोह भोले-भाले यात्रियों का फायदा उठाते हैं। कैमरे लगने से ऐसी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी। यात्रियों की निजता बनाए रखने के लिए, दरवाजों के पास सामान्य आवागमन क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।





केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री श्री रवनीत सिंह बिट्टू ने इंजनों और डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रगति की समीक्षा की। शनिवार 12 जुलाई, 2025 को आयोजित बैठक में रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

**360-डिग्री व्यापक कवरेज:** रेलवे अधिकारियों ने बताया कि उत्तर रेलवे के लोको इंजन और डिब्बों में सफल परीक्षण किए जा चुके हैं। केंद्रीय रेल मंत्री ने सभी 74,000 डिब्बों और 15,000 इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की अनुमति दे दी है। प्रत्येक रेलवे डिब्बे में 4 डोम सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे - प्रत्येक प्रवेश मार्ग पर 2 और प्रत्येक लोकोमोटिव में 6 सीसीटीवी कैमरे होंगे। इनमें लोकोमोटिव के आगे, पीछे और दोनों तरफ 1-1 कैमरा शामिल होंगे। प्रत्येक कैब (आगे और पीछे) में 1 डोम सीसीटीवी कैमरा और डेस्क पर 2 माइक्रोफोन लगाए जाएंगे।

**आधुनिक समस्याओं के लिए आधुनिक निगरानी:** अधिकारियों ने साझा किया कि सीसीटीवी कैमरे नवीनतम मानकों वाले होंगे और एसटीक्यूसी प्रमाणित होंगे। केंद्रीय रेल मंत्री ने सर्वश्रेष्ठ उपकरणों को इस्तेमाल करने पर जोर दिया। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि 100 किमी प्रति घंटे से अधिक गति और कम रोशनी की स्थिति में चलने वाली ट्रेनों के उच्च गुणवत्ता वाले फुटेज उपलब्ध हों। केंद्रीय रेल मंत्री ने अधिकारियों को इंडियाएआई मिशन के सहयोग से सीसीटीवी कैमरों द्वारा लिए गए डेटा पर एआई के उपयोग का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया।

**डेटा गोपनीयता मूल में:** डिब्बों के सामान्य आवागमन क्षेत्रों में कैमरे लगाने का उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा में सुधार लाना है। निजता का ध्यान रखते हुए, ये कैमरे शरारती तत्वों की पहचान करने में भी मदद करेंगे। भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण के प्रयास, सुरक्षित, संरक्षित और यात्री-अनुकूल यात्रा अनुभव के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# लिवर और गैस्ट्रो विकारों के विशेषज्ञ डॉ. सुखराज सिंह ने लिवासा अस्पताल में किया ज्वॉइन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

नवांशहर। गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. सुखराज पाल सिंह ने लिवासा अस्पताल, नवांशहर में कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी के पद पर ज्वाइन किया है। डॉ. सिंह ने गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज, फरीदकोट से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की और उसके बाद दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, लुधियाना से इंटरनल मेडिसिन में एमडी की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने प्रतिष्ठित केआईएमएस, भुवनेश्वर से डीएम गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी में विशेषज्ञता हासिल की। डॉ. सिंह की मुख्य विशेषज्ञता जटिल गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल स्थितियों जैसे लिवर रोग, पैन्क्रियाटाइटिस, जीआई रक्तस्राव और कोलेंजाइटिस के प्रबंधन में है। वे एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी और ईआरसीपी जैसी उन्नत नैदानिक और चिकित्सीय प्रक्रियाओं में कुशल हैं।



नैदानिक उत्कृष्टता के अलावा, डॉ. सिंह ने कई प्रतिष्ठित चिकित्सा पत्रिकाओं में भी योगदान दिया है। उनके शोध को इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मेडिकल साइंस एंड क्लिनिकल रिसर्च, जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंड एक्सपेरिमेंटल हेपेटोलॉजी, और डाइजेस्टिव डिजीज एंड साइंसेज में प्रकाशित किया गया है, जिसमें सिवियर एक्यूट में इंट्रा-एब्डॉमिनल उच्च रक्तचाप पर 2025 का एक उल्लेखनीय अध्ययन भी शामिल है।

# संवाद बहुत से हो रहे आज के समाज में, कुछ कुछ बदला सा लगे आज के व्यवहार में

> अंतर्राष्ट्रीय महिला काव्य मंच पंचकूला इकाई की हुई ऑन लाइन साहित्यिक काव्य गोष्ठी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। सुनीता गर्ग ट्राइसिटी अध्यक्ष के मार्गदर्शन में शानदार साहित्यिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आ. सुनीता गर्ग जी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ संगीता शर्मा कुंद्रा 'गीत' जी ने अध्यक्षता का कार्यभार आ. रेणु अब्बी 'रेणु' जी (पंचकूला इकाई उपाध्यक्ष) को सौंपा। आ. गरिमा जी (पंचकूला इकाई अध्यक्ष) की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा और आ. रीता गुलाटी ऋतंभरा जी की मधुर वाणी में सरस्वती वंदना सुनने का अवसर मिला। आयोजक एवं संचालक आदरणीया कुसुम धीमान 'कलिका' जी (सचिव पंचकूला इकाई) ने कार्यक्रम का शुभारंभ आ. सुनीता जी की शानदार ग़ज़ल से किया–

मुहब्बत में किया तुमने मुझे बीमार सावन में।<br>
तड़पती हूँ जुदाई में बहुत इस बार सावन में॥

गरिमा जी जिला अध्यक्ष (महिला काव्य मंच) ने कुछ यूँ कहा– संवाद बहुत से हो रहे आज के समाज में।<br>
कुछ कुछ बदला सा लगे आज के व्यवहार में॥

सरोज चोपड़ा 'पद्म' पंचकुला (हरियाणा) ने कुछ यूँ कहा–<br>
रिमझिम रिमझिम बरसे पावस।<br>
घटा घोर तो लगती मावस॥

दर्शना सुभाष पाहवा जी ने कहा–



सरस तरंगों का, आभा मंडल ।<br>
मन निर्मल और बाना उज्जवल।।

रीता गुलाटी ऋतंभरा जी ने कुछ यूँ कहा–<br>
गुरुवर के ज्ञान से होता संकट दूर।<br>
चरणों मे गुरु से मिले,जीवन है भरपूर॥

अदिति अत्रे 'आदि' जी के कहा कि–<br>
मातु शारदे ज्ञान दे, दिव्य दृष्टि का दान दें।<br>
जो पुकारता दास है, भक्ति भाव विश्वास है।।

अचला डिंगले जी ने कहा–<br>
सावन की है रिमझिम<br>
घटाएं घनघोर

नीलम नारंग जी ने कहा– इस प्यार पर तुझे ये जो इतबार ही नहीं, अब चल रहा है उस से सरोकार ही नहीं।

रेखा मित्तल जी के मनभाव–<br>
भावों के बादल<br>
आज बादल कुछ ऐसे बरसे<br>
मानो बरसों से दफ़न पड़े<br>
मन के एहसासों के माफ़िक<br>
स्नेहिल स्पर्श मिलते ही उमड़ पड़े।

मंजू बिसला जी ने कहा– जब निराकार है सर्वश्च; क्यों नहीं जी लेते जीवन बिना किसी आकार के, और कर लेते रहगुजर-सुकून और प्यार में।

कुसुम धीमान 'कलिका' जी ने गुरु पूर्णिमा पर कुछ यूँ कहा– मंगल गान करो सब मिलकर, आज दिवस आनंद का॥<br>
जय-जय–जय गुरुदेव।<br>
जय-जय–जय गुरुदेव॥

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार संगीता शर्मा कुंद्रा, नीरजा शर्मा, नेहा शर्मा, विमला गुगलानी जी, मनोरमा जी जी की प्रस्तुतियों को बहुत सराहना मिली। अंत में महिला काव्य मंच पंचकूला इकाई की उपाध्यक्ष आ. रेणु अब्बी ने सभी साहित्यकार सखियों का उत्साहवर्धन करते हुए- एक सुन्दर मनभावन सावन गीत प्रस्तुत करके, आभार प्रकट करते हुए, कार्यक्रम का समापन किया।

# पटियाला के डीएसपी के इकलौते बेटे की हादसे में मौत, साथी गंभीर

टायर फटने से बिगड़ा कार का संतुलन, संगरूर से लौट रहे थे



अर्थ प्रकाश संवाददता

**पटियाला, 13 जुलाई।** पंजाब के पटियाला के डीएसपी सिटी-1 सतनाम सिंह के इकलौते बेटे एकमवीर की संगरूर जिले के भवानीगढ़ के पास फग्गूवाल गांव में बठिंडा-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसे में उसका एक साथी हरजोत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल हरजोत के चीखने-चिल्लाने की आवाज से राहगीर एकत्र हो गए। राहगीरों की मदद से पुलिस कंट्रोल रुम को सूचित किया गया। दोनों युवकों को वरना कार से बाहर निकाला गया और सीएचसी ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने एकमवीर को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके साथी हरजोत की हालत गंभीर होने के कारण उसे राजिंदरा अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। हादसे के बाद मौके पर ट्रैफिक बाधित हो गया। पुलिस कर्मियों ने सुबह तक रास्ता क्लियर करवा दिया।

भवानीगढ़ के एसएचओ ने बताया कि डीएसपी सतनाम सिंह के बेटे की मौत हो गई है और दूसरा घायल पटियाला में एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती है। उन्होंने बताया कि ÷कार का संतुलन बिगड़ गया और कार पलट गई।

एएसआई ने कहा कि कंट्रोल रुम से हमें सूचना मिली कि वरना काम का एक्सीडेंट हुआ है। आम लोगों की मदद से बहुत मुश्किल से दोनों युवकों को बाहर निकाला। एम्बुलेंस की मदद से दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। रात डेढ़ बजे से सुबह 8 बजे तक नेशनल हाईवे की टीम नहीं पहुंची। जब भी फोन करते तो यही बहाना करते हैं कि कुछ देर में टीम आ रही है। अक्सर हादसे के समय यही होता है।

### संगरूर से वापस लौट रहा था एकमवीर सिंह

जानकारी के अनुसार, डीएसपी सतनाम सिंह का बेटा एकमवीर सिंह संगरूर में एक समारोह में शामिल होने के बाद अपने साथी हरजोत के साथ पटियाला वापस लौट रहा था। रात करीब 1.30 बजे जब वे भवानीगढ़ के फग्गूवाल के पास पहुंचे, तो उनकी कार का टायर फट गया और वरना कार पुल पर पलट गई।

# सांड की दर्दनाक मौत पर मोहल्ले ने किया हवन, इंसान और जानवर के रिश्ते पर दिया संदेश

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 13 जुलाई।** डेराबस्सी के एक मोहल्ले में हाल ही में घटित एक दुखद और सोचने पर मजबूर कर देने वाली घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया। तेज बारिश के बाद मोहल्ले में पानी भर गया था, जिससे खड़े बिजली के खंभे में करंट आ गया।

इसी करंट की चपेट में आकर एक बेबस आवारा सांड ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस हादसे ने मोहल्ले के लोगों को इंसान और जानवर के रिश्ते पर फिर से सोचने को मजबूर कर दिया।

आमतौर पर लोग आवारा पशुओं को सड़क पर देखकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन इस घटना ने मोहल्ले वालों के दिलों को छू लिया। सांड की दर्दनाक मौत से दुखी होकर लोगों ने उसके लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया। मृत सांड की आत्मा की शांति के लिए मंत्रोच्चार हुआ और उसके बलिदान को समाज के लिए एक संदेश के तौर पर देखा गया कि बेजुबान जानवर भी हमारी जिम्मेदारी हैं।

इस मौके पर नगर कौंसिल की प्रधान आशु उपनेजा के पति और समाजसेवी नरेश उपनेजा ने भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि यह हादसा हमें आगाह करता है कि कहीं भी खुले बिजली के तार या जर्जर खंभे हमारे और निरीह जानवरों के लिए कितने बड़े खतरे बन सकते हैं।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही पूरे इलाके में बिजली की तारों और पोलों की जांच करवाई जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाएं न दोहराई जाएं।

मोहल्ले के लोगों ने इस हवन के जरिए एक मजबूत संदेश दिया कि इंसानियत सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं है। हमें पशु-पक्षियों के लिए भी संवेदनशील रहना होगा। प्रशासन से अपील की गई कि सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों, ताकि इंसान और जानवर दोनों सुरक्षित रहें और किसी भी मासूम जान को यूं करंट के झटके में अपनी जान न गंवानी पड़े।

## पंजाब में कई जिलों में हुई बारिश, रात 10 बजे तक बरसात और आंधी का अलर्ट, बठिंडा में सबसे ज्यादा बरसे बादल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 जुलाई।** पंजाब में रविवार को जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है। सबसे ज्यादा 9 एमएम बारिश बठिंडा में दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने रात दस बजे तक बारिश का अलर्ट जारी किया।पातड़ा, समाना, पटियाला में मध्यम बारिश के साथ ही बिजली और तेज हवाएं चलने का अनुमान है। हवाएं 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलेंगी। जबकि सरदूलगढ़, बुढलाडा, लेहरा, मानसा, सुनाम, संगरूर, बरनाला, तपा, धूरी, मूणक, पातड़ा, नाभा, डेराबस्सी, फतेहगढ़ साहिब, मोहाली, तलवंडी साबो, अबोहर, मलोट, बठिंडा, गिद्दड़बाहा, फाजिल्का, रामपुरा फूल, जैतो, श्री मुक्तसर साहिब, जलालाबाद और फरीदकोट में हल्की बारिश की संभावना है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो पटियाला, फतेहगढ़ साहिब, मोगा, फिरोजपुर, और लुधियाना में बारिश रिकॉर्ड की गई है। पटियाला में 2.0 एमएम, और फतेहगढ़ साहिब में 1.5 एमएम बारिश दर्ज की गई है। हालांकि, मौसम विभाग ने बारिश के समय अलर्ट रहने की सलाह लोगों को दी है। आज सुबह साढ़े छह बजे से शाम 5.30 बजे तक अमृतसर में 2.0 एमएम, पटियाला में 0.4 एमएम, पठानकोट में 1.0 एमएम, बठिंडा में 9.0 एमएम, फिरोजपुर में 0.5 एमएम, मोगा में 1.5 एमएम, मोहाली में 3.5 एमएम और रूपनगर में 0.5 एमएम बारिश दर्ज की गई है। जबकि चंड़ीगढ़ में 19.5 और एयरपोर्ट पर 28 एमएम बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस श्री आनंदपुर साहिब में दर्ज किया गया है।

### चंडीगढ़ प्रशासक और भाजपा नेता संजय टंडन ने रामदबार में एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाते हुए किया पौधारोपण

# हर व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हो रहा: संजय टंडन

रामदरबार में निशुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 13 जुलाई।** चंडीगढ़। चंडीगढ़ के प्रशासक एवं पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने राजस्थान सेवा परिवार संस्था की ओर से रामदरबार स्थित सामुदायिक केंद्र में निशुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। उनके साथ विशेष तौर पर भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश के सह प्रभारी संजय टंडन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया और भाजपा नेता संजय टंडन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाते हुए पौधारोपण किया।

भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरियाली को बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जो मुहिम शुरू की गई है, उसके साथ बच्चे से लेकर युवा, बुजुर्ग और महिलाएं जुड़ रही हैं। हर व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हो रहा है, वह जन्मदिन, सालगिराह और अन्य महत्वपूर्ण आयोजनों पर पौधारोपण करके प्राकृति को सुरक्षा देने का संदेश दे रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान परिवार सेवा संस्था की ओर से निशुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया और महिलाओं व बुजुर्गों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। उन्होंने रक्तदाताओं का बैज लगाकर हौसला बढ़ाया और प्रमाण-पत्र भी वितरित किए।

भाजपा नेता ने कहा कि रक्तदान महादान है, रक्तदान के जरिये मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया जा सकता है। युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक होना होगा। साथ ही उन्होंने आह्वान किया कि युवा सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें, इसके उनमें समाज सेवा के प्रति जुड़ाव बढ़ेगा।

इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता, चंडीगढ़ की महापौर हरप्रीत कौर बबला, देवी सिंह, मनोज सोनकर, पवन कुमार, विक्रांत खंडेलवाल, कुंदन बैरवा, शिशपाल गर्ग सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# चंडीगढ़ ने 3-10 लाख जनसंख्या वर्ग में स्वच्छता की विरासत को जारी रखा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 जुलाई।** भारत सरकार के आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने घोषणा की है कि चंडीगढ़ ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 रैंकिंग में 3-10 लाख जनसंख्या वर्ग के शहरों की प्रतिष्ठित सुपर स्वच्छ लीग में एक बार फिर अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है।

यह सम्मान स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर के स्वच्छता और सफाई के क्षेत्र में लगातार शीर्ष प्रदर्शन का प्रमाण है।

चंडीगढ़ को 17 जुलाई 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में भारत के माननीय राष्ट्रपति की उपस्थिति में आयोजित होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक सुपर स्वच्छ लीग शहर के प्रतिनिधियों के लिए माननीय राष्ट्रपति के साथ एक विशेष समूह फोटोग्राफ की योजना बनाई गई है।

महापौर के नेतृत्व में, जिसमें 10 प्रमुख अधिकारी और स्वच्छता चैंपियन शामिल होंगे, शहर का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय समारोह में चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगा।

चंडीगढ़ शहरी स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार नए मानक स्थापित कर रहा है और भारत के सबसे स्वच्छ और टिकाऊ शहरों में से एक के रूप में अपनी स्थिति को पुष्ट कर रहा है।

# डेराबस्सी के बीजेपी नेता मुकेश गांधी ने अश्विनी शर्मा को कार्यकारी प्रधान बनने पर दी बधाई

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 13 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी पंजाब में संगठनात्मक स्तर पर बड़ा बदलाव करते हुए अश्विनी शर्मा को पार्टी का नया कार्यकारी प्रधान नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर डेरा बस्सी के वरिष्ठ भाजपा नेता, एडवोकेट मुकेश गांधी ने खुशी जाहिर की है। एडवोकेट मुकेश गांधी, जो कि स्टेट एग्जीक्यूटिव मेंबर बीजेपी पंजाब हैं, साथ ही नगर कौंसिल डेरा बस्सी के पूर्व प्रधान और बार एसोसिएशन डेरा बस्सी के पूर्व प्रधान भी रह चुके हैं, उन्होंने कहा कि अश्विनी शर्मा के नेतृत्व में पार्टी को और अधिक मज़बूती मिलेगी।

एडवोकेट गांधी ने कहा कि अश्विनी शर्मा को कार्यकारी प्रधान बनाए जाने से पार्टी के उन निष्ठावान कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा, जिन्होंने हमेशा संगठन को मज़बूत करने के लिए मेहनत की है। उन्होंने कहा कि यह फैसला भाजपा हाई कमान का दूरदर्शी कदम है, जो पुराने और ईमानदार कार्यकर्ताओं को उनका बनता हुआ मान-सम्मान दिलाने के लिए किया गया है।

उन्होंने आगे कहा कि अश्विनी शर्मा के नेतृत्व में संगठन में आए नए कार्यकर्ताओं को भी पूरा सम्मान मिलेगा और सभी को साथ लेकर पार्टी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जाएगा। एडवोकेट गांधी ने कहा कि डेरा बस्सी क्षेत्र में भी भाजपा के कार्यकर्ता अश्विनी शर्मा के नेतृत्व में और अधिक सक्रिय होकर संगठन को मजबूत करेंगे और भाजपा को आगामी चुनावों में सफलता दिलाने में अहम योगदान देंगे।

अंत में श्री गांधी ने पंजाब और खासकर डेरा बस्सी के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करें और अश्विनी शर्मा के हाथों को मज़बूती दें। उन्होंने कहा कि पार्टी में अनुशासन और निष्ठा ही भाजपा की पहचान है और इसी परंपरा को आगे बढ़ाया जाएगा।

## रक्तदान महादान, रक्त देकर बनाई जा सकती है जरूरतमंद की जान: संजय टंडन

### भाजपा नेता ने पेडलर्स में 32वें रक्तदान शिविर का किया उद्घाटन



**चंडीगढ़, 13 जुलाई (अप्रस)।** भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश के सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा कि रक्तदान महादान है। किसी जरुरतमन्द व्यक्ति को रक्त देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। आमतौर पर लोगों की मानसिकता है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है। संजय टंडन ने सेक्टर-35 स्थित पेडलर्स में अपने बेटे सारांश टंडन के साथ 32वें वार्षिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। रक्तदान शिविर का आयोजन दुआ परिवार की ओर से विपुल दुआ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया गया था, जोकि मानवता की सेवा के माध्यम से उत्सव मनाने का सबसे अद्भुत तरीका है। संजय टंडन ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर हौसला बढ़ाया और युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि लोगों में यह भ्रम है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है। रक्तदान के कारण कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि सभी को 90 दिन में एक बार अवश्य ही रक्तदान करना चाहिए। इससे जरूरतमंदों को मदद मिलती है साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है। रक्तदान जैसा पुनीत काम सबसे बड़ी सेवा में आता है। रक्त ही एकमात्र ऐसा पदार्थ है जिसका निर्माण किसी फैक्ट्री में नहीं किया जा सकता। सप्ताहभर में दिए गए खून कि आपूर्ति हो जाती है और नया खून शरीर में संचार हो जाता है। उन्होंने युवायों से अपील की है कि वो रक्तदान का संकल्प लें और जीवन में जरूर रक्तदान करें। इस अवसर पर सुभाष दुग्गल, भीमसेन अग्रवाल और चंदर वर्मा मौजूद रहे।

# गांव त्रिवेदी कैंप के श्री खाटू शाम मंदिर में आयोजित हुआ दूसरा भव्य जागरण

हल्का विधायक रंधावा सहित हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

भजन गायकों ने श्रद्धालुओं को झूमने पर कर दिया मजबूर

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 13 जुलाई।** त्रिवेदी कैंप में श्री खाटू शाम युवा मंडल द्वारा ग्रामीणों और पंचायत के सहयोग से गाँव में स्थित श्री खाटू शाम मंदिर में दूसरा भव्य जागरण आयोजित किया गया। इस अवसर पर हल्का विधायक कुलजीत सिंह रंधावा विशेष तौर पर जागरण में शामिल हुए। प्रसिद्ध भजन गायिका रजनी राजस्थानी (जयपुर), जैब संधू मुबारिकपुर, मीत लाडला अंबाला, सुरेश मेहरा मुबारिकपुर, कशिश पाहवा पटियाला, मोनू दुआ चंडीगढ़ ने अपने भजनों के माध्यम से पंडाल में उपस्थित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। हल्का विधायक कुलजीत सिंह रंधावा का युवा मंडल एवं पंचायत ने विशेष सम्मान किया। इस अवसर पर श्री खाटू शाम युवा मंडल के अध्यक्ष हरीश छाबड़ा, सदस्य गौरव सचदेवा, पवन शर्मा, विशाल खरबंदा, मोंटी गुलाटी, पंकज ग्रोवर, रजत सचदेवा, पारस छाबड़ा, हर्षित, राहुल मेहता, मनमोहन कुमार,पूर्व सरपंच सुनेहरी लाल, पंच तरविंदर सिंह गोगू, पंच पवन पोपली, पंच नीरज सचदेवा, सिमरन, दीपिका, आप नेता नरेश उपनेजा, पार्षद टोनी राणा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी जागरण में शामिल हुए।

## प्रेम पाल चौहान ने प्रशासक की सलाहकार समिति की स्टैंडर्ड कमेटियों के गठन को दुर्भाग्यपूर्ण बताया

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 13 जुलाई।** चंडीगढ़ के प्रशासन की सलाहकार समिति की स्टैंडर्ड कमेटियों से चंडीगढ़ का ना सही बीजेपी का विकास सुनिश्चित हो गया है। प्रेमपाल चौहान ने कहा कि यह चंडीगढ़ के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। चौहान का कहना है कि चंडीगढ़ में ऐसे लोगों कि कमी नहीं हैं जो चंडीगढ़ के विकास एवं चंडीगढ़ को सुन्दर एवं प्रदूषण फ्री बनाने में हमेशा ही अपना योगदान देते रहते हैं जैसे कि श्री राहुल महाजन जो कि पर्यावरण को बढ़ावा देते हैं एवं कर्मचारियों के लिए हमेशा संघर्ष करने वाले श्री रणजीत मिश्रा अध्यक्ष ज्ञ चंडीगढ़ स्स फेडरेशन श्री कृष्ण कुमार चड्डा श्री मोनू बोहत एवं चंडीगढ़ के बच्चो को फ्री शिक्षा प्रदान करने के लिए अम्बेडकर ट्रस्ट निस्वार्थ सेवा कर रही हैं। प्रेमपाल चौहान का कहना है कि हम चंडीगढ़ को क्राइम फ्री एवं सुंदर स्वच्छ और शिक्षित बनाना चाहते हैं चौहान ने कहा कि हम जरूरत मन्द गरीबों मजदूरों एवं कर्मचारी की आवाज को बुलंद करते हैं ।ऐसे लोगों को इन कमेटी में शामिल करना जरूरी था ।पर ऐसा नहीं हुआ ।यह चंडीगढ़ के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है ।चंडीगढ़ में निस्वार्थ सेवा करने वाले लोगों को कमेटियों से स्थान मिलना चाहिए था ताकि हर वर्ग की बात चंडीगढ़ प्रशासक के सामने पहुंच पाती । जिससे चंडीगढ़ का विकास होना सुनिश्चित होता।आपकी आवाज पार्टी के अध्यक्ष प्रेमपाल चौहान एवं महा सचिव श्रीमती बलजिंदर कौर ढिल्लो कानूनी सलाहकार एडवोकेट शुभम कुमार चौधरी सचिव श्री वीरेन्द्र कुमार सूद सचिव श्री दीपक कुमार श्री सुधीर कुमार श्रीमती ज्योति दत्त कैशियर श्री अमन कुमार गुप्ता ने चंडीगढ़ के प्रशासक साहब से पुनः अपील करते हुए एक बार चंडीगढ़ की समस्याओं को उठाने वाले लोगों को मौका देने की अपील की है

# डेराबस्सी में 10 हज़ार पौधे लगाने का संकल्प, शिरोमणि अकाली दल और सावित्री चैरिटेबल ट्रस्ट ने शुरू किया वृक्षारोपण अभियान

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 13 जुलाई।** शिरोमणि अकाली दल के प्रधान अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के विज़न को आगे बढ़ाते हुए शिरोमणि अकाली दल और सावित्री चैरिटेबल ट्रस्ट ने डेराबस्सी में एक बड़ा वृक्षारोपण अभियान शुरू किया है। पूर्व विधायक एन.के. शर्मा के नेतृत्व में रविवार को इस अभियान की शुरुआत देवीनगर की 2 एकड़ शामलात ज़मीन और पीरमुछाला स्थित नेचर पार्क से की गई। इस मुहिम के तहत डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में 10 हज़ार से अधिक फलदार और छायादार पौधे लगाए जाएंगे ताकि जल स्रोतों और पर्यावरण की रक्षा हो सके।

एन.के. शर्मा ने बताया कि यह अभियान ऐसे समय में शुरू किया गया है जब जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय क्षरण तेजी से बढ़ रहा है और पंजाब का वन क्षेत्र लगातार सिमटता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल संकट और घटते जंगलों को देखते हुए अब बिना देरी के ठोस कदम उठाना ज़रूरी हो गया है। उन्होंने कहा, ÷वृक्षारोपण अभियान आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और हरा-भरा पर्यावरण देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें अपने अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के मार्गदर्शन में यह काम शुरू कर गर्व हो रहा है। समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है कि जल और पर्यावरण की रक्षा में योगदान दे।÷

इस अभियान में पार्टी कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों और स्थानीय निवासियों ने उत्साह से भाग लिया। इस पहल का मकसद सिर्फ पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि लोगों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है। शिरोमणि अकाली दल और सावित्री चैरिटेबल ट्रस्ट का यह प्रयास हरित और टिकाऊ समाज की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

एन.के. शर्मा ने ज्यादा से ज्यादा लोगों से इस नेक काम से जुड़ने की अपील करते हुए हेल्पलाइन नंबर 9501287100 भी जारी किया है ताकि कोई भी व्यक्ति इस मुहिम में अपना योगदान दे सके और डेराबस्सी को हराभरा बनाने में भागीदार बन सके।

# आई टी पार्क चंडीगढ़ में पौधारोपण हुआ



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 जुलाई।** यंग प्रोफेशनल्स मंच,चंडीगढ़ और जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आई टी पार्क चंडीगढ़ में फलदार और औषधीय पौधों का रोपण किया गया।

इस पुनीत कार्य में जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन के संस्थापक पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही का विशेष मार्गदर्शन मिला और उन्होंने पौधे लगाओ,पेड़ बनाओ के संकल्प को दोहराते हुए पौधारोपण को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए 5 पी एवं 5 एस की चर्चा किए।आज इस पौधारोपण में नीम,मोरिंगा, जामुन, अर्जुन और पीपल के पौधे लगाए गए।

फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे 'नशामुक्त-पर्यावरणयुक्त' जन जागरण अभियान की चर्चा हुई और मंच के सभी सदस्यों द्वारा पौधों को वृक्ष बनाने के साथ साथ 'नशामुक्त-पर्यावरणयुक्त' समाज का संकल्प लिया गया।

पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के इस विशेष कार्यक्रम में फाउंडेशन की ओर से केशव एवं आदित्य के साथ यंग प्रोफेशनल्स मंच से सन्नी, नवजीत, पुनीत, विशाल, किशन, सूक्ष्म, अमित जैन, दिग्विजय, विकास, नरेश, अशोक, विनोद तथा अमित कुमार सहभागी रहे।

## कल्याणकारी ट्रस्ट पहुंचा सिराज, थुनाग में पीड़ितों को बांटी राहत

# जयराम ठाकुर बोले, फिर से संवारेंगे अपना क्षेत्र

कहा-थुनाग इलाके में हाल ही में आई भीषण जल प्रलय ने दर्जनों परिवारों की खुशियां छीन लीं

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा




**गोहर 13 जुलाई।** मंडी जिला के सिराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग इलाके में हाल ही में आई भीषण जल प्रलय ने दर्जनों परिवारों की खुशियां छीन लीं। खेत खलिहान मलबे में दब गए, कई घर जमींदोज हो गए और लोग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए। ऐसे में एक बार फिर सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट ने मानवता का फर्ज निभाते हुए पीड़ितों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया।

पिछले 25 वर्षों से सामाजिक कार्यों और जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट के संस्थापक और सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक राणा, जिला हमीरपुर अध्यक्ष लेखराज ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुजानपुर और टोनी देवी जसवंत सिंह, विक्रम राणा समेत पूरी ट्रस्ट टीम राहत सामग्री लेकर आज थुनाग पहुंची। ट्रस्ट ने वहां आपदा पीड़ित परिवारों को 250 तिरपाल और किचन के सामान की 120 किटें वितरित की। बारिश और मलबे से उजड़े लोगों को यह राहत किटें किसी नई उम्मीद जैसी लगीं। कई बुजुर्गों और महिलाओं की आंखों में आंसू थे, लेकिन उन आंसुओं में दर्द से ज्यादा अब भरोसा था – कि कोई तो है जो इस मुश्किल वक्त में उनके साथ खड़ा है। इस दौरान राजेंद्र राणा और ट्रस्ट पदाधिकारी पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और उनकी धर्मपत्नी साधना ठाकुर से भी मिले।

जयराम ठाकुर ने कहा कि उन्होंने पिछले तीन दशकों से सिराज क्षेत्र को विकास के पथ पर ले जाने के लिए दिन-रात मेहनत की, लेकिन यह प्राकृतिक आपदा क्षेत्र के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने कहा कि अब पहले से दोगुनी ताकत से इसे फिर से खड़ा करना होगा। राजेंद्र राणा ने कहा कि सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट का हर सदस्य इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है और जरूरत पड़ने पर और अधिक राहत सामग्री भी पहुंचाई जाएगी।

### सभी से मदद के लिए आगे आने की अपील की

उन्होंने प्रदेशवासियों से भी अपील की कि कोई भी व्यक्ति या संस्था इस मुश्किल घड़ी में मदद के लिए आगे आए, ताकि सिराज क्षेत्र के प्रभावित परिवारों को फिर से जिंदगी को पटरी पर लाने में ताकत मिल सके। ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक राणा ने कहा कि सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट ने हमेशा जरूरतमंदों की सेवा को अपना धर्म माना है और आने वाले दिनों में भी ट्रस्ट अपनी जिम्मेदारी निभाता रहेगा। थुनाग के मलबे में दबी उम्मीद को फिर से खड़ा करने का संकल्प लेकर लौटे ट्रस्ट के सदस्यों ने दिखा दिया कि जब सब कुछ उजड़ जाए। तो इंसानियत की एक किरण भी बहुत कुछ संवार सकती है।

# हिमाचल में पंजाब के श्रद्धालुओं की कार नदी में गिरी

## सत्संग में जा रहे 2 लोगों की मौत, 2 घायल; 10 साल का बच्चा बहा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 13 जुलाई।** हरियाणा के शिमला में स्कॉर्पियो गाड़ी सालवी नदी में जा गिरी। जिसमें पंजाब के 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हो गए। एक 10 साल का बच्चा नदी में बह गया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बच्चे की तलाश की जा रही है।

हादसा नेरवा के जमराड़ी क्षेत्र के पास हुआ। सभी लोग सत्संग में शामिल होने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर नेरवा के सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिए हैं।

पुलिस के मुताबिक शनिवार शाम नेरवा में टंडोरी और बथाल के बीच स्कॉर्पियो गाड़ी (पीबी-32जी 8768) सालवी नदी में जा गिरी। गाड़ी में कुल 5 लोग सवार थे। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। लोगों को गाड़ी से बाहर निकाला गया।



### घायलों ने बच्चे के बहने की बात बताई

हादसे में नवांशहर के रहने वाले गुरमेल लाल और कुमार सुचि नाम के व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। जबकि, बलविंदर कौर और केशव कुमार गंभीर रूप से घायल मिले। जब लोग उन्हें गाड़ी से बाहर निकालने लगे तो उन्होंने बताया कि बलविंदर का 10 साल का बेटा नदी में बह गया है।

### कुपवी में सत्संग में जा रहे थे

लोगों ने आसपास नदी में बच्चे की तलाश की, लेकिन रात को अंधेरा होने और पानी का बहाव ज्यादा होने की वजह से उसका कोई सुराग नहीं लगा। घायल लोगों को तुरंत नेरवा अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मृतकों के शव भी मॉर्च्युरी में भिजवा दिए। सभी लोग कुपवी के धार चांदना में सत्संग में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

### डीएसपी बोले- बच्चे की तलाश कर रहे

चौपाल के छ्स्क्कसुशांत शर्मा ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। 4 लोगों को रेस्क्यू कर नेरवा अस्पताल भेजा गया है, जिनमें से 2 की मौत हो चुकी है और 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों में एक महिला भी है। पुलिस और रेस्क्यू टीमें नदी में बहे बच्चे की तलाश में जुटी हुई हैं।

## हिमाचल की धरोहरों को बेचने पर तुली सुक्खू सरकार जनता को गुमराह करने का प्रयास: गोविंद सिंह ठाकुर

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू, 13 जुलाई।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कांग्रेस की सुक्खू सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सुक्खू सरकार हिमाचल प्रदेश को कर्ज के दलदल में धकेलने के बाद अब प्रदेश की बहुमूल्य धरोहरों को निजी हाथों में सौंपने पर तुली है। हिमाचल पर्यटन विकास निगम के 14 होटलों को बेचने की तैयारी इसका स्पष्ट प्रमाण है।

गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पहले प्रदेश हाईकोर्ट से इन होटलों को घाटे से उबारने के लिए समय मांगा था, लेकिन अपने प्रयासों में विफल रहने के बाद अब जनता को गुमराह करने के लिए झूठे आंकड़े पेश कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इन होटलों को घाटे में दिखाकर अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने की साजिश रच रही है। यह प्रदेश की जनता और आने वाली पीढ़ियों के साथ विश्वासघात है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल के जिन होटलों को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी हो रही है, उनमें कई होटल ऐसे हैं जो प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन की पहचान हैं। इन होटलों को बेचना न केवल प्रदेश के पर्यटन उद्योग को कमजोर करेगा, बल्कि इससे सैकड़ों स्थानीय लोगों का रोजगार भी संकट में पड़ जाएगा।

पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने सवाल उठाया कि यदि एचपीटीडीसी के चेयरमैन आरएस बाली खुद यह स्वीकार कर चुके हैं कि निगम को इन होटलों से सालाना 200 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो रहा है और निगम का कुल राजस्व 100 करोड़ रुपये से अधिक है, तो फिर इन होटलों को घाटे में दिखाने का नाटक क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सुक्खू सरकार की सुनियोजित चाल है, जो प्रदेश की परिसंपत्तियों को औने-पौने दामों पर बेचकर अपने चहेतों को खुश करना चाहती है। ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार प्रदेश को चलाने में पूरी तरह से असफल रही है। सरकार को प्रदेश के हितों की रक्षा करने के बजाय उसे बर्बाद करने की चिंता है। मुख्यमंत्री को इस विफलता की जिम्मेदारी लेते हुए नैतिक आधार पर अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

गोविंद सिंह ठाकुर ने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की धरोहरों को बचाने के बजाय बेचने का प्रयास जारी रखा तो भाजपा प्रदेश की जनता के साथ मिलकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा हिमाचल की संस्कृति, धरोहर और युवाओं के भविष्य को बचाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

# चंडीगढ़-मनाली हाईवे पर भूस्खलन से यातायात बाधित

बड़े वाहन फंसे; छोटे वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से भेजा जा रहा, मलबा हटाने में लगी मशीनें

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**मंडी, 13 जुलाई।** हिमाचल में मंडी जिले में शनिवार को पंडोह डैम के पास कैंची मोड़ पर भूस्खलन हुआ। चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर 4 मील के पास पहाड़ी से मलबा गिरने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है। मार्ग बंद होने से दोनों तरफ सैकड़ों वाहन रुके हुए हैं। प्रशासन ने छोटे वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से भेज दिया है।

शनिवार को पहाड़ी से गिरे भारी मलबे के कारण एनएच बंद करना पड़ा। रविवार सुबह से प्रशासन ने पुलिस बल की मौजूदगी में मशीनरी लगाकर मलबा हटाना शुरू किया। अधिकारियों का लक्ष्य दोपहर 12 बजे तक मार्ग को बहाल करना है।

चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार शाम को एक पर्यटक की लापरवाही का वीडियो भी सामने आया। जिसमें एक पर्यटक ने भूस्खलन के दौरान अपनी जान जोखिम में डाली। जब पहाड़ी से मलबा गिर रहा था, उसी समय यह व्यक्ति मलबे के ऊपर से गुजरने लगा।

### स्थानीय लोगों ने जताई नाराजगी

आसपास मौजूद लोगों ने उसे रोकने की कोशिश की। उन्होंने चेतावनी देते हुए आवाजें लगाईं। लेकिन पर्यटक ने किसी की एक न सुनी और अपनी मनमानी करता रहा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों ने इस लापरवाही पर गहरी नाराजगी जताई है। पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन के दौरान इस तरह की लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। प्रशासन ने पर्यटकों को सलाह दी है कि वे स्थानीय प्रशासन और लोगों की चेतावनियों को गंभीरता से लें।

### बारिश में ये सड़कें बंद

एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने यात्रियों से मंडी से कुल्लू जाने के लिए कटौला-कटिंडी मार्ग का उपयोग करने की अपील की है। भारी बारिश के कारण जिले में कुल 173 सड़क मार्ग बंद हैं। इनमें सराज में 93, थलौट में 29, करसोग में 19, धर्मपुर में 11, सरकाघाट में 7, पधर में 5, सुंदरनगर में 3, मंडी और गोहर में 2-2 तथा जोगिंदरनगर में 1 मार्ग शामिल हैं। प्रशासन ने पर्यटकों को सलाह दी है कि वे स्थानीय प्रशासन और लोगों की चेतावनियों का पालन करें।

# कुर्सी कर रही है एनएचएआई के अधिकारियों का इंतजार

टूटी हुई स्लिप रोड़ और टूटे हुए सीवरेज के मेंन हॉल दे रहे हैं हादसों को न्योता

होटलों के पास नहीं है पार्किंग की स्पेस, जोड़े हुए अवैध सीवरेज कनेक्शन, जल्द होनी चाहिए जांच

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर, 13 जुलाई।** शिमला हाइवे पर स्थित बलटाना लाइट प्वाइंट पर नया ओवरपास बनाया गया है। जो फिलहाल तैयार हो चूका है और राहगीर उसे लेकर राहत भी महसूस कर रहे हैं। लेकिन नीचे से निकल रही स्लिप रोड़ की हालात खस्ता है। जिसे ठीक करने की जिम्मेवारी एनएचएआई की है। लेकिन सड़क टूटी हुई है और ड्रेनेज लाइन भी टूटी हुई है। सड़क में गड्ढे पड़े हुए हैं और खुले पड़े ड्रेनेज के हॉल से हादसा ना हो इस लिए लोगों ने वहां चेतावनी चिन्ह के तौर एक कुर्सी रख दी है। ताकि यह कुर्सी लोगों को दूर से दिख जाए और कोई बड़ा हादसा ना हो जाए। क्योंकि यहां लोग काफी तेजी से निकलते हैं, जोकि रात में बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। क्योंकि ओवरपास के निर्माण के दौरान भी यहां कई हादसे हो चुके हैं।

स्थानीय बलटाना निवासियों की मांग है के सड़क की सही ढंग से रिपेयर की जाए और खुले ड्रेनेज के हॉल को जल्द सही ढंग से ढका जाए। ताकि कोई हादसा ना हो।

स्थानीय लोगों का कहना है के नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया द्वारा बलटाना ओवर पास के साथ नई बरसाती पानी की निकासी के लिए ड्रेन लाइन बिछाई है। लेकिन सड़क किनारे जितने भी होटल चल रहे हैं उनके द्वारा ड्रेनेज लाइन में अवैध तरीके से अपने सीवरेज के कनेक्शन जोड़ रखे हैं। जोकि सरासर गलत है और नियमों के खिलाफ है। लोगों ने बताया कि यदि ड्रेनेज लाइन में बिना मंजूरी कनेक्शन जोड़ लिए जाएंगे तो ड्रेनेज लाइन जल्दी चॉक हो जाएगी। जोकि सबके लिए समस्या है। स्थानीय लोगों की मांग है के जल्द से जल्द इन अवैध कनेक्शनों को काटा जाए।

ओवर पास हमने बना दिया है और रोड को चालू करके पहले टेस्टिंग कर ली गई है। उसके बाद दुबारा कारपेंटिंग करके ओवर पास को प्रॉपर ढंग से चला दिया गया है। स्लिप रोड बारिश की वजह से काम रोका हुआ है। जैसे ही बारिश रूकती है स्लिप भी बना दी जाएगी। एनएचएआई द्वारा डाली ड्रेनेज लाइन में कोई भी व्यक्ति अपना सीवरेज का कनेक्शन नही जोड़ सकता है। यदि किसी ने जोड़ा है तो हम चैक करवा लेते हैं। बाली टूटी हुई ड्रेनेज का काम भी जल्द ही चैक करवा कर करवा दिया जाएगा।

**राहुल सोलख, अधिकारी एनएचएआई।**

## ऑनलाइन धोखाधड़ी से निपटने को महत्त्वपूर्ण पहल, साइबर क्राइम से निपटने को 38 कमांडो तैनात

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 13 जुलाई।** प्रदेश में साइबर क्राइम से निपटने को साइबर कमांडो तैयार किए जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में साइबर क्राइम के लगातार बढ़ रहे मामलों ने पुलिस के साथ-साथ लोगों के भी होश उड़ा रखे हैं। पढ़े-लिखे और यहां तक की सेवानिवृत्त अधिकारी भी साइबर अपराधियों के चंगुल में आकर अपनी जीवन भर की जमा पूंजी गंवा रहे हैं। ऐसे शातिर ठगों से निपटने में पुलिस की ओर से भरसक प्रयास तो किए जा रहे हैं, लेकिन बहुत हद तक कामयाबी नहीं मिल रही है। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय की ओर से ही साइबर अपराधियों से निपटने के लिए साइबर कमांडो ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। इनमें साइबर अपराध से जुड़ी बारिकियों के साथ इससे निपटने के विभिन्न तरीकों की तकनीकी जानकारी दी जा रही है। हिमाचल प्रदेश के 38 पुलिस जवानों को साइबर कमांडो के रूप में ट्रेनिंग देने के लिए चुना गया है। इन 38 जवानों में कमलेश, मुनीष कुमार, अक्षय गुप्ता, अजय कुमार, हरि ओम, ओंकार सिंह, पंकज कुमार, कार्तिक वालिया, अरविंद कुमार, अमित भारद्वाज, विशाल शर्मा, संजय कुमार, शुभम भंडारी, अशिष कुमार, अभिषेक कपूर, अश्वनी ठाकुर, जय सूर्याकांत परिहार, पुनीत कुमार, हरीश नायक, मोनिका कुमारी, संदीप श्याम, अशीष पठानिया, पूजा कश्यप, संजू कुमार, दीक्षित शर्मा, मयंत ठाकुर, करणदेव चौहान, सुमित सिंह, पंकज कुमार वर्मा, अशीष, मनु शर्मा, राम शर्मा, मधु शर्मा, अकाश ठाकुर, शशांक, शुभम चौहान व रोहित गुलेरिया शामिल हैं। इन्हें इनकी विशेषज्ञता के आधार पर भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र द्वारा चुना गया है। साइबर कमांडो की ट्रेनिंग छह माह तक दी जाएगी। ट्रेनिंग आईआईटी मद्रास, राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी गांधीनगर और नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी दिल्ली जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में होगी। डीआईजी साइबर क्राइम मोहित चावला ने बताया कि साइबर कमांडो ट्रेनिंग गृह मंत्रालय की एक पहल के तहत दी जा रही है। इस ट्रेनिंग का मकसद पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को सिस्टम फोरेंसिक, साइबर अपराध का पता लगाने और रोकथाम तकनीकों में आवश्यक कौशल से लैस करना है। साइबर खतरे लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए संवेदनशील डाटा की सुरक्षा व आनलाइन धोखाधड़ी से निपटने में यह पहल बेहद महत्त्वपूर्ण है।

## दरंग में भूस्खलन से गांव में आपदा का खतरा



300 फुट गहरी खाई ने बढ़ाई चिंता; बाढ़ की संभावना, पिछले साल ढ़ह चुका स्कूल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मंडी, 13 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के दरंग विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेगली के कालंग गांव में भूस्खलन से स्थिति विकराल हो गई है। गांव के सामने 300 फुट गहरी खाई बन चुकी है, जिसमें पिछले वर्ष राजकीय प्राथमिक पाठशाला कालंग समेत स्थानीय लोगों की सैकड़ों बीघा जमीन समा गई थी। भूस्खलन से बागी कटौला क्षेत्र में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। भाजपा दरंग मंडल अध्यक्ष राजू ठाकुर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव को असुरक्षित घोषित कर तत्काल राहत प्रदान करने की मांग की है। इस मांग में बिरि सिंह, जसपाल, कूर्म देव, रामसिंह और मान सिंह सहित अनेक ग्रामवासी शामिल हैं। भूस्खलन से उत्पन्न गंभीर स्थिति के कारण गांव के लोग सहमे हुए हैं और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## विश्व जागृति मिशन ने सराजआपदा प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री की वितरित: अखिलेश कपूर

कहा- आपदा प्रभावित परिवारों को? 500 राशन किट 250 त्रिपाल ,बर्तन,कंबल,मैटर्स आपदा प्रभावित परिवारों को बांटे

मिशन ने ?2023 की आपदा में भी मुख्यमंत्री राहत कोष में 10 लाख रुपए की राशि की थी जमा

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 13 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला में 30 जून की रात को बादल फटने की घटना के बाद सिराज विधानसभा क्षेत्र में भारी तबाही हुई थी जिसके चलते सैकड़ो परिवार बेघर हुए थे विश्व जागृति मिशन के द्वारा मंडी जिला के आपदा प्रभावित परिवारों को दो सप्ताह से गांव-गांव में जाकर प्रभावित परिवारों को राशन किट ट्रिपल बर्तन और कंबल वितरित किए जा रहे हैं अब तक विश्व जागृति मिशन के द्वारा 500 राशन किट ढाई सौ ट्रिपल खाने-पीने के बर्तन और कंबल वित्त किए गए हैं विश्व जागृति मिशन के प्रदेश संयोजक अखिलेश कपूर ने कहा कि मंडी जिला के सिराज विधानसभा क्षेत्र में आपदा प्रभावित परिवारों को विश्व जागृति मिशन के द्वारा अब तक 500 राशन किट 250 तिरपाल खाने-पीने के बर्तन और कंबल ,मैटर्स के साथ-साथ जरूर का सामान विस्तृत किया जा रहा है उन्होंने कहा कि मिशन मंडी जिला के आपदा प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित कर रहे हैं उन्होंने कहा कि विश्व जागृति मिशन के संस्थापक श्री सुधांशु महाराज जी के आदेश अनुसार आपदा प्रभावित परिवारों को मदद की जा रही है उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में कुल्लू मनाली में आपदा के वक्त भी मुख्यमंत्री राहत कोष में 10 लाख रुपए का चेक भेंट किया गया था उधर नेता विपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने विश्व जागृति मिशन के सेवा कार्यों की सराहना की है उन्होंने कहा कि सिराज विधानसभा क्षेत्र में आपदा प्रभावित परिवारों के लिए विश्व जागृति मिशन के द्वारा राहत सामग्री वितरित की जा रही है जिससे सिराज विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावितों की मदद विभिन्न संस्थाएं कर रही है वहीं विश्व जागृति मिशन के संस्थापक श्री सुधांशु महाराज के सहयोग से प्रभावित परिवारों को दिए जा रहे राहत सामग्री के कार्य के लिए आभार प्रकट किया है।

## मंडी में घने जंगल में फंसे 4 टूरिस्ट, रात में रास्ता भटके, पुलिस और एसडीआरएफ ने 4 घंटे में निकाला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मंडी, 13 जुलाई।** मंडी पुलिस और एसडीआरएफ ने संयुक्त अभियान में 4 मील के घने जंगल से चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। शनिवार रात को सड़क बंद होने के कारण तीन पंजाब के टूरिस्ट और एक धर्मपुर निवासी पगडंडी के रास्ते पैदल निकल पड़े।

कुछ स्थानीय लोगों के पीछे चल रहे ये लोग रास्ता भटक गए। स्थानीय लोग आगे निकल गए और ये चारों जंगल में फंस गए। करीब 6 घंटे जंगल में बिताने के बाद एक टूरिस्ट ने सदर थाना मंडी को फोन कर मदद मांगी।

रात 10 बजे सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर देशराज के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

चार घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद तीन टूरिस्ट को मंडी गुरुद्वारा पहुंचाया गया। धर्मपुर निवासी को प्राइवेट वाहन से घर भेजा गया। तहसीलदार भी मौके पर मौजूद रहे।

### डर के मारे पेड़ को पकड़कर बैठे थे

दो घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद दो टूरिस्ट की आवाज सुनाई दी। वे डर के मारे एक पेड़ को पकड़कर बैठे थे। पुलिस ने टॉर्च और डंडों की मदद से उन्हें गहरी खाई से बाहर निकाला ड्बाकी दो लोगों को पुलिस ने पास के क्षेत्र से रेस्क्यू किया। इस दौरान एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई। दोनों टीमों ने मिलकर चारों को सुरक्षित मुख्य सड़क तक पहुंचाया और पानी पिलाया।

### अनंगपुर गांव बचाने को लेकर महापंचाय का किया आयोजन

# महापंचायत का निर्णय: एक माह में वन क्षेत्र से अनंगपुर को नहीं किया बाहर तो किया जाएगा बड़ा आंदोलन

अर्थ प्रकाश/ दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** अनंगपुर को एक माह में वन क्षेत्र से बाहर नहीं किया गया, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। यह प्रस्ताव अनंगपुर संघर्ष समिति के महापंचायत में लिया गया है।महापंचायत सूरजकुंड गोल चक्कर के समीप आयोजित की गई। पंचायत में गांव को वन क्षेत्र से बाहर निकालकर मास्टर प्लान 2031 में शामिल करने का प्रस्ताव मंजूर किया गया।

महापंचायत की अध्यक्षता पालम 360 के प्रधान सुरेंदर सोलंकी और 52 पाल के अध्यक्ष अरुण जेलदार ने की। महापंचायत में उत्तर प्रदेश, राजस्थान के विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लेकर अनंगपुर में की गई निर्माणों के खिलाफ हुई कार्रवाई का विरोध किया। महापंचायत का मंच संचालन कांग्रेसी नेता विजय प्रताप ने किया। महापंचायत में मुख्य रूप से रोहतक के सांसद दीपेंदर हुड्डा, पूर्व उप मुख्मंत्री दुष्यंत चौटाला, पूर्व प्रदेश शिक्षा मंत्री गीता भुक्कल, उत्तरप्रदेश कैराना की सांसद इकरा हसन, दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज, गुर्जर आरक्षण समिति के अध्यक्ष विजय बैसला, सोनीपत से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, नूंह विधायक आफताब अहमद, पूर्वमंत्री करन दलाल, कांग्रेस सीडब्ल्यूसी के गुरदीप सिंह सप्पल, राष्ट्रीय किन्नर समाज , अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की पथिक सेना के अध्यक्ष मुखिया गुर्जर सहित कई लोगों एवं राजनैतिक पार्टियों ने महापंचायत को समर्थन दिया।

**मुआवजे का प्रस्ताव पासः** 360 पालम के प्रधान सुरेंदर सोलंकी ने कहा कि अनंगपुर सहित अरावली में गिराए गए निर्माणों के मालिकों को मुआवजा दिया जाए।इसके अलावा अनंगपुर गांव का 4500 एकड़ रकबा है। इनमें से 2467 एकड़ वन पीएलपीए के अंतर्गत आता है। गांव के लोग वन विभाग को दो हजार एकड़ जमीन देने को तैयार हैं। शेष 2500 एकड़ जमीन को वन क्षेत्र से बाहर किया जाए। इसे ग्रामीणों के उपयोग के लिए छोड़ा जाए। सरकार विधानसभा एवं लोक सभा में अध्यादेश लाकर गांव को वन विभाग से निकाला जाए। इसके अलावा अनंगपुर गांव को मास्टर प्लान 2031 में शामिल किया जाए। महापंचायत में सर्व सम्मति से मांगे पूरी होने तक धरना जारी रखने का फैसला लिया गया। पंचायत में प्रस्तावित मांगों को सरकार को पूरा करने के लिए 30 दिनों का समय दिया गया है। यदि इस दौरान सरकार मांगों को नहीं मानती है, तो धरना आंदोलन का रूप लेगा।

**जनप्रतिनिधियों ने रखे अपने सुझाव:** कैराना की सांसद ने इकरा हसन कहा कि अनंगपुर का इतिहास 1300 वर्ष पुराना है और अनंगपाल तोमर ने स्थापना की है। इन्हें तोड़ना बिल्कुल गलत है। यदि आवश्यकता पड़ी तो आंदोलन किया जाएगा। रोहतक के सांसद दीपेंदर हुड्डा ने कहा कि अनंगपुर संघर्ष समिति का अपने घरों को बचाने का संघर्ष सफल होगा। यह अपने अस्तित्व को बचाने का संघर्ष है। अगर सरकार अन्याय करेगी तो कांग्रेस पार्टी के 37 विधायक और 5 सांसद चंडीगढ़ से लेकर दिल्ली तक न्याय की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने महापंचायत से आह्वान किया कि सरकार को समय सीमा दी जाए और उसके अनुरूप इस लड़ाई को विधानसभा से लेकर संसद तक आगे बढ़ाया जाए। भारतीय किसान यूनियन के राकेश टिकैत, पूर्व मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि अनंगपुर को बचाने के लिए हम सभी को संगठित होना होगा और गांव को बचाने की लड़ाई दोनों सदनों के अलावा सड़क पर सामाजिक तौर से भी लड़नी होगी। अनंगपुर के निवासियों के साथ गलत हुआ है और उनका समर्थन पूरी तरह अनंगपुर संघर्ष समिति के साथ है। गुरुग्राम में बिल्डर के मॉल को बचाने के लिए रातोरात कानून बदला गया है। इसी प्रकार अनंगपुर के निवासियों को बचाने के लिए सरकार को विशेष सत्र बुलाना चाहिए और सरकार को सुप्रीम कोर्ट में अनंगपुन की पैरवी करनी चाहिए। तोड़फोड़ को रुकवाना चाहिए। भारतीय किसान यूनियन के गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि खोरी गांव में हुई तोड़फोड़ के दौरान भी बड़े होटलों को नहीं तोड़ा गया। सरकार का पक्षपात पूर्ण रवैया पूरी तरह गलत है।दिल्ली आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज कहा कि तीन साल पहले काले कानूनों के खिलाफ लड़ाई शुरू की थी। सबको एक होना पड़ेगा। सरकार को झुकना होगा। सरकार कोर्ट गई थी। उन्होंने मामले को गलत तरह से पेश किया। सरकार को लोगों के लिए लड़ना चाहिए। सरकार कुछ भी कर सकती है।

**करीब 100 गांव हैं अरावली में :**अरावली क्षेत्र में नूंह, फरीदाबाद और गुरुग्राम के करीब 100 गांव हैं। इनमें 50 गांव नूंह, 20 गांव फरीदाबाद और 20 गांव गुरुग्राम में हैं। इन सब भी तोड़फोड़ की तलवार लटकी हुई है। हालांकि वन विभाग का ध्यान अभी केवल फरीदाबाद में हैं, लेकिन आने वाले समय में इन दोनों जिलें पर भी रहेगा।

# फरीदाबाद, पलवल और मेवात के नव पदोन्नत प्राचार्य सीख रहे हैं, नेतृत्व के गुण

अर्थ प्रकाश/ दयाराम वशिष्ठ



फरीदाबाद।राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, हरियाणा गुरुग्राम के दिशा निर्देशन पर राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय सेक्टर 16 में नवपदोन्नत प्राचार्यों हेतु 12 दिवसीय *परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम* का आयोजन किया जा रहा है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) पाली, फरीदाबाद के प्राचार्य कम जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल के मार्गदर्शन में 7 जुलाई से 19 जुलाई तक यह प्रशिक्षण चल रहा है। जिसमें फरीदाबाद से 20, पलवल से 24 और मेवात से 10 अर्थात कुल 54नवपदोननत प्राचार्य भाग ले रहे हैं। दो सप्ताह के इस प्रशिक्षण का एक सप्ताह पूर्ण हो चुका है। यहां सभी नव पदोन्नत प्राचार्य को विद्यालय प्रबंधन की छोटी-छोटी बारीकियां और बड़ी-बड़ी योजनाओं के सभी निर्देशों को बड़ी आसानी से समझाया जा रहा है।

ट्रेनिंग समन्वयक सुषमा कुमारी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता के लिए स्थानीय मास्टर ट्रेनर के अलावा दूर दूर से विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। हरियाणा सिविल सर्विस रूल 2016 में प्रवीण कुमार द्वारा पे फिक्सेशन, एसीपी, अपार/एसीआर, पेंशन आदि पर पीपीटी के माध्यम से गहनता से चर्चा करवाई जा रही है। नरेंद्र कुमार द्वारा यू डाइस और पीएफ एमएस पर प्रस्तुति को सभी ने बहुत सराहा।

एचआरएमएस पर पूरी जानकारी संदीप रोहिल्ला के द्वारा दी गई। इस प्रशिक्षण में श्री गगनदीप द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, एनवीसी, आरटीआइ पर दिए प्रस्तुति ने उपस्थित प्राचार्य को जागरूक किया।

डाइट मेवात से आए डॉक्टर प्रमोद स्वेट और विद्यालय नेतृत्वकर्ताओं में सामाजिक और संवेगात्मक बुद्धिमता की आवश्यकता पर बल दिया। हेमंत कुमार ने अपने सत्र में विद्यार्थियों के लिए लाभदायक योजनाएं, नैतिकता और मूल्य, स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के बारे में विस्तार से बताया। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित डॉक्टर अविनाश शर्मा ने इस प्रशिक्षण में पहुंचकर सभी के साथ फरीदाबाद की परख रिपोर्ट सांझा की। उनके द्वारा पहले से तीसरी कक्षाओं के लिए बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर प्रभावी विचार विनिमय किया गया। कुशल शिक्षाविद और पूर्व डीपीसी डीसी चौधरी द्वारा तनाव को समाप्त करने में योग की भूमिका का महत्व बताते हुए प्राचार्य को हस्त मुद्राएं और उनके उपयोगी प्रयोग के बारे में बताया गया। 7 जुलाई से चल रहे इस प्रशिक्षण की सुबह की शुरुआत इस वंदना से होती है। इसके बाद प्रतिभागियों द्वारा पिछले सत्रों का फीडबैक प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण ले रहे नव पदोन्नत प्राचार्य इस प्रशिक्षण में मिल रही नवीन जानकारी से बहुत खुश हैं । यहां कर उन्हें अपने क्षेत्र के विशेषज्ञों के अनुभव सुनने को मिल रहे हैं जिसे वे अपने विद्यालय में क्रियान्वित करके कुशल प्राचार्य साबित हो सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पलवल जिले के हरफली गांव में जिला-स्तरीय गतका प्रतियोगिता का आयोजन



**फरीदाबाद (दयाराम वशिष्ठ)।** पलवल जिले के हरफली गांव में आज गतका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिसा लिया। आयोजन गतका एसोसिएशन ऑफ पलवल के अध्यक्ष मनप्रीत सिंह, महासचिव जरनैल सिंह, कोषाध्यक्ष प्रेम निगम ने करवाया। मनप्रीत सिंह ने बताया कि गतका एक सिख मार्शल आर्ट गेम है और ये आत्मरक्षा के लिए बहुत अच्छा खेल है और इसमें शरीर का स्वास्थ्य अच्छा रहता है। मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट नरेंद्र सिंह कंग, डॉ. दिनेश कुमार (प्रमुख, कंप्यूटर साइंस) पं.एल.आर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस कबूलपुर फरीदाबाद मौजूद रहे। इस मौके पर हरभजन सिंह विजय मेहरा और गांव हरफली के सरपंच चौधरी करण सिंह, निरंजन सिंह (समाजसेवी), चरण सिंह, राजू छोंकर, नानक सिंह, रामचंद छोंकर, प्रताप सिंह आदि मुखिया रूप से मौजुद रहे। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने प्रतिभा का परिचय दिया। इनमें 11 साल से कम उम्र के लड़कों में प्रथम जितेश गुरप्रीत सिंह दूसरे व केशव तीसरे स्थान पर रहा। अंडर 11 लड़कों में प्रशांत प्रथम, हर्ष दूसरे व विनय तीसरे स्थान पर रहा। इसी तरह14 वर्ष से कम उम्र के लड़के फ़री सोती मुझसे लड़ो में आदेश पहले, गुलविंदर सिंह दूसरे व पुनित तीसरे स्थान पर रहा।

### होटल में देह व्यापार मामले में मैनेजर गिरफ्तार

**रेवाड़ी (अप्रस)।** थाना शहर रेवाड़ी पुलिस ने होटल में देह व्यापार कराने के मामले में होटल की महिला मैनेजर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी महिला मैनेजर को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जांचकर्ता ने बताया कि गत 12 जुलाई को पुलिस को सर्कुलर रोड़ स्थित नाईवाली चौक पर होटल ओम रेजिडेंसी में देह व्यापार होने की सूचना मिली थी। इस पर डीएसपी हेडक्वार्टर डॉ रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने बोगस ग्राहक के जरिए कार्यवाही की थी। इस पर पुलिस ने वहां से दो महिलाओं को बरामद करके होटल मालिक और मैनेजर के खिलाफ थाना शहर रेवाड़ी देह व्यापार की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके मामले में आरोपी महिला मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी महिला मैनेजर को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस इस मामले में जल्द संबंधित होटल मालिक को गिरफ्तार कर लेगी।

# सदैव हमारी यादों में बने रहेंगे शहीद लोकेंद्र सिंह सिंधु : नायब सिंह सैनी

अर्थ प्रकाश/ सुकरमपाल



**रोहतक, 13 जुलाई।** मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने कहा है कि शहीद स्क्वार्डन लीडर लोकेंद्र सिंह सिंधु सदैव हमारी यादों में रहेंगे। मुख्यमंत्री आज देव कॉलोनी स्थित स्क्वार्डन लीडर शहीद लोकेंद्र सिंह सिंधु के घर पहुंचे, उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। परिवार जनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और उनका ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि लोकेंद्र सिंह सिंधु सेना के जांबाज अधिकारी थे। सेना में रहकर वे लगातार देश की सेवा के अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत लोकेंद्र सिंह सिंधु की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इससे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता हरबंस लाल मलिक के घर भी गए। पिछले दिनों बीमारी के चलते हरबंस लाल मलिक का निधन हो गया था। उन्होंने हरबंस लाल मलिक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। इस दौरान हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस दौरान हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पूर्व सांसद जनरल डीपी वत्स, भाजपा के वरिष्ठ नेता मनीष कुमार ग्रोवर, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेंद्र फोगाट, ओएसडीए वीरेंद्र बडख़ालसा, पार्टी की प्रदेश सचिव रेनू डाबला, राजकमल सहगल, पूर्व मीडिया कोऑर्डिनेटर राजकुमार कपूर, शहीद लोकेंद्र सिंह सिंधु के दादा बलवान सिंह सिंधु, पिता जोगेंद्र सिंह सिंधु, बड़े भाई ज्ञानेंद्र सिंह सिंधु, माता अनीता देवी, पत्नी सुरभी व बहन अंजली के अलावा भाजपा नेता मनोज मक्कड़, दीपू नागपाल, सतीश मलिक, शिवराज मलिक, शैलेंद्र मलिक व सचिन मलिक, कर्ण सिंह दलाल, पार्षद रमेश बोहर, ईश्वर सिंगल, विकास बंसल, सुनील फोगाट, कुलविंदर सिक्का व एडवोकेट अंकुश बिड्डू साहसी के अलावा उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया, रोहतक के एसडीएम आशीष कुमार व जिला सैनिक बोर्ड की सचिव गोरिका सुहाग सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सिरसा में खाद की कालाबाजारी कर रहे दुकानदार को सीएम फ्लाइंग ने रंगे हाथों पकड़ा

खाद किल्लत की आड़ में कंपनियां व दुकानदार किसानों का कर रहे हैं शोषणः लखविंदर औलख

अर्थ प्रकाश/ राजेंद्र कुमार



**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा की अनाज मंडी में मैण् सोहनलाल विनोद कुमार बूथ नंबर 41 पर आज सीएम फलाईग ने दबिश देकर खाद की कालाबाजरी के गोरखधंधें का भंडाफोड किया है। सीएम फ्लाइंग ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट परमजीत सिंह व सब इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह सीएम फ्लाइंग हिसार व लोकल पुलिस के साथ मौके पर पहुंच कर दुकानदार को रंगे हाथों 3200 रुपए में 10 गट्टे खाद बेचते हुए पकड़ा।

भारतीय किसान एकता ;बीकेईद्ध के प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने बताया कि किसानों को 1800 रुपए प्रति बैग डीएपी और 350 रुपए प्रति बैग तक यूरिया बेची जा रही है। मजबूर व लाचार किसानों को लुटवाने के लिए अनाज मंडी के कई आढ़ती भी दुकानदारों से मिले हुए हैं। निम्न क्वालिटी के फर्टिलाइजरए बायोफर्टिलाइजर व पेस्टिसाइड्स की खाद के साथ टैगिंग की जा रही है। औलख ने कहा कि नई अनाज मंडी सिरसा में स्थित दुकान मैण् सोहनलाल विनोद कुमार बूथ नंबर 41 की बार.बार शिकायत आ रही थी कि किसानों को ऊंचे रेटों पर डीएपी व यूरिया खाद बेची जा रही है। कई किसानों को खाद के साथ निम्न क्वालिटी के उत्पादों की टैगिंग की जा रही हैए जिस पर संज्ञान लेते हुए सीएम फ्लाइंग को शिकायत की गई। सीएम फ्लाइंग द्वारा नोटों के नंबर नोट करके आज एक ग्राहक भेजा गयाए जिसको उक्त दुकानदार ने 320 रुपए प्रति बैग के हिसाब से 10 गट्टे यूरिया 3200 रुपए में बेची गई। सीएम फ्लाइंग ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट परमजीत सिंह व सब इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह की अगुवाई में टीम ने मौके पर पहुंच कर दुकानदार को रंगे हाथों 3200 रुपए में 10 गट्टे बेचते हुए पकड़ लिया। बीकेई अध्यक्ष लखविंदर सिंह ने खाद व अन्य उत्पादों की कालाबाजारी में कृषि विभाग के स्थानीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए हैं।

# गांव चौटाला में जुआ राशि व ताश सहित चार जुआरी काबू

अर्थ प्रकाश/ राजेंद्र कुमार

सिरसा। सिरसा जिला के गांव चौटाला में सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेलने व सट्टा खाईवाली करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए स्टाफ डबवाली टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर रेड करके सार्वजनिक जगह पर जुआ खेल रहे 04 आरोपियों को सात हजार नो सौ रुपए की जुआ राशि व ताश के पत्तों के साथ काबू करने में सफलता हासिल की है ।

जानकारी देते हुए प्रभारी सीआईए स्टाफ डबवाली उप निरीक्षक राजपाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान विनोद उर्फ काली पुत्र जगरूप सिंहएधर्मपाल उर्फ बीरू पुत्र डूंगरमलएमनीष उर्फ गेट पुत्र महेन्द्र निवासियान गांव चौटाला व राकेश कुमार उर्फ रिटू पुत्र सोहनलाल निवासी करणीसर सहजीपुरा जिला हनुमानगढ़ राजस्थान में हुई है । उन्होने बताया कि एएसआई पालाराम अपनी पुलिस टीम सिपाही विजय कुमारए सिपाही अजय एसपीओ प्रेमचन्द के साथ गस्त पड़ताल अपराध के लिए नजदीक बस अड्डा गांव चौटाला पर मौजूद थे इस दौरान एएसआई को महत्वपूर्ण सूचना मिली के गांव चौटाला में गौशाला के नजदीक चारा मंडी मे कुछ लोग जगह सरेआम जुआ खेल रहे हैं । उक्त सूचना को पाकर एएसआई ने अपनी टीम के साथ उक्त जगह पर दबिश देकर सार्वजनिक जगह पर जुआ खेल रहे चार लोगों को सात हजार नो सौ रुपए की जुआ राशि व ताश सहित काबू कर लिया । जिस सम्बन्ध में पकड़े गये आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत थाना सदर अभियोग में दर्ज किया गया जाकर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई गई ।

### 200 बिस्तर के सरकारी अस्पताल का मामला

# हैड रामगढ़ भगवानपुर चौक से ग्रामीणों ने निकाला पैदल मार्च

अर्थ प्रकाश संवाददाता




रेवाड़ी। रेवाड़ी शहर का सरकारी अस्पताल निचले हिस्से में होने की वजह से उसमें बरसाती जलभराव की समस्या से जूझते मरीजों और उनके परिजनों के दर्द को महसूस करते हुए नई जगह 200 बिस्तर का सरकारी अस्पताल बनाने की मांग अब भाजपा नेताओं के लिए ही गले की फांस बनती जा रही है।

गत 15 जून को रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण सिंह यादव की ओर से आयोजित धन्यवाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ, रेवाड़ी विधायक, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह सभी ने सियासी पिच पर जमकर बेटिंग की। उसका परिणाम यह रहा कि धन्यवाद रैली से रेवाड़ी को लाभ होना था, वह तो कम हो गया जबकि लगातार इस क्षेत्र में सियासी नुकसान शुरू हो गया और यह नुक्सान अभी भी जारी है। 15 जून के बाद 29 को रामगढ़ भगवानपुर के लोगों ने 200 बिस्तर वाले अस्पताल उनके यहां बनाने की मांग को लेकर पंचायत बुलाकर नया स्वांग रच दिया। उस पंचायत में कथित रूप से केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और उनकी बेटी हरियाणा स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के अपमान की बयानबाजी ने दक्षिण हरियाणा में राजनीतिक माहौल को गरम कर दिया। रविवार से पूर्व शहबाजपुर खालसा, फिदेड़ी, गोकलगढ़ समेत अन्य गांवों से भी अस्पताल को लेकर मांग उठी मगर रविवार तक इस मामले पर सियासी भूचाल जारी है। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की इस अस्पताल को लेकर एक ऑडियो वायरल किए जाने के बाद अब कांग्रेस के लोस प्रत्याशी रहे राज बब्बर की एंट्री ने इस मामले को पूरी तरह सियासी रंग दे दिया है। अब तक संघर्ष समिति इस धरने के साथ जुड़ी थी मगर बाद में भाजपा के एक पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास, उसके बाद योगेंद्र यादव, पूर्व विधायक चिरंजीव राव, पूर्व मंत्री जगदीश यादव आदि के धरने में शामिल होने के बाद यह संघर्ष राजनीति की भेंट चढ़ गया। यहां हम बता दें कि इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष अशोक भारती भी अपने जिला अध्यक्ष डा राजपाल यादव और उनकी टीम के साथ ग्रामीणों को अपना समर्थन दे चुके हैं। रविवार को रामगढ़ भगवानपुर एन एच 71 के नजदीक भगवानपुर पंचायती जमीन पर 200 बिस्तर का सरकारी हस्पताल बनाने की मांग को लेकर रामगढ़ भगवानपुर धरना स्थल से खराब मौसम के बावजूद रेवाड़ी के लघु सचिवालय तक करीबन 9 किलोमीटर तक सैंकड़ों पुरुष, महिलाओं, छात्रों ने पैदल मार्च में हिस्सा लिया और वहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया।

# पूर्व की सरकारों ने ओबीसी मेहनतकश वर्ग के साथ केवल धोखा किया : कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा

महाराजा गुरु दक्ष प्रजापति जयंती के राज्यस्तरीय समारोह के संयोजक रणबीर गंगवा ने उठाई कई मांग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 जुलाई।** भिवानी में सन्त महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के अन्तर्गत मनाये गए महाराजा गुरु दक्ष प्रजापति जयंती के राज्यस्तरीय समारोह के संयोजक एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा आज का दिन प्रजापति समाज के लिए बड़ा दिन है। उन्होंने अपने सम्बोधन के दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के समक्ष प्रजापति समाज से जुड़ी कई मांगे भी रखी।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रजापति समाज मेहनतकश समाज है, यह मोस्ट बैकवर्ड के अंदर आता है। पूर्व की सरकारों के अंदर इस समाज के साथ बहुत अन्याय हुआ है, लेकिन बीजेपी सरकार ने ना सिर्फ इस समाज को सम्मान दिया, साथ ही हर वर्ग को साथ लेकर आगे ब?ने का काम किया है। पूर्व की सरकारों ने ओबीसी मेहनतकश वर्ग के साथ केवल धोखा किया था, उस समय इस समाज के पास ना तो ज्यादा पॉलिटिकल पॉवर होती थी और ना ही उनके पास पैसा होता था, इसलिए हमारे बच्चे सरकारी नौकरी के योग्य होते हुए भी उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाता था। लेकिन वर्तमान सरकार ने जहां बिना पर्ची, खर्ची इस समाज के युवाओं को सम्मान देने का काम किया, बल्कि बैकलॉग को भरने की दिशा में भी काम किया।

कैबिनेट मंत्री श्री गंगवा ने कहा कि महाराजा गुरु दक्ष प्रजापति जयंती के राज्यस्तरीय समारोह के निमंत्रण के लिए उन्हें 22 जिलों में जाने का मौका मिला। लोगों ने इतनी भागीदारी दिखाई, इसके लिए वो आभारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बैकवर्ड समाज की क्रीमिलेयर ब?ाने की मांग को पूरा किया है। मंच से कैबिनेट मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने प्रजापति समाज को रोहतक के सेक्टर में हरियाणा सरकार की पॉलिसी के अनुसार 1 हजार गज का प्लाट देने की मांग के अलावा, फतेहाबाद में दी गयी आधा एकड़ जमीन के कलेक्टर रेट से सम्बंधित मांग के अलावा अलग अलग एरिया से जु?ी एक दर्जन के करीब मांगे रखी। उन्होंने क्लास वन और क्लास टू की नौकरियों में भी ओबीसी के लिये केंद्र सरकार की तर्ज पर कोटा ब?ाने की मांग रखी। श्री गंगवा ने कहा प्रदेश के वैसे तो सरकार माटी कला बोर्ड के माध्यम से इस समाज के लिए कार्य कर रही हैं, लेकिन इसे और सदृ? करते हुए इसके लिए विशेष बजट रखा जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसी योजनाओं को बनाया जाये, जिससे इस समाज और युवाओं को रोजगार मिल सके तथा इनका उत्थान हो सके। उन्होंने प्रदेश सरकार का आभार जताया कि महाराजा गुरु दक्ष प्रजापति जयंती को राज्य स्तर पर मनाया गया।




# अभियान के दौरान नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार से आए लोग अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं होंगे : चुनाव आयोग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पटना, 13 जुलाई।** भारतीय चुनाव आयोग ( ईसीआई) ने रविवार (13 जुलाई, 2025) को कहा कि बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में घर-घर जाकर की गई जांच के दौरान नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के बड़ी संख्या में लोग पाए गए हैं और ऐसे लोगों के नाम 30 सितंबर, 2025 को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे।




बिहार एसआईआर 25 जून से शुरू हुआ है और बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाताओं को दिए जाने वाले गणना फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई है, जिसके बाद 1 अगस्त को एक मसौदा सूची जारी की जाएगी। चुनाव आयोग ने फॉर्म के साथ प्रमाण के तौर पर जमा करने के लिए 11 दस्तावेजों की सूची दी है, जिनमें आधार, ईपीआईसी या राशन कार्ड शामिल नहीं हैं। हालाँकि, चुनाव आयोग ने कहा है कि मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद दावा अवधि के दौरान भी दस्तावेजी प्रमाण जमा किए जा सकते हैं।

10 जुलाई को, बिहार एसआईआर को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से आधार, मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) कार्ड और राशन कार्ड को भी दस्तावेज़ी प्रमाण के रूप में मानने का आग्रह किया था। इस मामले की अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी, जो 1 अगस्त को मतदाता सूची के मसौदा प्रकाशन से कुछ दिन पहले है।

रविवार (13 जुलाई, 2025) को चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया कि बिहार में एसआईआर के दौरान घर-घर जाकर किए गए सर्वेक्षण में बीएलओ को बड़ी संख्या में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के लोग मिले हैं। सूत्रों ने कहा, ÷1 अगस्त, 2025 के बाद उचित जाँच के बाद 30 सितंबर, 2025 को प्रकाशित होने वाली अंतिम सूची में उनके नाम शामिल नहीं किए जाएँगे।÷

चुनाव आयोग ने शनिवार (12 जुलाई, 2025) को कहा था कि 100त्न छपाई पूरी हो चुकी है और सभी मतदाताओं को, जो अपने पते पर पाए गए, ईएफ का वितरण लगभग पूरा हो चुका है। शनिवार (12 जुलाई, 2025) शाम 6 बजे तक संग्रह 6,32,59,497 या 80.11त्न को पार कर गया। ÷इसका मतलब है कि बिहार में हर पाँच में से चार मतदाताओं ने ईएफ जमा कर दिया है,÷ आयोग ने कहा।

इस उद्देश्य के लिए सीईओ द्वारा सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में 38 जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ), निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) और 963 सहायक ईआरओ (एईआरओ) सहित क्षेत्र स्तरीय टीमों की बारीकी से निगरानी की जा रही है।

# हरियाणा के नूंह में 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद, ब्रजमंडल यात्रा को लेकर आदेश

## दिन में डीजल से भरे 87 कैन पकड़े, 2 साल पहले हिंसा हुई थी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नूंह, 13 जुलाई।** हरियाणा के नूंह (मेवात) में कल होने वाली ब्रजमंडल यात्रा को देखते हुए इंटरनेट बंद कर दिया गया है। इस दौरान बल्क एसएमएस की सेवाएं भी सस्पेंड रहेंगी। यह आदेश 13 जुलाई की रात 9 बजे से 14 जुलाई रात 9 बजे तक यानी 24 घंटे के लिए लागू रहेंगे।

हालांकि इस दौरान बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज से जुड़ी स्स्र्स सुविधाएं पहले की तरह जारी रहेंगी। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव के मुताबिक कानून व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए यह आदेश दिए गए हैं।

सरकार के इस आदेश से पहले नूंह में रविवार को डीजल से भरी 87 कैन बरामद की गई। इन्हें पेट्रोल पंप पर भरवाया जा रहा था। पुलिस ने पेट्रोल पंप के मैनेजर जितेंद्र, सेल्समेन आमिर और उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर के रहने वाले सूर्य प्रकाश उर्फ सौरभ को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में वह इसके बारे में कोई ठोस जवाब नहीं दे सके। नूंह के डीएसपी देवेंद्र सिंह ने इनकी गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि बृजमंडल जलाभिषेक यात्रा के कारण खुले में डीजल-पेट्रोल बेचने पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। तीनों से पूछताछ की जा रही है।

वहीं सरकार ने हिंसा के आरोपी रहे फरीदाबाद के हिंदू संगठन के नेता बिट्टू बजरंगी के भी यात्रा में शामिल होने पर रोक लगा दी है। नूंह प्रशासन ने उसे इजाजत नहीं दी है। जिसको लेकर बिट्टू बजरंगी ने हाईकोर्ट में भी याचिका दायर कर रखी है।

बता दें कि साल 2023 में ब्रजमंडल यात्रा के दौरान नूंह में हिंसा हो गई थी। जिसमें 7 लोगों की मौत भी हुई थी। इसके बाद कल (14 जुलाई) को होने वाली यात्रा में किसी तरह की गड़बड़ी न हो, इसके लिए सरकार के ये आदेश आए हैं।

इसके अलावा ष्टरूनायब सैनी ने यात्रा के रूट पर आने वाली मीट की दुकानें और मीट की फैक्ट्री भी बंद रखने के ऑर्डर जारी किए हैं। सुरक्षा के लिहाज से ढाई हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा इस बार नाके भी बढ़ाए गए हैं। नूंह में सोमवार को होने वाली ब्रजमंडल यात्रा को लेकर भारी वाहनों की एंट्री बंद कर दी गई है। विभिन्न स्थानों से नूंह आने वाले भारी वाहनों को ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा समाप्त होने के बाद ही नूंह लाने को कहा गया है। यात्रा के दौरान उन्हें नूंह में एंट्री की परमिशन नहीं मिलेगी।

# 'परिवर्तन प्रकृति का अपरिवर्तनीय नियम है' जबकि रूढिवादी लोग प्रगतिशील नहीं होते, हम प्रगतिशील समाज : विज

''मैं माननीय सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश श्री बी. आर. गवई द्वारा न्याय व्यवस्था में सुधार करने के लिए कही गई टिप्पणी का स्वागत करता हूं'' - ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज

''सुधार प्रकृति का नियम है और सुधार करते-करते हम यहां तक पहुंचे है क्योंकि हम भारतीय प्रगतिशील समाज है''- अनिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 जुलाई।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज माननीय सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश श्री बी. आर. गवई द्वारा न्याय व्यवस्था में सुधार करने के लिए कही गई टिप्पणी का स्वागत किया और कहा कि सुधार प्रकृति का नियम है और सुधार करते-करते हम यहां तक पहुंचे है क्योंकि हम भारतीय प्रगतिशील समाज है।




श्री विज आज मीडिया कर्मियों द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश श्री बी. आर. गवई द्वारा दिए गए ब्यान कि 'भारतीय न्याय व्यवस्था को सुधार की सख्त जरूरत है, क्योंकि वह अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही है, जिनमें दशकों तक चलने वाले मुकदमे भी शामिल हैं', के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्य न्यायाधीश ने न्याय व्यवस्था में सुधार करने की बात कही है और इसका मैं समर्थन तथा स्वागत करता हूं।

**ठेले में सुधार करते-करते हमने हवाई जहाज बनाया, सुधार किया जाना जरूरी:** उन्होंने उदाहरण देकर समझाते हुए कहा कि हमारी पुरानी सभ्यता थी, और सुधार करके ही हम यहां तक पहुंचे हैं। पहले सती प्रथा थी उसमें सुधार किया गया, और तीन तलाक में सुधार किया गया। इसी प्रकार, उन्होंने बताया कि पहले ठेले चलते थे, उसमें सुधार करके साइकिल बनाई गई, साइकिल से स्कूटर बनाया है, स्कूटर में सुधार करके कार बनी और कार में सुधार करके हवाई जहाज बनाया गया अर्थात सुधार प्रकृति का नियम है और सुधार किया जाना बहुत जरूरी है।

**देश के गृह मंत्री अमित शाह ने अंग्रेजों के समय के बने कानूनों में सुधार कर बदलाव किया:** श्री विज ने कहा कि समयानुसार जब ये प्रणाली बनी थी, उस वक्त की व्यवस्थाएं और समस्या भिन्न थी परन्तु आज की स्थिति में समस्याएं अलग है क्योंकि कई नए प्रकार के अपराध पनप रहे हैं जिनके लिए अलग किस्म से सजा होनी चाहिए। इसी को मदेनजर रखते हुए देश के गृहमंत्री अमित शाह ने अंग्रेजों के समय के बने हुए कानून में सुधार करके बदलाव किया है। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि पहले दादा केस दाखिल करता था और पोते के समय में फैसला आता था अब 3 साल में केस का फैसला आएगा।

**'परिवर्तन प्रकृति का अपरिवर्तनीय नियम है' जबकि रूढिवादी लोग प्रगतिशील नहीं होते, हम प्रगतिशील समाज:** ऊर्जा मंत्री ने कहा कि समय के अनुसार बदलाव की बहुत ज्यादा जरूरत है क्योंकि Change is the unchangeable law of nature अर्थात 'परिवर्तन प्रकृति का अपरिवर्तनीय नियम है' है। श्री विज ने कहा कि जो विरोध करते हैं वह रूढिवादी लोग हैं और रूढिवादी लोग प्रगतिशील नहीं होते जबकि हम प्रगतिशील समाज है और समय के अनुसार बदलाव होते रहना चाहिए। इसलिए मैं चीफ जस्टिस महोदय जी की इस बात का समर्थन करता हूं।

## जंगल एरिया में मिला एक महीने पुराना मानव कंकाल

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** सैक्टर 44 स्थित पेट्रोल पंप के पास जंगल एरिया में उस वक्त हड़कंप मच गया।जब जंगल में एक महीने पुराना मानव कंकाल मिला। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मिला कंकाल एक महीने पुराना लग रहा है। बदबू आने पर राहगीर को पता चला। वही मौके पर पहुंची पुलिस को एक बैग और जूते मिले है।कंकाल अर्धनग्न हालात में था। पुलिस को एक आधार कार्ड भी मिला। पुलिस ने कंकाल को अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है।और हर एंगल से जांच पड़ताल कर रही है।हत्या की आशंका जताई जा रही है। लेकिन जांच के दौरान एक्सपर्ट द्वारा ही बताया जाएगा।और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।




## आर पी मल्होत्रा तीसरी बार फोरा अध्यक्ष चुने गए

**पंचकूला (अप्रस)।** फोरा फेडरेशन आफ रेजिडेंट एसोसिएशनज पंचकूला के पदाधिकारियों का 2025 - 28 की टर्म के लिए चुनाव रविवार को गीता मंदिर सेक्टर 11 में बहुत शांतिपूर्ण व विधिवत तरीके से सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष आर पी मल्होत्रा, महासचिव भारत हितैषी और वित्त सचिव एन के शर्मा निर्विरोध चुने गए। चुनाव तीन मुख्य पदाधिकारियों के लिए किया गया जिसकी अधिसूचना 26 जून 2025 को सभी रजिस्टरड सदस्यों के लिए जारी कर दी गई थी। हरिवंश गुप्ता जो कि सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर है को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था। वार्षिक आम सभा में 38 संस्थाओं में से 33 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। चुनाव अध्यक्ष, जनरल सेक्रेटरी व फाइनेंस सेक्रेटरी के पदों के लिए किए गए। चुनाव अधिकारी ने एक एक करके तीनों पदों के लिए उपस्थित सदस्यों में से नामांकन पत्र आमंत्रित किए। अध्यक्ष के लिए आर पी मल्होत्रा, जनरल सेक्रेटरी के लिए भारत हितैषी और फाइनेंस सेक्रेट्री के लिए एन के शर्मा के नाम आगे आए।

तुम जियो हजारों साल



नमिश सहगल को उनके जन्मदिन पर परिवार, सगे संबंधियों व दोस्तों की ओर से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)